हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



न्यू ईयर स्पेशल 2026

## भोपाल का ग्रीन कवर भी घट गया

- वर्ष 2005 से 2015 के दशक में हर साल 20 हजार पेड़ कटे
- 2015 से 2025 में हर साल 60 हजार पेड़ काटे गए
- हजारों पेड़ नगर निगम समेत सरकारी एजेंसियां काट रही बेहद सस्ते में

राजधानी की हरियाली के एक हिस्से को दर्शाता भदभदा से रातीबड़ रोड का दृश्य ड्रोन शॉट : मनिंदर सिंह

## नया साल...सांसों का सवाल

इस साल का सबसे बड़ा मुद्दा रहा-प्रदूषण। सुप्रीम कोर्ट तक को इस विषय में व्यवस्था देनी पड़ी। दिल्ली जैसे महानगरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स इतनी खराब हालत में है कि वहां दम घुट रहा है। ऐसी ही दमघोंटू हवा हमारे लगभग सारे शहरों-महानगरों में हम बना रहे हैं। हम उन उदाहरणों ने सीखने को तैयार नहीं हैं, जो हमारे आसपास ही हैं। मप्र में ऐसे कई छोटे शहर हैं, जो अपनी वायु को पूरी तरह से शुद्ध रखे हुए हैं। वहां पेड़ों का रखरखाव है। धूल व धुएं पर नियंत्रण है। कचरे का सही निषादन है। सड़कों की धुलाई है। और, सबसे बड़ा कि वहां के नागरिकों में नागरिकता का बोध प्रबल है। क्योंकि, वे जानते हैं कि यह उनकी सांसों का सवाल है। और, सांसों के लिए सरकार की तरफ नहीं ताका जा सकता है। अब नए साल में अपनी सांसें चलने देनी हैं तो प्रदूषण से लड़ाई लड़नी ही पड़ेगी। इसलिए, हरिभूमि भोपाल इस नए साल के पहले दिन आपको बता रहा है कि आप लड़ना जानते हैं तो प्रदूषण से लड़ें और नहीं जानते तो कुछ उदाहरणों से सीखें। मगर, लड़ें जरूर, क्योंकि यह सांसों का सवाल है।

### [ नए साल की नई लड़ाई...प्रदूषण से लड़ें...आगे बढ़ें ]

# महानगर सीखें छोटे शहरों से...जबलपुर और दमोह दोनों शहरों की सबसे 'शुद्ध हवा'

1. यहां रात में सड़कों की नियमित धुलाई होती है
2. निगम ने 1 लाख में बना डाली वायर स्प्रे मशीन
3. इस मशीन से पेड़ों पर, सड़कों पर लगातार छिड़काव
4. प्रशासन व स्वयंसेवी संस्था लगातार कर रहीं पौधरोपण
5. महापौर के निर्देश पर निर्माण स्थलों को कवर्ड किया गया



जबलपुर से अनुरोध पटेरिया

छोटे शहर प्रदूषण से लड़ाई पूरी शिद्दत से लड़ रहे हैं। जबलपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई वर्तमान में 'अच्छी' श्रेणी में दर्ज किया गया है। यह संकेत है कि शहर की हवा स्वच्छ है और आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल बनी हुई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जबलपुर में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म प्रदूषक कण निर्धारित मानकों के भीतर पाए गए हैं। बेहतर वायु से श्वसन बीमारियों का खतरा कम होता है। महापौर जगत बहादुर सिंह के नेतृत्व में नगर निगम ने कबाड़ से कमाल की पहल करते हुए लगभग 60 लाख रुपए की लागत वाली वाटर स्प्रे मशीन को निगम के कबाड़ से एक लाख रुपए से भी कम लागत में तैयार किया है, जिससे वायु प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी गति मिली है।

**31 दिसंबर को इन शहरों का एक्यूआई**

| शहर | एक्यूआई |
|---|---|
| दमोह | 37 |
| जबलपुर | 85 |
| सागर | 138 |

इंदौर प्रदेश का सबसे बड़ा और स्वच्छतम शहर है लेकिन इसे देश के सबसे प्रदूषित शहरों में भी गिना जाता है। यहां औद्योगिकीकरण, बढ़ती आबादी, और वाहनों की संख्या में वृद्धि के कारण वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इंदौर में पीएम 2.5 और पीएम 10 (वायु में सूक्ष्म कण) की मात्रा अक्सर मानक से अधिक रहती है, जो श्वसन समस्याओं को बढ़ा सकती है।



जबलपुर में फॉगिंग मशीन शहर की हवा को लगातार स्वच्छ बना रही है। इससे शहर का एक्यूआई मॉडरेट स्तर पर बना रहता है



शहर सरकार नियमित रूप से सड़कों की धुलाई कराती है, जिससे धूल के कण खत्म होते हैं और शहरवासियों को साफ हवा मिलती है

**एयर क्वालिटी इंडेक्स**

**50** से कम एक्यूआई
उत्कृष्ट वायु गुणवत्ता

**100** के भीतर एक्यूआई
शहरों में निरंतर सुधार आवश्यक

### 'मिशन ग्रीन दमोह' ने बदल दी तस्वीर

ताजी और शुद्ध हवा के लिए पहचाना जाने वाला दमोह जिले ने नई उपलब्धि हासिल की है। आज दमोह का एक्यूआई घटकर 37 दर्ज किया गया, जो उत्कृष्ट वायु गुणवत्ता को दर्शाता है। विशेषज्ञों के अनुसार दमोह की इस सफलता के पीछे 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई जलस्तर सुधार एवं व्यापक पौधरोपण मुहिम का बड़ा योगदान है। मिशन ग्रीन दमोह के संरक्षक सिद्धार्थ मलैया ने बताया कि बुंदेलखंड में गिरते जलस्तर को सुधारने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया था, जिसके तहत अब तक लाखों पौधे लगाए गए। मिशन संरक्षक पूजा मलैया द्वारा स्कूलों में निःशुल्क पौधों का वितरण कर जन-भागीदारी सुनिश्चित की गई। पौधों के संरक्षण के लिए वाटर टैंकरों से सिंचाई, ट्री-गार्ड की व्यवस्था और आधुनिक मशीनों की सहायता से बड़े पैमाने पर गड्ढा खुदाई की गई, जिससे पौधरोपण को गति मिली।

### ऐसी प्लानिंग से ही होगा नियंत्रण

**1. ग्रीन कवर बढ़ाना पौधरोपण अभियान**

वन विभाग द्वारा शहरों के आस-पास के क्षेत्रों में वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए

**2. वाहन प्रदूषण पर नियंत्रण**

इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना चाहिए। वाहनों की नियमित प्रदूषण नियंत्रण जांच को अनिवार्य किया जाना चाहिए। पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए योजनाएं लागू की जानी चाहिए।

**3. ऊर्जा और उद्योगों पर ध्यान**

सरकारी और निजी संस्थान अधिक से अधिक सोलर ऊर्जा और अन्य क्लीन ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दें। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उद्योगों के उत्सर्जन स्तर की निगरानी की जानी चाहिए

**4. सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना**

प्रदूषण को कम करने के लिए शहरों में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए। कचरे का सही तरीके से निस्तारण और उसे पुनः उपयोग करने की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

### तो...ग्रीन कैपिटल ऑफ इंडिया बन सकता है भोपाल

# कलियासोत के दोनों किनारों पर करना होगा सघन पौधरोपण



कलियासोत नदी के किनारों पर हुए निर्माण, जो एनजीटी के नियमों का खुला उल्लंघन करते हैं

भोपाल से संजीव सक्सेना

डॉ. सुभाष सी पांडे के अनुसार भोपाल की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि शहर काफी फैला हुआ है। इससे यहां प्राकृतिक संसाधन काफी हैं। कलियासोत नदी ही अकेले 36 किमी की है, जिसके दोनों ओर 50 मीटर ग्रीन बेल्ट में ही पौधरोपण हो जाए तो इस इलाके में करीब 5 लाख से अधिक पेड़ बन जाएंगे। इससे एनजीटी के आदेश का पालन होने के साथ ही कम हुई हरियाली की काफी भरपाई हो जाएगी। इससे भोपाल फिर से ग्रीन कैपिटल ऑफ इंडिया बन सकता है। पिछले दशक में शहर का औसत एक्यूआई 100 के करीब रहता था, जो इस दशक में अब 200 पार पहुंच गया है।



डॉ. सुभाष सी पांडे

### 1999 में भोपाल में 66 फीसदी हरियाली थी, अब सिर्फ 3 फीसदी ही

सरकार की रिपोर्ट अब इस बात को मान चुकी है कि भोपाल में ग्रीनरी वर्ष 1999 में 66 प्रतिशत थी, जो अब केवल 3 प्रतिशत बची है। एक दशक में ही शहर का औसत एयर पॉल्यूशन दो गुने पर पहुंच गया है। रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2005 से 2015 के दशक में हर साल 20 हजार पेड़ कटे। वर्ष 2015 से 2025 में हर साल 60 हजार पेड़ काटे गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट हो। उस कमेटी के अनुसार जिस पेड़ की आयु 50 साल हो, उस हेरिटेज एक पेड़ की कीमत 74500 रुपए आंकी गई है। लेकिन, नगर निगम सहित अन्य सरकारी एजेंसियां 500 से 1500 रुपए तक में ही काट देते हैं। जो पेड़ लगाए गए हैं, उनमें से 5 प्रतिशत भी पेड़ अब जीवित नहीं हैं। होशंगाबाद रोड, अयोध्या बायपास, बंगरसिया रोड, टीटी नगर इलाका, स्मार्ट सिटी, मेट्रो लाइन का एरिया, सूरज नगर बड़े तालाब का कैचमेंट एरिया, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के आसपास का इलाका, न्यू मार्केट का गेमन इंडिया केंपस आदि स्थानों से ग्रीनरी बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुई है।

**31 दिसंबर को भोपाल का एक्यूआई**

| स्थान | एक्यूआई |
|---|---|
| भोपाल पर्यावरण परिसर | 270 |
| कलेक्टोरेट | 198 |
| टीटी नगर | 198 |

### सागर में भी कबाड़ से जुगाड़ का प्रयास...नतीजे सकारात्मक

# नगर निगम के पुराने अनुपयोगी टैंकरों से बनाए जा रहे यूरिनल

सागर से राघवेंद्र दुबे

सागर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के नवाचारों से भी शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम चल रही है। नगर निगम की वाहन शाखा में रखे पुराने अनुपयोगी हो चुके टैंकर वाहनों का रिड्यूस-रीयूज-रीसाइकल के आधार पर पुनरुपयोग सुनिश्चित करने के लिए सिंगल यूरिनल्स बनाने का कार्य किया जा रहा है।

राजकुमार खत्री ने कहा कि टैंकरों के चेसिस चक्कों को अलग कर ऊपरी गोलाकार भाग से आकर्षक और मजबूत यूरिनल्स बनाए जा सकते हैं। इन्हें आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थलों पर लगाया जा सकेगा। खत्री का कहना है कि रिड्यूस-रीयूज-रीसाइकल के तहत कबाड़ से पहले भी कलाकृतियां तैयार कर नागरिकों को अपनी पुरानी वस्तुओं के पुनः उपयोग हेतु जागरूक किया गया है। इसका एक उदाहरण शीतला माता मंदिर नाले के पास लगाई गई नीलकंठ चिड़िया कलाकृति है।

### लोग घर से निकले कबाड़ से बना रहे हैं कलाकृतियां



कबाड़ से जुगाड़ का बेहतरीन उदाहरण



पुराने टैंकर को रीसाइकिल करते हुए

### पॉलीथिन मुक्त फार्म हाउस में लगे हैं विभिन्न किस्मों के 2500 पेड़

# पर्यावरणविद बड़े भाई की प्रेरणा से 13 बीघा में बना दिया छोटा जंगल

फलों को तोड़कर बेचते नहीं, उन्हें पक्षियों को खाने देते हैं

गंजबासौदा से नीतेश नायक

समीपस्थ ग्राम नंदूपुरा में बेतवा नदी के किनारे करीब 13 बीघा के फार्म हाउस में एक छोटा जंगल रूप लेता जा रहा है। पॉलीथिन मुक्त और पूरी तरह रसायन मुक्त इस फार्म हाउस में विभिन्न किस्मों के करीब 2500 वृक्ष लगे हुए हैं।

जिनमें से कई अब फल, फूल और छाया देने लायक हो गए हैं। इस फार्म हाउस में मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए देशी किस्मों के भी सैकड़ों पौधे लगाए गए थे जो अब विकसित होते जा रहे हैं। यह फार्म हाउस वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद स्व. अनिल यादव के छोटे भाई मनोज यादव का है। मनोज बताते हैं कि करीब छह वर्ष पूर्व अपने फार्म हाउस पर सघन पौधरोपण शुरू किया था। बेतवा नदी के किनारे पर स्थित इस फार्म हाउस में सबसे पहले उन्होंने मिट्टी का कटाव रोकने के लिए एक हजार बांस के पौधों सहित अर्जुन, कंजी, खिन्नी आदि के सैकड़ों पौधे लगवाए, जो अब पूरी तरह विकसित हो चुके हैं।



अपने वृक्षों की देखभाल करते मनोज यादव

वहीं दूसरी ओर फार्म हाउस में जंगल जलेबी, अंजीर, कबीट, खिन्नी, करोंदा, अचार, स्टार फ्रूट, नींबू, अमरूद, ग्रीन एपल, लीची के पौधे भी लगवाए थे इनमें से भी अधिकांश अब फल देने लगे हैं। मनोज के अनुसार वे इन फलों को तोड़कर बेचते नहीं हैं, बल्कि पक्षियों के खाने के लिए लगे रहने देते हैं। साथ ही खेत में पक्षियों के दाने के लिए ज्वार, मक्का भी बोते हैं। साथ ही दो देशी गाय भी पाल रखी हैं, जिनके गोबर से वर्मी कंपोस्ट, गोबर खाद बनाते हैं। पक्षियों के पानी के लिए कुंड भी बना रखा है, जगह जगह पक्षियों के घोंसले बनाए गए हैं। पौधों में पानी देने के लिए ड्रिप सिस्टम लगवाया है। मनोज के अनुसार उनका फार्म हाउस पूरी तरह पॉलीथिन मुक्त और रासायनिक दवाओं से मुक्त क्षेत्र है।

इसलिए अनुकूल पर्यावरण पाकर वहां दर्जनों किस्म के पक्षियों ने बसेरा बना रखा है। इस तरह एक फार्म हाउस में छोटा जंगल विकसित कर वे मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, पक्षी संरक्षण करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दे रहे हैं। वे अपने पूरे परिवार सहित आए दिन इस फार्म हाउस में पहुंचकर प्रकृति के बीच समय बिताते हैं और फार्म हाउस में उगी सब्जियों एवं भाजी से चूल्हे कंडे पर देशी तरीके से खाना बनाकर खाते भी हैं।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



ऑकलैंड में हमसे 8.30 घंटे पहले ही नववर्ष 2026 का ग्रैंड वैलकम

न्यूजीलैंड के द्विपीय शहर ऑकलैंड में प्रतिवर्ष सुप्रसिद्ध स्काई टॉवर पर आतिशबाजी कर नव वर्ष की शुरूआत उत्साह और उमंग के साथ की जाती है। इस वर्ष करीब साढ़े तीन हजार आतिशबाजी की गई जो लगातार पांच मिनट तक चलती रही। इसे देख लोग मंत्र मुग्ध हो गए।

**न्यू ईयर स्पेशल 2026**

दुनिया में सबसे पहले नया साल प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश किरिबाती और समोआ मनाते हैं, खासकर किरिबाती का किरीटीमाटी (क्रिसमस द्वीप) सबसे पहले नए साल का स्वागत करता है, क्योंकि यह यूटीसी प्लस 14 समय क्षेत्र में है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा के सबसे करीब रखता है। इसके बाद न्यूज़ीलैंड के चैथम द्वीप समूह और फिर न्यूज़ीलैंड की मुख्य भूमि पर नया साल शुरू होता है।

## 'हरिभूमि' ने उन देशों में रह रहे भारतवंशियों से बात की, जहां भारत से पहले ही नववर्ष आ जाता है और मनाया जाता है...

आम तौर पर विदेशी धरती पर मनाए जाने वाला नया लोगों में कौतुक का विषय होता है। पर, विदेशी लोग नया वर्ष जैसे भी मनाते हों पर वहां रह रहे भारतवंशी नए वर्ष को अपनी मान्यताओं और पूजा-परंपरा के हिसाब से ही मनाते हैं। 'हरिभूमि' ने इस बार उन देशों में रह रहे भारतवंशियों से बात की, जहां नया वर्ष सबसे पहले यानी भारत से पहले दस्तक देता हो। इन सभी भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों ने बताया कि हम सब सादगी और सामुदायिक भावना के साथ नववर्ष मनाते हैं। डांस तो होता है पर ड्रिंक नहीं होता। नशा नहीं होता। हां, पूजा पाठ जरूर होते हैं। नववर्ष का अवसर हमारे लिए केवल कैलेंडर बदलने का नहीं, बल्कि आशा, सकारात्मकता और सांस्कृतिक एकता का उत्सव होता है। पढ़िए, उनसे बातचीत।

# हम भारतवंशी मंदिरों में करते हैं विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन व प्रार्थनाएं

अनुरोध पटेरिया और नीतेश नायक

अप्रवासी भारतीय आज दुनिया के लगभग हर देश में निवास कर रहे हैं और जहां भी रहते हैं, वहां भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं। नववर्ष का अवसर उनके लिए केवल कैलेंडर बदलने का नहीं, बल्कि आशा, सकारात्मकता और सांस्कृतिक एकता का उत्सव होता है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान में रहने वाले भारतीय परिवार नववर्ष की पूर्व संध्या पर पारिवारिक मिलन, सामूहिक भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कई स्थानों पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रार्थनाएं होती हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर जैसे सार्वजनिक आयोजनों में भी भारतीय बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस सहित यूरोपीय देशों में भारतीय समुदाय पारंपरिक व्यंजन, बॉलीवुड संगीत और नृत्य के साथ स्थानीय संस्कृति के संगम के रूप में नववर्ष मनाता है। खाड़ी देशों यूएई, सऊदी अरब और कतर में बसे भारतीय सादगी और सामुदायिक भावना के साथ नववर्ष मनाते हैं। दुबई और अबूधाबी जैसे शहरों में भव्य आतिशबाजी भारतीय समुदाय के आकर्षण का केंद्र रहती है। हरिभूमि ने उन देशों में रह रहे भारतवंशियों से बात की, जहां भारत से पहले ही नववर्ष आ जाता है और मनाया जाता है।

जापान के टोक्यो में अपने परिजनों के साथ भजन-पूजन कर नववर्ष का स्वागत करते खजुराहो निवासी मनोज सोनी



पूर्व संध्या पर पारिवारिक मिलन सामूहिक भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है

## जापानः अनुशासन और पारिवारिक शांति का उत्सव



खजुराहो के अवधेश तिवारी

खजुराहो के मनोज सोनी 1995 से जापान की राजधानी टोक्यो में रह रहे हैं। पत्नी और दो बच्चों के साथ वे नववर्ष हवन-पूजन के साथ मनाते हैं। इसी तरह खजुराहो के ही अवधेश तिवारी जो ओसाका में रहते हैं वे भी ऐसे ही नए साल का जश्न मनाते हैं। भारत में रात के 8:30 बजते ही जापान में रात 12 बजे नववर्ष का आगमन हो जाता है। टोक्यो के शिबुया में नववर्ष का सबसे बड़ा, भव्य आयोजन होता है।

## ऑस्ट्रेलियाः गर्मी, समुद्र तट और विश्व-प्रसिद्ध आतिशबाजी



जबलपुर के राहुल सुहाने

जबलपुर के राकेश सुहाने बताते हैं कि उनके पुत्र राहुल सहित तीनों संतानें 2015 से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में रहते हैं। यहां नया साल गर्म मौसम में मनाया जाता है। जब भारत में रात 9:30 बजे होते हैं, तब पर्थ में नया साल शुरू हो चुका होता है। इंजी.राहुल के अनुसार नए साल की आतिशबाजी देखने लोग घंटों पहले समुद्र तटों पर पहुंच जाते हैं। समुद्र में खड़े जहाजों से की जाने वाली आतिशबाजी रोशनी और रंगों से आसमान को जगमगा देती है।

## सारे भारतीय मिलकर करते हैं रामायण व सुंदरकांड का पाठ




स्वीडन में नववर्ष पर अपने भारतीय मित्रों के साथ रामायण पाठ करते सौरभ

स्वीडन में अच्छी खासी संख्या में भारतीय रहते हैं और वे आपस में एक दूसरे से संपर्क में बने रहते हैं। नववर्ष भी पाश्चात्य एवं भारतीय परंपरानुसार मनाते हैं। यह कहना है स्वीडन में बसे गंजबासौदा के सौरभ साहू का। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी स्व गौरीशंकर साहू एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका कैलाश साहू के बड़े पुत्र सौरभ साहू 10 वर्ष से वहां हैं। सौरभ बताते हैं कि वे स्वीडन के गौटनबर्ग में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम कर रहे हैं। यहां करीब एक दर्जन भारतीय परिवार भारतीय त्यौहारों, पर्वों को अपनी संस्कृति के अनुसार ही मनाते हैं, जबकि नववर्ष के पहले दिन हम सभी भारतीय सामूहिक रूप से एक जगह एकत्रित होकर अपनी संस्कृति के अनुसार भगवान की पूजन, अर्चन, भजन, कीर्तन, रामायण या सुंदरकांड का पाठ आदि करते हैं और साथ में प्रसादी ग्रहण करते हैं।

### भारतीय परिवार सहित व्यंजनों का आनंद उठाते हैं

ग्वालियर के जसबीर सिंह 2015 से अमेरिका के लेक ताहो (नेवादा) में अकाउंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। वे बताते हैं कि परिवार भारतीय समयानुसार नववर्ष का स्वागत करता है। मां सहित पूरा परिवार भारतीय व्यंजनों के साथ टीवी चैनलों पर प्रसारित भारतीय कार्यक्रमों का आनंद लेता है। अप्रवासी भारतीय जहां भी रहते हैं, नववर्ष को उल्लास, परंपरा के साथ मनाते हैं। दूरी चाहे कितनी भी हो, भारतीय अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं-यही वैश्विक भारतीय समुदाय की सबसे बड़ी पहचान है।




जसबीर सिंह

# छू लिया नया आसमान

आधुनिक ड्रोन तकनीक के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूत बना रहीं मध्यप्रदेश ये ड्रोन दीदी अब अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर 1261 करोड़ रुपए खर्च के साथ मध्यप्रदेश सहित देश के महिला स्व सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिलाएं प्रशिक्षण के बाद ड्रोन ड्राइव करते हुए इस सेक्टर में अपना परचम लहराने के साथ-साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं और अन्य परंपरागत रोजगार से अलग तकनीकी ज्ञान के जरिए लाखों रुपए सालाना कमा रही हैं। 'हरिभूमि' ने ऐसी ही कुछ ड्रोन दीदीयों से बातचीत की, जिन्होंने आत्मनिर्भर की दिशा में एक मिसाल कायम की।

1 रायसेन जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर भानपुर गांव की वंदना केवट

## एक दिन में 30 एकड़ तक छिड़काव, कमाई 6 लाख

**अब तक दो हजार एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर नैनो यूरिया का छिड़काव किया**



भोपाल से रुबी सरकार

रायसेन जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर भानपुर गांव की वंदना केवट बताती हैं कि उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई की थी। लेकिन, लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उसमें आगे पढ़ने की ललक जगी और वंदना ने एमएसडब्ल्यू तक की पढ़ाई कर डाली। हालांकि, यह उसके लिए आसान नहीं था, ससुराल में पढ़ाई के लिए इजाजत नहीं थी, ऊपर से समाज का ताना। वंदना कहती हैं कि अगर मैं उस वक्त हिम्मत न दिखाती तो आज ड्रोन दीदी बनकर साल भर में 6 लाख रुपए नहीं कमा पाती। अब परिवार के साथ-साथ गांव में भी मेरी एक पहचान बन गई है। पति महेंद्र केवट जो पहले घर से निकलने पर विरोध करते थे, आज वही मुझे सपोर्ट करते हैं। अब मैं अपने समूह की अध्यक्ष बन गई हूं।

2 खंडवा जिले के हरसूद विकासखंड के रेवापुर गांव की कविता चौहान

## जिस दिन ड्रोन को उड़ाया तालियों ने हौसला बढ़ाया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि**



खंडवा जिले के हरसूद विकासखंड के रेवापुर गांव की रहने वाली कविता चौहान को अब आस-पास के लोग ड्रोन दीदी के नाम से पुकारते हैं। उन्होंने ड्रोन दीदी बनकर डेढ़ साल में साढ़े 7 लाख रुपए से ज्यादा कमा चुकी हैं। कविता ने एमए तक की पढ़ाई की है, जो उसके जीवन में बहुत काम आया। शिक्षित होने के कारण ही कविता का चयन बड़ी आसानी से ड्रोन दीदी के लिए हो गया और यहीं से उसके जीवन में नया मोड़ आया जिसने उनका जीवन स्तर ही बदल दिया। कविता कहती हैं कि उस दिन मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब मैंने अपने गांव में भरी भीड़ के सामने एक पायलट की तरह ड्रोन उड़ाया। ग्रामीणों ने ताली बजाकर मेरा मनोबल बढ़ाया। किसी महिला के लिए धरती से आसमान तक पहचान बनाना इतना आसान नहीं होता। इसके पीछे बहुत लंबा संघर्ष होता है।

3 सतना जिले की मझगवां की निधि सिंह टॉप 10 से नंबर पर आने को है बेताब

## घूमना आसान नहीं, रीति रिवाज भी निभाने होते हैं

**केवल कमाई देखकर ही ड्रोन दीदी बनने की मन में लालसा पालना ठीक नही**



सतना जिले की मझगवां में निधि सिंह को आज सभी जानते हैं। 29 साल की निधि प्रतिदिन ड्रोन से छिड़काव कर तीन हजार रुपए कमा लेती हैं। निधि ड्रोन दीदीयों में टॉप टेन में अपना नाम दर्ज करवा चुकी हैं। निधि कहती हैं कि उसे नंबर एक पर आना है। परंतु ड्रोन की खराबी के कारण बीच में उसे कुछ दिन काम रोकना पड़ा था जिससे उसकी आय कम हो गई। अभी तक उसने 2200 एकड़ तक ही ड्रोन से छिड़काव कर पाई जिससे उन्होंने साल भर में साढ़े पांच लाख रुपए ही कमा पाई। निधि बताती हैं कि प्रशिक्षण लेने से पहले मन में शंका थी, लेकिन पति ने साथ दिया तो हिम्मत आई। केवल कमाई देखकर ही ड्रोन दीदी बनने की मन में लालसा पालना ठीक नहीं। मैं तो चाहती हूं कि सारी महिलाएं आगे आएं और उनकी आय बढ़े उनका जीवन स्तर सुधरे। मैं मदद करने को तैयार हूं।

4 दतिया मुख्यालय से 45 किमी दूर सेवादा की गीता कुशवाह हैं पोस्ट ग्रेजुएट

## जहां स्कूटी की मनाही वहां ड्रोन उड़ाने लगीं महिलाएं

**परिवार का सहारा न हो तो महिलाओं के लिए घर से बाहर काम करना मुश्किल**



दतिया मुख्यालय से 45 किमी दूर सेवादा की गीता कुशवाह कहती हैं कि वह परिवार की इकलौती बहू हैं। पति के पास 7 एकड़ कृषि भूमि है। चूंकि वह पोस्ट ग्रेजुएट हैं, इसलिए पति खुद चाहते थे कि वह स्वतंत्र होकर अपने मन का काम करें। पति के कहने पर वह रतनगढ़ वाली मां स्व सहायता समूह से जुड़ गईं। आज वह अपने समूह की सचिव हैं। पति कमलेश ने ही नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में गीता को बताया और जब गीता ने हामी भरी, तब वह उसे प्रशिक्षण दिलाने ग्वालियर ले गया। गीता मार्च से अब तक 1220 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर यूरिया का छिड़काव कर कर चुकी हैं। इसके लिए उसे करीब तीन लाख रुपए मिले हैं। गीता की दो बेटियां हैं। वह अपनी बेटियों के लिए पैसा इकट्ठा कर रही हैं। गीता कहती हैं कि मेरी शादी ऐसे परिवार में हुई जिसने मेरा हर काम आसान कर दिया।

भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026 ■ पौष मास शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष : 12, अंक : 272 ■ पृष्ठ : 20 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 24 न्यून. 11 haribhoomi.com

नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## जहां देश में 31 दिसंबर को प्रमुख धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, ठीक वैसे ही प्रदेश के प्रमुख देवी व शिव मंदिरों में श्रद्धालु नए साल की पहली सुबह में दर्शन करेंगे। इनमें महाकाल, ओंकारेश्वर, खजराना तो हैं ही, प्रमुख देवी मंदिर भी शामिल हैं

1 [ दतिया की मां पीतांबरा पीठ ]

### आज करीब 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान



**दतिया।** नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर दतिया स्थित प्रसिद्ध तांत्रिक शक्तिपीठ मां पीतांबरा के दरबार में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वर्ष 2025 की विदाई और नए साल के आगमन से पहले ही श्रद्धालुओं शेष पेज 4 पर

2 [ सलकनपुर का मां विजयासन देवीधाम ]

### आज करीब 1 लाख से ज्यादा मां के चरणों में नवाएंगे शीश



**सीहोर।** सीहोर जिले में स्थित मां विजयासन देवीधाम सलकनपुर में आस्था का एक अद्भुत और दिव्य अध्याय लिखा जा रहा है। यहां बीते करीब दो वर्षों से चल रहा देवी लोक निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण शेष पेज 4 पर

3 [ नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर ]

### 5 तक वीआईपी दर्शन बंद, 1 लाख दर्शनार्थियों के आने की संभावना



**नलखेड़ा।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर नववर्ष पर करीब एक लाख से अधिक दर्शनार्थियों के आने की संभावना है। जिन्हें सुगमता से दर्शन लाभ मिल सके इसके लिए प्रशासन एवं मंदिर प्रबंध शेष पेज 4 पर

4 [ मैहर का मां शारदा देवी धाम ]

### वीआईपी दर्शन बंद, मंदिर के पट सुबह 3 बजे खुल जाएंगे



**सतना/मैहर।** नव वर्ष 2026 के आगमन पर सुप्रसिद्ध मां शारदा देवी धाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मैहर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले अर्जुन एरिगैसी को पीएम मोदी ने बधाई दी है। पीएम ने अर्जुन की प्रतिभा और खेल के प्रति उनके जुनून के लिए उनकी प्रशंसा की है। शतरंज में भारत की तरक्की जारी है। इससे पहले उन्होंने हाल ही में फिडे रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था।

### इमरान ने सोनू बनकर 5 साल तक किया शोषण



**रतलाम।** शहर से लव जिहाद से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां इमरान पर आरोप है कि उसने सोनू नाम बताकर एक शादीशुदा हिंदू युवती को अपने जाल में फंसाया, शादी का झांसा दिया और करीब पांच साल तक उसका शारीरिक शोषण किया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### संगीत सोम ने शाहरुख खान को बताया 'गद्दार'



**नई दिल्ली।** मेरठ में भाजपा के नेता संगीत सोम ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को देश का गद्दार बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा और अत्याचार की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आईपीएल में शाहरुख से जुड़ी टीम ने एक बांग्लादेशी क्रिकेटर को 9 करोड़ रुपए में खरीदा है।

**दूषित पानी से हाहाकार : मुख्यमंत्री बीमारों से मिलने अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों को निर्देश दिए**

# नए साल के जश्न के बीच इंदौर में 'मातम'

**11 घरों तक पहुंची मौत... 150 से ज्यादा लोग बीमार**

**भोपाल में भी अलर्ट, पानी की जांच करने पहुंची टीम**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के वर्मा नर्सिंग होम में 12 मरीजों से मुलाकात की। उनका हाल-चाल पूछा। डॉक्टरों से इलाज की जानकारी भी ली*



बीमार महिला से चर्चा करते सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/भोपाल

देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से बुधवार शाम तक 10 मौत होने की खबर है। 150 से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार शाम सीएम डॉ. मोहन यादव खुद इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में जाकर बीमार लोगों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के वर्मा नर्सिंग होम में 12 मरीजों से मुलाकात की। उनका हाल पूछा। डॉक्टरों से इलाज की जानकारी भी ली। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उनके साथ रहे। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने माना कि भागीरथपुरा क्षेत्र में गंदा पानी पीने के कारण तकरीबन 150 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। जबकि 7 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी स्तर पर अभी तक केवल तीन शेष पेज 4 पर

इंदौर में जहरीले पानी से हुई मौतों पर हाई कोर्ट सख्त

**2 जनवरी तक मप्र सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट**



विभिन्न अस्पतालों में भर्ती लोगों का हालचाल जाना

इंदौर बेंच का अहम आदेश

### लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाए

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से उल्टी और दस्त से पीड़ित लोगों को मुफ्त इलाज देने और इस दुखद घटना पर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने भारत के सबसे स्वच्छ शेष पेज 4 पर

### पांच माह के बच्चे की मौत



बुधवार को पांच माह के बच्चे अव्यान की मौत ने बस्तीवालों को आक्रोशित कर दिया। अव्यान की मां का कहना था कि उनका बच्चा भी दूषित पानी का शिकार हुआ है। उसे बाहरी दूध पिलाया जाता था। उसमें पानी मिला होता था। उसे लगातार दस्त होते रहे।

### मंत्री विजयवर्गीय झल्लाए कहा- फोकट प्रश्न मत पूछिए



बुधवार शाम डॉ. मोहन यादव इंदौर पहुंचे और अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में हिस्सा लेकर मंत्री विजयवर्गीय बाहर आए तो मीडिया ने सवाल किया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन को इलाज में खर्च पैसों का रिफंड अभी तक नहीं मिला है। इस पर मंत्री ने कहा- अरे छोड़ो यार, तुम फोकट सवाल मत पूछो। इसके बाद झल्लाते हुए अपशब्द कह दिए। हालांकि, बाद में एक्स पर अपने शब्दों पर खेद जताया।

### इधर, भोपाल में भी अलर्ट, पानी की जांच करने पहुंची टीम

इंदौर दूषित पानी से मौतों के बाद भोपाल नगर निगम भी अलर्ट पर है। महापौर मालती राय ने सभी इंजीनियरों को निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं ताकि, पता चल सके कि कहीं दूषित पानी की सप्लाई तो नहीं की जा रही है। निरीक्षण के शेष पेज 4 पर

**डीआरडीओ ने हासिल की बड़ी उपलब्धि**

## प्रलय मिसाइल का सफल लॉन्च, एक ही लॉन्चर से




परीक्षण के दौरान की तस्वीर

***प्रलय मिसाइल का विकास हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर के नेतृत्व में हुआ***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा क्षमता को नई मजबूती देते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने प्रलय मिसाइल का सफल सैल्वो लॉन्च किया है। यह परीक्षण देश की स्वदेशी मिसाइल तकनीक और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। एक ही लॉन्चर से कम समय के अंतराल में दो मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण अपने आप में अहम उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे ओडिशा तट के पास एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइल दागी गईं। यह उड़ान परीक्षण यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल्स के तहत किया गया। दोनों मिसाइलों ने तय की गई दिशा का पूरी तरह पालन किया और सभी उड़ान उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस परीक्षण के दौरान मिसाइलों की उड़ान पर कड़ी नजर रखी गई। चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा तैनात ट्रैकिंग सेंसरों ने पूरे ट्रैजेक्टरी की पुष्टि की। वहीं, लक्ष्य क्षेत्र के पास तैनात जहाजों पर लगे टेलीमेट्री सिस्टम के जरिए अंतिम चरण की घटनाओं को भी सफलतापूर्वक रिकॉर्ड किया गया।

### प्रलय मिसाइल की खासियतें

- एक स्वदेशी ठोस ईंधन से चलने वाली क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल
- इसमें अत्याधुनिक गाइडेंस और नेविगेशन सिस्टम, जिससे यह बेहद सटीक निशाना लगाने में सक्षम
- यह मिसाइल अलग-अलग तरह के वारहेड ले जाने में सक्षम
- विभिन्न लक्ष्यों को भेद सकती है, जिससे इसकी उपयोगिता और प्रभावशीलता बढ़ जाती है

### कई संस्थानों का साझा प्रयास

प्रलय मिसाइल का विकास हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर के नेतृत्व में किया गया है। इसमें डीआरडीओ की कई प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों का सहयोग रहा है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने विकास-सह-उत्पादन भागीदार के रूप में सिस्टम इंटीग्रेशन का काम किया। इस परीक्षण को डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना के प्रतिनिधियों ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल सैल्वो लॉन्च पर डीआरडीओ, भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मिसाइल प्रणाली की विश्वसनीयता को साबित करती है। वहीं, डीआरडीओ प्रमुख ने कहा कि यह सफलता प्रलय मिसाइल के जल्द ही सेना में शामिल होने की तैयारी को दर्शाती है।

महाकाल के दर्शन पर एक्ट्रेस पर भड़के मौलाना

## मौलाना बोले- पाप का करना पड़ेगा प्रायश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/उज्जैन

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन करने पर यूपी के मौलाना भड़क गए हैं। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा- नुसरत ने महाकाल मंदिर में पूजा करके बड़ा पाप किया है। उन्हें पछतावा करना चाहिए। नुसरत भरुचा मंगलवार को महाकाल मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुईं थीं।



इस दौरान नुसरत ने जल अर्पित कर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया था। वहीं, उज्जैन के संतों ने मौलाना के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। इधर, मौलाना के नुसरत को इस्लाम धर्म का पाठ पढ़ाने से उज्जैन के कई संत नाराज शेष पेज 4 पर

## सपरिवार पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की



### सीएम ने उमरिया में मां बिरासनी के दर्शन किए

**उमरिया।** उमरिया में सीएम डॉ. मोहन यादव बुधवार को बिरसिंहपुर पाली में मां बिरासनी शक्तिपीठ दर्शन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मां बिरसिनी माता मंदिर में सपरिवार की पूजा अर्चना। प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। बिरासनी माता के दर्शन के बाद सीएम यादव ने कहा कि मां के शेष पेज 4 पर

स्विगी और जोमैटो जैसे प्लेटफॉर्म में हड़ताल

## डिलीवरी कर्मचारियों के सामने टेके घुटने, बढ़ाए गिग वर्कर्स के इंसेंटिव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ ऑर्डर अस्वीकार करने पर जुर्माना भी माफ

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी, जोमैटो और जेप्टो तक ने डिलीवरी कर्मचारियों की हड़ताल के सामने घुटने टेक दिए। कंपनियों ने डिलीवरी कर्मचारियों के लिए इंसेंटिव बढ़ाने की घोषणा कर दी है। यह इंसेंटिव साल के आखिरी दिन और व्यस्त समय के




बीच बढ़ाया गया है। कंपनियों ये यह कदम डिलीवरी कर्मचारियों के 25 से 31 दिसंबर तक के लिए हड़ताल घोषणा पर उठाए गए हैं। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ज़ोमैटो ने शाम 6 बजे से 12 बजे तक के बिजी टाइम के बीच हर ऑर्डर पर 120 से 150 रुपए देने की घोषणा की है। प्लेटफॉर्म ने ऑर्डर की मात्रा और उपलब्धता के आधार पर हर दिन 3000 रुपए तक की कमाई का भी विश्वास दिलाया है।

प्लेटफॉर्म ने ऑर्डर अस्वीकार करने और रद्द करने पर लगने वाले जुर्माने को भी पूरी तरह से माफ कर दिया है। स्विगी ने भी साल के अंतिम दिन के लिए डिलीवरी कर्मचारियों की इंसेंटिव पेमेंट में बढ़ोतरी कर शेष पेज 4 पर

**कलाकृति के लिए मंडला से पवित्र नर्मदा नदी की रेत जबलपुर लाई गई**

आज से जबलपुर के मानस भवन की आर्ट गैलरी के मुख्य द्वार पर रेत से होगा भव्य राम मंदिर का निर्माण

## रेत पर साकार होगा राम मंदिर, चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में दिखेगा अद्भुत सैंड आर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मानस भवन, जबलपुर में 2, 3 एवं 4 जनवरी को आयोजित होने जा रही चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस इस वर्ष एक अनूठे आकर्षण का साक्षी बनेगी।

ब्रह्मर्षि मिशन समिति, श्री रामचंद्र पाथ गमन न्यास भोपाल एवं श्री राम अवेयरनेस मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में जबलपुरवासियों को पहली बार सैंड आर्ट (रेत कला) का भव्य और जीवंत प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इस विशेष अवसर पर ओडिशा के पुरी से देश-विदेश में



पुरी में भगवान बुद्ध की अद्भुत कलाकृति

ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट गोपाल चरण सामल जबलपुर पहुंच रहे हैं। वे 1 जनवरी 2026 से मानस भवन की आर्ट गैलरी के मुख्य द्वार पर रेत



सैंड आर्टिस्ट द्वारा बनाई गई अनोखी कलाकृति

से भव्य राम मंदिर का निर्माण करेंगे। इस पावन कलाकृति के लिए मंडला से पवित्र नर्मदा नदी की रेत पहले ही जबलपुर लाई जा चुकी है।

### शहर की सांस्कृतिक पहचान में एक नया अध्याय जुड़ेगा

इस रेत कला का सबसे खास पहलू यह होगा कि दर्शक राम मंदिर का निर्माण प्रक्रिया को अपनी आंखों के सामने साकार होते हुए देख सकेंगे। कला, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का यह संगम निश्चित ही श्रद्धालुओं और कला प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनेगा। सैंड आर्टिस्ट गोपाल सामल ओडिशा के प्रसिद्ध रेत कलाकार हैं, शेष पेज 4 पर

भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026 haribhoomi.com

नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



2013 बैच के 24 आईएएस को प्रवर श्रेणी वेतनमान देते हुए वर्तमान पदों पर पदस्थ किया गया

## 62 आईएएस अफसर पदोन्नत सेलवेंद्रन 'पीएस कार्मिक' बने

**सचिव के पद पर 2010 बैच के 16 अधिकारियों को पदस्थ किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने पिछले दिनों हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में 62 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अफसरों को पदोन्नति दी गई थी। बुधवार को इन सभी अधिकारियों की पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया गया। इसमें 2002 बैच के आईएएस एम. सेलवेंद्रन को प्रमुख



एम. सेलवेंद्रन



कौशलेंद्र विक्रम

सचिव कार्मिक के पद पर पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है। इसी तरह 2011 बैच के संजय कुमार को अपर सचिव श्रम तथा सचिव भवन तथा सन्निर्माण मंडल तथा कल्याण आयुक्त असंगठित कर्मकार मंडल के पद पर पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक से जारी आदेश के अनुसार सचिव के पद पर 2010 बैच के 16 अधिकारियों को पदस्थ किया गया है। इन सभी अधिकारियों को सुपर स्केल प्रदान किया गया है। इसमें एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, आयुक्त स्वास्थ्य तरुन राठी, आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लक्षकार, ▶▶ शेष पेज 4 पर

आईपीएस अफसरों का प्रमोशन, साल के आखिरी दिन पदोन्नत

## स्पेशल डीजी बने राय, 2 आईजी सहित डीआईजी भी हो गए प्रमोट

**8 साल बाद 1999 बैच के एक अफसर को आईजी के पद पर पदोन्नत किया**

**एक साथ 18 अफसरों को प्रमोशन**

आईपीएस अफसरों को साल के आखिरी दिन पदोन्नत किया गया है। जिसमें खंडवा, धार, झाबुआ, रीवा, भिंड के पुलिस अधीक्षकों के साथ ही एसआरपी रेल भोपाल, जबलपुर अधिकारी शामिल हैं। फिलहाल, अधिकांश अफसरों को पदोन्नति के बाद तबादला नहीं किया जाएगा, उन्हें उसी जगह पर पदोन्नति दे दी गई है। आठ साल बाद 1999 बैच के एक अफसर को आईजी के पद पर



मनोज राय



शैलेंद्र सिंह

पदोन्नत किया गया है। इसमें एक साथ 18 अफसर पदोन्नत हो गए है। इनके अलावा वर्ष 2008 बैच के ए शियास और ललित शाक्यवार दोनों आईजी होंगे। निरंजन बी वायंगणकर को भी आईजी बनाया गया है। निरंजन बी वायंगणकर 1999 बैच के अफसर हैं, उनके बैच के अफसर प्रदेश 6 में एडीजी बन चुके हैं। डीजीआई के लिए एक साथ 13 अफसर पदोन्नत किया गया है। इस तरह कुल 18 अफसर साल के आखिरी दिन में पदोन्नत गए है। डीजी के एक पद पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के अफसर की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप

#### नूरी और दीप्ति को राष्ट्रीय स्तर पर दी बड़ी जिम्मेदारी

**भोपाल।** कांग्रेस ने नूरी खान को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है, जबकि प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता



दीप्ति सिंह को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। नूरी खान इससे पहले प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। प्रवक्ता दीप्ति सिंह को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस में सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी में उनकी सक्रियता को देखते हुए जिम्मेदारी दी है।

#### स्कॉर्पियो दुकान में घुसी भाई की मौत,बहन घायल

**इंदौर।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अंडे की दुकान में जा घुसी। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। जबकि



उसकी बहन और दुकान संचालक घायल हुए हैं। एमवाय अस्पताल ले जाया गया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना किला मैदान के पास मरीमाता रोड की है। यहां पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार (एमपी35-जेड0056) से हादसा हुआ। हादसे में बिल्डिंग के ऊपर कोचिंग की जानकारी लेने आए थे।

#### दौड़ती मारुति वैन में लगी आग, कूदकर बचाई जान

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र के समाधि रोड पर टीएफआरआई के पास चलती मारुति वैन में



अचानक आग लग गई। इंजन से धुआं निकलते ही चालक ने वाहन रोका और करीब एक दर्जन यात्रियों ने उतरकर जान बचाई। आग से वैन पूरी तरह जल गई, कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार समाधि रोड से गुजर रही मारूति वैन के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही पलों में वाहन से लपटें उठने लगीं।

नए साल से पहले देशभर के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़, लगी रही लंबी लाइनें

## महाकाल के दरबार में मिनी सिंहस्थ जैसा ही नजारा, करीब 12 लाख श्रद्धालु पहुंचे

*महाकाल में श्रद्धालुओं को मात्र 30 से 40 मिनट में दर्शन कराने के लिए नया टनल मार्ग शुरू किया गया है। महाकाल मंदिर में भस्म आरती की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग 1 जनवरी के लिए बंद रखी गई है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

नए साल की पूर्व संध्या पर देश भर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ठंड और कोहरे के बावजूद लोग प्रार्थना करने और आशीर्वाद लेने पहुंचे। जम्मू-कश्मीर से उत्तर प्रदेश तक धार्मिक स्थलों पर भक्तों का तांता लगा हुआ है।

साल के आखिरी दिन भगवान से नई शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगने वालों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि कई जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नाकाफी पड़ गए। लोग नए साल में सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना लेकर आए थे। सर्द हवाओं और घने कोहरे के बीच भी भक्तों का जोश कम नहीं हुआ है। उज्जैन में बाबा महाकाल के दरबार में मिनी सिंहस्थ जैसा नजारा है। प्रशासन का अनुमान है कि नए साल से पहले करीब 12 लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। श्रद्धालुओं को मात्र 30 से 40 मिनट में दर्शन कराने के लिए नया टनल मार्ग शुरू किया गया है। महाकाल मंदिर में भस्म आरती की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग 1 जनवरी के लिए बंद रखी गई है ताकि सामान्य श्रद्धालुओं को अधिक समय मिल सके। महाकाल की ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ▶▶ ठंड और कोहरे के बावजूद भक्तों का उत्साह चरम पर
- ▶▶ ओंकारेश्वर के रास्ते गाड़ियों का लंबा जाम लगा हुआ



महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**कहां-कितने श्रद्धालुओं ने दर्शन किए**

- ▶▶ महाकालेश्वर- 10 से 12 लाख
- ▶▶ काशी विश्वनाथ- 5 से 7 लाख
- ▶▶ श्रीजगन्नाथ मंदिर- 4 से 5 लाख
- ▶▶ बांके बिहारी- 3 से 4 लाख
- ▶▶ सांई बाबा- 5 से 6 लाख

### वाराणसी में स्पर्श दर्शन पर रोक, 5 घंटे में दर्शन

वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। 25 दिसंबर से ही यहां रोजाना 3 से 4 लाख श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने वीआईपी दर्शन और स्पर्श दर्शन पर फिलहाल रोक लगा दी है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। वीआईपी पास पूरी तरह निलंबित कर दिए गए हैं। औसतन 5 घंटे का समय दर्शन में लग रहा है।

#### वैष्णो देवी में दर्शन के नए नियम

कटड़ा में कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद भक्तों का उत्साह चरम पर है। माता वैष्णो देवी भवन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। आज यानी 1 जनवरी 2026 से नए यात्रा नियम लागू किए गए हैं, जिसके तहत दर्शन के बाद भवन क्षेत्र में अधिक समय रुकने पर पाबंदी रहेगी।

**प्रशासन कह रहा है**

#### अब मथुरा और वृंदावन न आएं

मथुरा और वृंदावन के मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और भीड़भाड़ वाले समय में बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। यहां भारी भीड़ के कारण होटलों और धर्मशालाओं में पैर रखने की जगह नहीं है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। प्रशासन को ▶▶ शेष पेज 4 पर

पुलिस ने चेन क्रैक की, 11 गिरफ्तार

## 28 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर प्रोफेसर से 1.34 करोड़ रुपए ठगे

**कश्मीर, गुजरात, बिहार, असम, मप्र तक बनी हुई है चेन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

रतलाम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर हथकंडे से करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। इस हाई-प्रोफाइल साइबर फ्रॉड में



फाइल फोटो

एक रिटायर्ड प्रोफेसर को मुंबई क्राइम ब्रांच और कोर्ट की फर्जी कार्यवाही दिखाकर मानसिक रूप से बंधक बनाया गया। इस दौरान उनसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

ग्वालियर में रिटायर्ड अधिकारी से साइबर ठगी

## वॉट्सएप चेक करने को कहा और खाते से 5 लाख गायब

**बैंक खाते को फ्रीज कराने पर बचे दो लाख**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में एक रिटायर्ड शासकीय अधिकारी साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने उनसे केवल वॉट्सएप चेक करने को कहा और उनके खाते से 5 लाख रुपए गायब कर दिए।

पीड़ित ने मंगलवार शाम एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। यह घटना ग्वालियर के मुरार थाना क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड



फाइल फोटो

अधिकारी रमेश सिंह के साथ हुई। रमेश सिंह ढाई साल पहले कोल इंडिया एनसीएल सिंगरौली से सुपरवाइजर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद वे ग्वालियर स्थित अपने घर पर रह रहे थे और हाल ही में उन्हें सेवानिवृत्ति से जुड़ी एक बड़ी रकम मिली थी, जो उनके बैंक खाते ▶▶ शेष पेज 4 पर

पेंच बफर जोन में मोटर चालू कर रहे थे

## छिंदवाड़ा में खेत गए किसान पर बाघ का हमला, मौत हुई

**एकाएक झाड़ियों से निकलकर किया हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में पेंच टाइगर रिजर्व के बफर जोन से सटे इलाकों में बाघ का खौफ फिर जानलेवा साबित हुआ। जिले के किशनपुर खमरा गांव में बुधवार सुबह खेत पर काम करने गए एक किसान की बाघ के हमले में दर्दनाक मौत हो गई।



किशनपुर खमरा निवासी बलराम डेहरिया बुधवार सुबह करीब 6 बजे अपने खेत में पानी की मोटर चालू करने गए थे। खेत के पास झाड़ियों में बाघ पहले से छिपा बैठा था। जैसे ही बलराम वहां पहुंचे, बाघ ने उन पर झपट्टा ▶▶ शेष पेज 4 पर

महिला क्रू मेंबर से अभद्रता की

## फ्लाइट दो घंटे लेट तो यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलना चाहा

**एयरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट पर इंडिगो की एक फ्लाइट में एक यात्री द्वारा महिला क्रू मेंबर और अन्य यात्रियों के साथ बदतमीजी करने का मामला सामने आया है। यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास भी किया। क्रू मेंबर की शिकायत पर पुलिस ने



फाइल फोटो

आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामला सोमवार रात का बताया जा रहा है, जब इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई-6002 इंदौर एयरपोर्ट पर खड़ी थी। इसी दौरान सीट नंबर 29 पर बैठे यात्री ने दो महिला ▶▶ शेष पेज 4 पर

निमेसुलाइड की सभी ओरल दवाओं की बिक्री पर भी रोक

100 मिलीग्राम से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड दवाओं के इस्तेमाल से मानव स्वास्थ्य को जोखिम

## निमेसुलाइड के उत्पादन पर सरकार ने बैन लगाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने दर्द निवारक दवा निमेसुलाइड के निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही, निमेसुलाइड की ऐसी सभी खाने वाली (ओरल) दवाओं की बिक्री और वितरण भी प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिनमें 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा होती है।

यह प्रतिबंध 1940 के औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा 26ए के तहत ड्रग्स तकनीकी




फाइल फोटो

सलाहकार बोर्ड से परामर्श के बाद लगाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि 100 मिलीग्राम से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड दवाओं के इस्तेमाल ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### आम लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे थे

सरकार ने स्पष्ट कहा कि यह प्रतिबंध औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत लगाया गया है और यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके तहत देश में निमेसुलाइड की तय मात्रा से अधिक वाली ओरल दवाओं का निर्माण, बिक्री और वितरण पूरी तरह बंद रहेगा। इससे पहले मंत्रालय ▶▶ शेष पेज 4 पर

मंदसौर में लेन-देन के विवाद में चली गोलियां

## सराफा व्यापारी, पत्नी सहित एक युवक की मौके पर मौत

**मौके से एक पिस्टल और एक चाकू भी जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

गोल चौराहा इलाके में बुधवार रात व्यापारिक लेन-देन के विवाद को लेकर हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सराफा व्यापारी दिलीप जैन, उनकी पत्नी रेखा जैन और विकास सोनी के रूप में हुई है।

घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एसपी विनोद कुमार मीणा और एडिशनल एसपी टीएस बघेल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।



रेखा जैन | दिलीप जैन | विकास सोनी

हालात को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दिलीप जैन छिंगावत व्यापारियों का सोना लेकर जेवर बनाने का काम करते थे। मंदसौर और आसपास के कई व्यापारियों का कई किलो सोना उनके पास होने की जानकारी सामने आ रही है। पुलिस व्यापारिक लेन-देन और आपसी रंजिश सहित सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीसरा मृतक विकास सोनी, दिलीप जैन के घर पहुंचा था। रात करीब साढ़े 8 बजे घर के अंदर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। एसपी विनोद कुमार मीणा ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सेरेंगेटी में शेर ऐसे दिखते हैं जैसे गांव में गाय




डॉ. हिमांशु द्विवेदी

**घड़ी की सुइयां अब दोपहर के बारह बजाने को हैं, और हमारा वाहन सेरेंगेटी नेशनल पार्क के अंदर दाखिल हो रहा है। वाहन के संबंध में भी आपको यह जानकर हैरत होगी कि सफारी के लिए केवल एक ही कंपनी का एक ही मॉडल आपको चहुंओर दिखाई देगा और वह है टोयोटा कंपनी की लैंड क्रूजर। ऐसा पार्क प्रबंधन या सरकार के किसी नियम के तहत नहीं बल्कि गुणवत्ता और उपयोगिता के आधार पर है। तमाम सफारी कंपनी लैंड क्रूजर को लेने के बाद जंगल पर्यटन के लिहाज से उसे तैयार कराती हैं। इसमें वाहन को 55 सेंटीमीटर तक और लंबा किया जाना और छत को खास तरीके से खोला जाना शामिल है।**

यात्रा वृत्तांत

उद्यान में दाखिल होते ही हमें झटका सा लगा। जंगल को लेकर हमारी कल्पना तो घने और ऊंचे वृक्षों की रहती है लेकिन यहां तो मीलों निगाह दौड़ाने पर भी कहीं कहीं कोई ठूंठ ही दिखाई दे रहा था। हर तरफ बस छोटी- बड़ी और सूखी या हरी घास ही जमीन पर बिछी दिखाई दे रही थी। हालांकि बाद में कुछ कुछ जगहों पर पेड़ भी दिखाई दिए लेकिन उनकी सीमित संख्या वन का अहसास तो बिल्कुल भी नहीं कराती। पार्क में दाखिल होने दो तीन मिनट के भीतर ही हमारा सामना गणपति अर्थात ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### मसाई मारा

*मसाई मारा के जो यह दो शब्द हैं मसाई जनजाति और मारा नदी को अभिव्यक्त करते हैं। मसाई जनजाति का निवास क्षेत्र केन्या और उत्तरी तंजानिया का विशाल भूभाग ही है। मूलत पशुपालक इस समुदाय को ही राष्ट्रीय उद्यान बनने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। जिस जमीन पर उनके पूर्वज सैकड़ों सालों से रहते आए थे, वहां से उन्हें दूसरों के अपराधों के चलते विस्थापित होना पड़ा। गुलामी के काल खंड में विदेशियों ने आकर यहां बेहिसाब शिकार किया और उसकी सजा विस्थापन के रूप में इस समुदाय को भुगतना पड़ रही है। मारा नदी केन्या और तंजानिया के बीच बहती है महा प्रवासन के दौरान नदी में मौजूद घड़ियालों के द्वारा विल्डर बीस्ट का शिकार देखने जुलाई से सितंबर के बीच हजारों सैलानी दुनियाभर से यहां आते हैं।*


ALLEN
शिक्षा की पहचान से, भविष्य निर्माण तक
शिक्षा की काशी कोटा आपके साथ
ALLEN Classroom Champions of JEE & NEET (UG) 2025
AIR 1 Rajit Gupta Classroom Course IIT, Bombay (CSE)
AIR 2 Saksham Jindal Classroom Course IIT, Bombay (CSE)
AIR 4 Mrinal Kishore Jha Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 6 Akshat K. Chaurasia Classroom Course IIT, Bombay (CSE)
AIR 7 Keshav Mittal Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 8 Devesh P. Bhaiya Classroom Course MIT, US
AIR 8 Jha Bhavya Chirag Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 12 Aashi Singh Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 13 Vedansh Garg Classroom Course IIT, Bombay (CSE)
AIR 13 Tanay Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 14 Ritwik Khandelwal Classroom Course IIT, Bombay (CSE)
AIR 15 Manvendra S. Rajpurohit Classroom Course AIIMS, Delhi
AIR 17 Aagam J. Shah Classroom Course IIT, Bombay (CSE)
JEE Adv. 2025
4 Students in Top 10 AIR
46 Students in Top 100 AIR
NEET-UG 2025
4 Students in Top 10 AIR
39 Students in Top 100 AIR
Champions of Olympiads 2025
IJSO 2025
GOLD MEDAL Aadish Jain Online Classroom
SILVER MEDAL Ruhan Mohanty Classroom Course
SILVER MEDAL S V Tejas Classroom Course
IOAA-Jr. 2025
GOLD MEDAL Aaron Thakkar Classroom Course
SILVER MEDAL Swara Patel Classroom Course
IPhO 2025
GOLD MEDAL Kanishk Jain Classroom Course
GOLD MEDAL Riddhesh Bendale Classroom Course
SILVER MEDAL Aagam Shah Classroom Course
SILVER MEDAL Rajit Gupta Classroom Course
IChO 2025
GOLD MEDAL Devesh Pankaj Bhaiya Classroom Course
SILVER MEDAL Debadatta Priyadarshi Classroom Course
IBO 2025
GOLD MEDAL Rudra Pethani Classroom Course
IOAA 2025
GOLD MEDAL Aarush Mishra Classroom Course
GOLD MEDAL Panini Classroom Course
IESO 2025
1 SILVER (ESP) Apamnidhi Pandey Classroom Course
2 SILVER (ESP & ITFI) 1 BRONZE (Ind. Test) Charuvrat Bains Online Classroom
1 BRONZE (ITFI) Priyanshi G. Classroom Course
✓ Unmatched results
✓ 37 years of trust
✓ Largest pool of experienced faculty
✓ National level competitive environment
✓ Personalized mentorship
✓ Personalized doubt counters
✓ AI enabled app
ADMISSIONS OPEN
NEET | JEE | Olympiads | Class 6th to 12th & 12th pass
ASAT SCHOLARSHIP TEST
Appear & Get Up to 90% Scholarship*
Test Dates
04 & 18 JAN. 2026
SCAN TO REGISTER
Special Festive OFFER
ASAT AT JUST
₹500 ₹99
For limited period
Don't Miss Your Special Fee Benefit!
TALLENTEX or ASAT Scholars Receive a Dual Advantage: Scholarship* + SFB*
ALLEN KOTA 89513-95299, 86906-60111 allen.ac.in
ALLEN BHOPAL 8951395480 allen.ac.in/bhopal
ALLEN GWALIOR 9513683910 allen.ac.in/gwalior
ALLEN INDORE 9513731667 allen.ac.in/indore
ALLEN UJJAIN 9606970167 allen.ac.in/ujjain
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment for the students to prepare for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examinations. Selection also depends on other factors like preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid and full time online/classroom course.
*Subject to T&C of scholarship, rewards and other fee benefits.

## पेज एक का शेष...

### आज करीब 50 हजार...

की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। अनुमान है कि नववर्ष की पहली सुबह 50 हजार से ज्यादा की संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में मत्था टेकने पहुंचेंगे। दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए बैरिकेडिंग, अलग-अलग कतारें और श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश-निकास के मार्ग तय किए गए हैं। ठंड और कोहरे को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा, अलाव और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। नववर्ष के अवसर पर मां पीतांबरा के दर्शन के बाद श्रद्धालु महाभारत कालीन बनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे और माता धूमावती के दरबार में भी हाजिरी लगाएंगे। इसके अलावा दतिया की विषहर्ता देवी रतनगढ़ माता के मंदिर में भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके चलते पूरे धार्मिक क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं।

### आज करीब 1 ...

में पहुंच चुका है। देवी लोक लगभग 260 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहा है। मई 2023 में शुरू हुई इस परियोजना का करीब 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। पूरे देवी लोक का निर्माण लाल पत्थर, बंसी पहाड़पुर के विशिष्ट शिलाखंडों से किया गया है, जिन पर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों, देवी-देवताओं और पौराणिक कथाओं को उकेरा गया है। आधा किलोमीटर लंबे देवी लोक कॉरिडोर में स्थापित भव्य स्तंभ और शिल्पकृतियां श्रद्धालुओं को मानो देवी लोक की यात्रा का अनुभव कराती हैं। नए साल के पहले दिन यहां करीब 1 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। सलकनपुर देवीधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने बताया कि देवी लोक का कार्य अंतिम अवस्था में है। मंदिर परिसर में सोने-चांदी का कार्य ट्रस्ट के अंतर्गत किया जा रहा है।

### 5 तक वीआईपी दर्शन...

समिति द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं जुटाई गई हैं। बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पार्किंग व्यवस्था के साथ उन्हें माता रानी के सुगमता के साथ दर्शन हो इसके लिए गर्भ गृह के बाहर से दर्शन व्यवस्था की गई है। वहीं, 5 जनवरी तक वीआईपी दर्शन व्यवस्था बंद की गई है। तहसीलदार एवं पदेन सचिव मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति प्रियंक श्रीवास्तव ने बताया कि सभी दर्शनार्थी कतार में लग कर ही दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि दर्शन व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि प्रत्येक भक्त को 15 से 20 मिनिट में दर्शन हो रहे है। तहसीलदार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रबंध समिति द्वारा पार्किंग व्यवस्था भी सुदृढ की गई है। मंदिर के समीप एवं एक नंबर व दो नंबर पार्किंग के साथ ही तीर्थ यात्री सेवा सदन में भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दोपहिया व चौपहिया वाहनों के लिए अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### वीआईपी दर्शन ...

दर्शनार्थियों को सुरक्षित और सुगम दर्शन उपलब्ध कराना है। मैहर के रक्षित निरीक्षक निपेंद्र सिंह के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए 300 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें आरक्षक से लेकर डीएसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। स्थानीय बल के साथ-साथ सतना, सीधी, रीवा और बालाघाट मंडलों से भी अतिरिक्त पुलिस टुकड़ियों को बुलाया गया है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन कैमरों के जरिए पूरे मेला क्षेत्र और मंदिर परिसर की हवाई निगरानी की जाएगी। लगभग 250 से 300 सीसीटीवी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए तीन विशेष पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त बल तैनात कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, एडिशनल एसपी चंचल नागर और सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दर्शनार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए वीआईपी दर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे ताकि आम श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। माता के पट सुबह 3 बजे खुलेंगे और भीड़ अधिक होने पर देर रात तक दर्शन जारी रहेंगे। श्रद्धालु सीढ़ियों के अलावा ओमनी वैन का भी उपयोग कर सकेंगे।

### नए साल के जश्न...

मौतों की पुष्टि की गई है। इनमें नंदराम (70), उर्मिला (60) और ताराबाई कोरी (70) शामिल हैं। प्रशासन के मुताबिक इन तीनों की मौत डायरिया के कारण हुई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि शेष मौतों की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बुधवार को भागीरथपुरा में पांच माह के अव्यान साहू समेत 4 लोगों ने दम तोड़ा।

**अफसरों पर हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई:** मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को नगर निगम और पीएचई विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। जोनल अधिकारी शालिग्राम शितोले को निलंबित कर दिया गया है। पीएचई के प्रभारी सहायक अभियंता योगेश जोशी को भी निलंबित किया गया है। वहीं, प्रभारी डिप्टी इंजीनियर शुभम श्रीवास्तव की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

**कांग्रेस ने बनाई 5 सदस्यीय जांच समिति:** कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए 5 सदस्यीय समिति बनाई है। इसमें पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, जयवर्धन सिंह, बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत, तराना विधायक महेश परमार और सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल शामिल हैं।

### लोगों को मुफ्त ...

शहर में दूषित पीने के पानी की घटना पर सरकार से दो दिनों के भीतर यानी 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस राजेश कुमार गुप्ता और बीपी शर्मा की वैकेशन बेंच ने इंदौर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश इनानी द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए।

### इधर, भोपाल में ...

बाद रिपोर्ट देने के आदेश भी दिए हैं। अवधपुरी क्षेत्र में टीम पहुंची थी। कुछ घरों से पानी के सैंपल भी लिए गए हैं।

### मौलाना बोले...

हो गए हैं। उन्होंने नुसरत के महाकाल मंदिर के दर्शन करने को गंगा जमुना तहजीब और घर वापसी बताकर मौलाना को ऐसे मामले से दूर रहने की सलाह दी है। मौलाना रजवी ने कहा- नुसरत भरूचा उज्जैन के महाकाल मंदिर गईं। वह मुस्लिम महिला हैं। उन्होंने पूजा की। जल चढ़ाया और वहां की धार्मिक परंपराओं का पालन किया। इस्लाम इन सभी कामों की इजाजत नहीं देता। शरीयत की नजर में नुसरत गुनहगार हैं, उनको तौबा करनी चाहिए। शरिया का हुक्म है कि नुसरत को पछतावा करना चाहिए। कलमा पढ़ना चाहिए।

### सीएम ने उमरिया में...

आशीर्वाद से हम सब जनता के कल्याण में लगे रहे हैं। भगवान का आशीर्वाद हमारे साथ है। इससे पहले सीएम ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान बाघ के दीदार किए।

इसके बाद उन्होंने ताला क्षेत्र में अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की।

### डिलीवरी कर्मचारियों...

दी है, जिसके तहत डिलीवरी कर्मचारियों को 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक 10,000 रुपए तक की कमाई का मौका दिया जा रहा है। स्विगी ने शाम 6 बजे से रात 12 तक के बीच पीक आवर्स में डिलीवरी कर्मचारियों को 2,000 रुपए तक की कमाई का वादा किया है, जिससे साल के सबसे व्यस्त ऑर्डरिंग समय में डिलीवरी कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म जेप्टो ने भी इसी राह पर चलते हुए डिलीवरी कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ा दी है।

### शहर की सांस्कृतिक...

जिन्होंने समुद्र तटों पर रेत से बनाई गई अपनी कलाकृतियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। उन्हें राष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल सम्मान, युवा कलाकार सम्मान, न्यूज सेवन एवं प्रमेय उत्कृष्ट अवार्ड, साधना शिखर सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है।

रेत पर निर्मित राम मंदिर चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेस में जबलपुर की सांस्कृतिक पहचान में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

**जाहिर सूचना**
**मूल दान पत्र गुम होने के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्रीमती संगीता पुष्पकार पत्नी श्री पूरन सिंह माली उर्फ पूरनलाल माली पुत्री स्व. श्री हजारीलाल माली (2) गोविन्द सिंह पुष्पकार पुत्र श्री पूरन सिंह जी निवासीगण–ग्राम जगदीशपुर, तहसील हुजूर जिला भोपाल, मध्यप्रदेश के मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम इस्लामनगर (जगदीशपुर), तहसील हुजूर जिला भोपाल जिसका खसरा क्रमांक –319/2 रकबा 0.98 एकड़ एवं खसरा क्रमांक–322/1 में से 0.27 एकड़ इस प्रकार कुल रकबा 1.25 एकड़ भूमि है जो कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा दान पत्र दिनांक 27.08.2018 ई–पंजीकरण संख्या क्रमांक एम.पी.059692018ए1600780 दिनांक 27.08.2018 पर माध्यम से प्राप्त किया गया था। उक्त मूल दान पत्र एवं उसके साथ रखी कुछ फोटो प्रति मेरे पक्षकार के निवास स्थान मकान नम्बर 4, आशियाना कॉलोनी, बेरसिया रोड, भोपाल से हाउसिंग बोर्ड चौराहा पर फोटो कॉपी कराने हेतु जाते समय आज दिनांक 31.12.2025 को रास्ते में कही गुम हो गई है जो कि काफी ढूंढने के पश्चात् भी नही मिल पा रही है। जिसके संबंध में पुलिस थाना निशातपुरा, भोपाल में दस्तावेज गुम होने की सूचना प्रदान कर दी गई है।

**मो. अनस अहमद सिद्दीकी अधिवक्ता**
कार्या : फ्लेट नम्बर 2, प्रथमतल, दीपनिशा इनक्लेव, डी-110, फिरदौस नगर, बैरसिया रोड भोपाल मोबा. नं.- 9981802782

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक 658 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री शंकर राव सुरजे आत्मज श्री तुकाराम सुरजे के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 6461-69 दिनांक 21/05/1987 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/06/1987 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री अक्षत जैन आत्मज श्री आनंद कुमार जैन के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 12/12/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री अक्षत जैन आत्मज श्री आनंद कुमार जैन के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

## पेज दो का शेष....

### 62 आईएएस ...

आयुक्त आबकारी अभिजीत अग्रवाल, आयुक्त उज्जैन व सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, संचालक पंचायत राज छोटे सिंह, संचालक स्वास्थ्य दिनेश श्रीवास्तव, सचिव राजस्व मंडल सपना निगम, आयुक्त जनसंपर्क दीपक कुमार सक्सेना, एडि. सीईओ राम प्रताप जादौन, सचिव बसंत कुर्रे, आयुक्त चंबल संभाग सुरेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री चंद्रशेखर वालिंबे तथा सचिव नगरीय विकास विभाग शीलेंद्र सिंह को पदोन्नति के बाद सचिव स्तरीय पद पर पदस्थ किया गया है। वर्ष 2013 बैच के 24 आईएएस अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करते हुए उन्हें वर्तमान पदों पर पदस्थ किया गया है। जबकि 2017 बैच के 15 आईएएस अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड प्रदान किया गया है।

### स्पेशल डीजी बने ....

हो गई है। अनंत कुमार सिंह के प्रतिनियुक्ति से वापस न आने पर एडीजी एजेके आशुतोष राय इस पद पर पदोन्नत किया गया है। 2010 के 4 अधिकारी, 2011 बैच के 4 अधिकारी और 2012 बैच के 5 अधिकारी डीआईजी के पद तक प्रमोट हुए हैं। पदोन्नति में कई जिलों पुलिस अफसर डीआईजी बन रहे हैं। इसमें खंडवा एसपी मनोज राय के साथ ही भोपाल जोन-2 के डीसीपी विवेक सिंह, झाबुआ एसपी डॉ. शिवदयाल, धार एसपी मयंक अवस्थी, रीवा एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान, भिंड एसपी असित यादव शामिल हैं।

### महाकाल के दरबार....

भीड़ ही ओंकारेश्वर पहुंच रही है।

### प्रशासन कह रहा...

कहना पड़ा है कि अब और श्रद्धालु न आएं। जनवरी के बाद ही आएं। भगवान जगन्नाथ पुरी मंदिर में करीब 3 लाख भक्तों ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दर्शन किए हैं ।

### 28 दिन तक....

1 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की गई। एसपी अमित कुमार ने बताया कि 15 नवंबर को फरियादी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए मनी लांड्रिंग का डर दिखाया। मामले में कश्मीर, गुजरात, बिहार, असम, मप्र के चेन में अभी तक 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि कई अन्य बाकी हैं।

### वॉट्सएप चेक करने ....

में जमा थी। रमेश सिंह ने बताया कि 22 दिसंबर को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। पहली बार उन्होंने कॉल नहीं उठाई, लेकिन दूसरी बार आने पर उन्होंने फोन रिसीव कर लिया। कॉल करने वाले ने उनसे कहा कि उसने वॉट्सएप पर कुछ भेजा है, उसे चेक कर लें। इसी दौरान उनके मोबाइल पर ओटीपी और बैंक से 5 लाख रुपए कटने का मैसेज आ गया। खाते से अचानक रकम निकलने की जानकारी मिलते ही वे घबरा गए। रमेश सिंह तुरंत बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक को पूरी जानकारी दी। समय रहते उनके बैंक खाते को फ्रीज करा दिया गया। इस दौरान साइबर ठगों ने खाते से दो लाख रुपए बच गए।

### छिंदवाड़ा में खेत...

मार दिया। हमला इतना जबरदस्त था कि किसान को संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### फ्लाइट दो घंटे ...

क्रू मेंबर याशी और रिया के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। महिला क्रू मेंबर ने ड्यूटी ऑफिसर शरीफ कुरैशी को बुलाकर घटना की जानकारी दी। यात्री ने कहा कि फ्लाइट पहले ही दो घंटे लेट है और वह अब फ्लाइट से उतरना चाहता है। समझाने के प्रयास पर यात्री गाली-गलौज करने लगा। हंगामे के दौरान यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलकर नीचे उतरने का प्रयास किया, जिसे समय रहते रोक लिया गया। पुलिस ने हरियाणा निवासी सुनीलकुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### निमेसुलाइड के उत्पादन ...

से मानव स्वास्थ्य को जोखिम हो सकता है और इनके सुरक्षित विकल्प पहले से मौजूद हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इसको लेकर 29 दिसंबर 2025 को अधिसूचना जारी की।

### आम लोगों से ...

ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में संशोधन का मसौदा भी जारी किया था और इस पर आम लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे।

### सराफा व्यापारी, पत्नी...

बताया कि घटनास्थल से पति-पत्नी समेत तीनों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से एक पिस्टल और एक चाकू भी जब्त किया गया है। कहा जा रहा है विकास ने दंपती को गोली मारने के बाद भागने की कोशिश की पर तब तक गोली की आवाज सुनकर लोग एकत्र होने लगे तो उसने अंदर जाकर खुद को भी गोली मार ली। मृतक के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। पुलिस व्यापारिक लेन-देन सहित सभी पहलुओं से मामले की गहन जांच कर रही है।

### सेरेंगेटी में शेर ...

हाथियों के समूह से हो गया। इनके कान हमारे भारत में पाये जाने वाले हाथियों के मुकाबले खासे बड़े थे। हमीद के अनुसार इन हाथियों को पालतू बनना नामुमकिन है क्योंकि इनका स्वभाव काफी आक्रामक है। एशियाई हाथियों के मुकाबले इनका स्वभाव पूरी तरह भिन्न है। यह समूह में रहते हैं और इनका कुनबा मातृसत्तात्मक है। अर्थात समूह का नेतृत्व सर्वाधिक उम्रदराज मादा के द्वारा किया जाता है। इनका विशाल डील डौल बाकी जानवरों के हमले से इन्हें सुरक्षित बनाए रखता है लेकिन अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए इन्हें सचेत रहना होता है। पेड़ों की गैर मौजूदगी यहां जानवरों से आपकी मुलाकात कराने में खासी मददगार है। बिना खास मशक्कत के आपको वह तमाम जानवर पर्याप्त संख्या में स्वाभाविक स्वरूप में सहजता से ही दिख जाएंगे, जिनके आपने अभी तक नाम ही सुने हैं। लकड़बग्गा, मंगूश, सियार , इंपाला, बबून जैसे जानवर तो आपको सहजता से ही दिख जायेंगे लेकिन सचेत निगाहों से चारों ओर देखते रहने पर आपकी मुलाकात चीता और तेंदुआ से भी जरूर हो जाएगी। यह कथन अनुभव आधारित है, इसका सीधा आशय यह है कि हमारी भी हुई। सबसे अद्भुत रहता है माइग्रेशन अर्थात प्रवासन का दृश्य। हम महत्वपूर्ण मौकों पर परेड देखते हैं। जिसमें तीनों सेनाएं अर्थात थल, जल और वायुसेना के जवान कतारबद्ध हो अनुशासन में चलते हुए देखते हैं। कमोबेश वैसा ही दृश्य आपको सेरेंगेट्टी में कई स्थान पर देखने को मिलेगा। कुछ सौ मीटर से लेकर यह कतार कई किमी तक की हो सकती है। जिसमें स्व अनुशासन में सैकड़ों विल्डर बीस्ट, जेब्रा और कहीं कहीं गजेल भी सीधी कतार में चलते हुए दिखाई देंगे। यहां शेर अर्थात सिंह से मुलाकात तो ऐसे हो जाती है जैसे गांव में गाय भैंस से। एक स्थान पर तो एक साथ चौदह शेर भी देखने का मौका मिला। बाघ के स्वभाव के ठीक विपरीत शेर सामाजिक जीवन जीते हैं। बाघिन तो अपने बच्चों को उसके पिता से बचाने की कोशिश में ही लगी रहती हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
जोन क्र. 02, (यांत्रिक विभाग)
क्र. 82/यां.वि./2025-26 भोपाल, दिनांक-31.12.2025
निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पर सेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।
TENDER START DATE 31.12.2025 BID SUBMMISION END DATE 14.01.2026 OPEN DATE 15.01.2026

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _460718_2 | ASPHALTING WORK AT BATRA HOUSE TO MUJIB BHAI HOUSE SQUARE HOUSING BOARD COLONY KOH E FIZA WARD NO.7, Z-02 | 1439861 | 10799 | 2000/- | Road and Bridge 2021 | 03 month |
| 2 | 2025_UAD _460727_2 | ASPHALTING OF ROAD AT FILFORA TO SAPORE HOUSE KOH E FIZA WARD NO.7, Z-02 | 1332030 | 9990 | 2000/- | Road and Bridge 2021 | 03 month |
| 3 | 2025_UAD _460767_2 | ASPHALTING WORK AT THADDARAM COMPLEX TO HANUMAN MANDIR SQUARE KOH E FIZA WARD NO.7, Z-02 | 608928 | 6089 | 2000/- | Road and Bridge 2021 | 02 month |
| 4 | 2025_UAD _472036_2 | CONST.OF.C.C ROAD AT WALI MASJID KANJE BHAI HOUSE KOHE FIZA WARD NO.7, Z-02 | 921195 | 9212 | 2000/- | Road and Bridge 2021 | 03 month |

नोटः- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रो में प्रकाशित नहीं होंगें। 1) प्रपत्र की निर्धारित राशि पर एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होगें एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी website https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। 2) किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा। 3) सफलतम निविदार से अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी (Additional performance guarantee security) के रूप में, प्राप्त निविदा राशि (contract amount) एवं एसओ.आर से 10 प्रतिशत कम की निविदा राशि (cost of PAC @ 10% Below) के अंतर की राशि लिया जाना प्रावधानित है।

नि.क्र.- 2898/025/026
सहायक यंत्री
जोन क्र 02, नगर निगम भोपाल

**म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन**
प्रधान कार्यालय ऑफिस कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक 'अ', गौतम नगर भोपाल-462023, फोन नं. : 0755-2600148, 2600524 2600518, 2600503, 2600507, फैक्स नं. : 0755-2600384
Website : www.mpwarehousing.mp.gov.in
E-mail : ho@mpwlc.co.in, helpdesk@mpwlc.co.in
क्र. मप्रवेलाका/वाहन/2025/5293 भोपाल, दि. 31.12.2025

**MPWLC में चार पहिया वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना**

म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन (MPWLC) के कार्यालयीन उपयोग हेतु मासिक/दैनिक आधार पर टैक्सी कोटे में पंजीकृत वाहन सेवा प्रदान करने हेतु पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंसियों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदाकार, निविदा प्रपत्र राशि रु. 2,360.00 (जी.एस.टी. सहित) जमा करके http://www.mptenders.gov.in से दि. 01.01.2026 से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा जमा करने की **अंतिम दि. 20.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक है।** निविदा संबंधी तकनीकी प्रस्ताव उपयुक्त पाये जाने की स्थिति में ही संबंधित निविदाकार का वित्तीय प्रस्ताव खोला जायेगा।
सक्षम व इच्छुक पंजीकृत ट्रेवल्स एजेंसियां निविदा प्रपत्र, निर्धारित शर्तें एवं अन्य जानकारी निगम की वेबसाइट mpwarehousing.mp.gov.in पर भी देख सकते हैं। इस निविदा आमंत्रण सूचना के आगामी संशोधन सिर्फ निगम की Website व http://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
म.प्र. माध्यम/123773/2025 अतिरिक्त प्रबंध संचालक

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

**हरिभूमि** समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



**सफेद दाग** गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


## शब्द पहेली - 6095



**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 6094 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6105

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |




## होटल, रेस्टोरेंट और कॉलोनियों में देर रात तक चला सेलिब्रेशन

# नए साल पर 150 नई जगहों पर छलके जाम, जमकर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार 31 दिसंबर पर राजधानी के होटल-रेस्टोरेंट, क्लब और पब में नए साल का जश्न मनाया गया। यह जश्न डेढ़ सौ नई जगहों पर भी मनाया गया। यहां शराब के शौकीनों को देखते हुए आबकारी विभाग से अस्थाई लाइसेंस लिए गए हैं। अब तक नई जगहों पर शराब पिलाने के लिए 150 से अधिक जगहों पर लाइसेंस के लिए परमिशन ली गई है। बुधवार तक दो सौ लाइसेंस (एफएल-5) जारी किए हैं। हालांकि शहर में 31 दिसंबर को 300 से अधिक जगहों पर शराब की पार्टियां होती हैं। इनमें पांच दर्जन से अधिक होटल, रेस्टारेंट बार, रिसोर्ट ढाबे और क्लब हैं, जिनके पास नियमित बार लाइसेंस है। बाकी लोग एक या दो दिन के लिए आबकारी विभाग से एफएल-5 लाइसेंस लेते हैं या फिर अवैध रूप से पार्टियों का आयोजन करते हैं।

नए साल में कई लोग निजी पार्टी के लिए भी लाइसेंस लेते हैं। पिछले साल आबकारी विभाग ने एफएल- 5 के 150 लाइसेंस जारी किए थे। इससे 30 लाख रुपए का राजस्व मिला था। इस बार शराब के शौकीन करीब सवा चार करोड़ रुपए की शराब गटक जाएंगे। जिले में रोजाना साढ़े तीन करोड़ की शराब की खपत है। पिछले सालों का रिकार्ड देखे, तो नए साल पर शराब की खपत में 20 प्रतिशत से ज्यादा की खपत होती है।

*31 दिसंबर पर बिकी चार करोड़ रुपए की शराब*

*300 लोगों ने लिए अस्थाई लाइसेंस, 150 घर में बार खोले*

*शहरवासियों ने अपने परिवार दोस्तों के साथ मनाया जश्न*

*रात 12 बजे के बाद भी पार्टियों का दौर चलता रहा*

### भोपाल जिले की 87 शराब दुकानों पर रही भीड़, नए साल पर 20% ज्यादा खपत


नए साल के जश्न में झूमते युवा, महिलाएं और बच्चे।

जिले की शराब की 87 लाइसेंस दुकान और पांच दर्जन से अधिक होटल, रेस्टोरेंट बार और पब है। इन शराब दुकानों पर रोजाना साढ़े तीन करोड़ रुपए की शराब की खपत होती है। इनमें होटल, रेस्टोरेंट बार और पब की खपत शामिल नहीं है। न्यू इयर में शराब की खपत 20 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ जाती हे। यानी इस बार बुधवार को एक करोड़ रुपए की ज्यादा शराब बिक गई।

**आबकारी की दस टीमों ने रखी नजर**

जिला आबकारी कंट्रोलर रामगोपाल भदौरिया का कहना है कि विभाग ने अनाधिकृत रूप से होने वाली शराब पार्टी और शराब की तस्करी करने वालों की निगरानी भी शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने रणनीति बनाई है। इसके लिए 10 टीमें बनाई हैं। अगले दो दिनों तक ये टीमें अवैध रूप से शराब पार्टी या पिलाने वालों की सूचना मिलने पर कार्रवाई करेंगी।

## नए साल में शहर नजर आएगा स्मार्ट, 100 ई-बसें दौड़ेगी छोटे आकार के स्मार्ट बस स्टॉप होंगे, मेट्रो का भी होगा विस्तार

नए साल 2026 में शहर स्मार्ट नजर आएगा। साल 2025 के दिसंबर में शहर को मेट्रो की सौगात मिलने के बाद नए साल में इसका विस्तार होगा। नए साल में 100 ई-बसें सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। यही नहीं, इन बसों के लिए छोटे आकार के सर्वसुविधायुक्त बस स्टॉप होंगे। जिन्हें ग्रीन कांन्सेप्ट की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। निगम के पास खुद का अपना भवन होगा। 40 करोड़ रुपए से बने भवन में जनवरी से ही विभागों को शिफ्ट करने का काम शुरू हो जाएगा। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बंटे निगम के विभाग एक ही छत के नीचे होंगे। जबकि अमृत 2.0 योजना के तहत वाटर डिस्ट्रीब्यूशन और सीवेज नेटवर्क को मजबूत करने का काम चल रहा है। शहर में मार्च-अप्रैल-26 में संचालित होने वाली ई-बसें में 80 हजार से ज्यादा यात्रियों को लाभ मिलेगा। इन बसों के संचालन एवं चार्जिंग के लिए कस्तूरबा नगर व संत हिरदाराम नगर में अत्याधुनिक डिपो के निर्माण, विद्युत सहित अन्य कामों पर करीब 25 करोड़ 44 लाख रूपए खर्च किए जा रहे हैं।

### ई-बसों को यह सुविधाएं बनाएगी खास

इलेक्ट्रिक बसों में केन्द्र शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष रूप से व्हीलचेयर सहित चढ़ने के लिए ऑटोमेटिक लिफ्ट प्रावधानित है। इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा एवं विशेषकर महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए बसों में आधुनिकतम आईटीएमएस व्यवस्था अंतर्गत बसों की रीयल टाइम ट्रेकिंग, सीसीटीवी कैमरा का लाइव फीलड, जीपीएस डिवाइस, पेनिक बटन, पैसेंजर काउंटर एवं पैसेंजर इंफॉरमेशन सिस्टम संस्थापित किए जाएंगे। लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों को शामिल करेंगे और जनसंख्या घनत्व के मान से 5 रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है।

### 40 करोड़ रुपए से बना है निगम मुख्यालय

नगर निगम ने लिंक रोड नंबर दो पर ग्रीन बिल्डिंग कॉसेप्ट पर अपना नया मुख्यालय भवन बनकर तैयार है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर अब तक करीब 40 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुके हैं। यहां फर्नीचर का काम चल रहा है।


बोट क्लब पर नए साल के स्वागत में आतिशबाजी की गई।

### होटल-रेस्टॉरेंट में हुए आयोजन, झूमे युवा

राजधानी के होटल-रेस्टोरेंट, क्लब और पब में नए साल का जश्न मनाया गया। इस बार शाम से ही चहल पहल शुरु हो गई थी। रात 12 बजे के बाद पार्टियों का दौर चलता रहा। इधर कॉलोनियों और घरों में देर रात तक सेलिब्रेशन कर नए साल का स्वागत किया। होटल-रेस्टोरेंट, क्लब और पब में देर रात तक सेलिब्रेशन चलता रहा। नए साल के मौके पर युवाओं ने जहां होटल, रेस्टॉरेंट और पबों में नए साल का स्वागत किया, वहीं आम लोगों ने परिवार के साथ नए साल मनाया।


बस ड्राइवर की चेकिंग करता यातायात कर्मी।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ा

नए साल पर बुधवार रात शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग हुई। नशा करने वाले लोगों को पकड़ा गया। इस दौरान एक ड्राइवर नशे में मिला तो उसकी बस से यात्रियों को बाहर निकाला गया।


बाइक सवार युवकों की चेकिंग करता पुलिस कर्मी।

### नगर निगम में आम लोगों से जुड़ी सेवाओं की प्रक्रिया होगी आसान

निगम ने हाल ही में विवाह प्रमाण-पत्र के लिए सेवाएं आर्नलाइन कर दी हैं। नए साल में इस प्रक्रिया के तहत वर-वधु को विवाह पंजीयन शाखा में उपस्थित होकर सत्यापन करने की प्रक्रिया भी खत्म कर दी जाएगी। जबकि नवविवाहितों के विवाह पंजीयन के लिए फीस कम करने और वार्ड से कर्मचारी घर पहुंचकर सत्यापन करने की सुविधा मिलेगी। इसी तरह वार्ड और जोन स्तर पर क्षेत्रीय कॉल सेंटर शुरू करने की योजना है।

**अंधविश्वास और लापरवाही के दो उदाहरण**

## इलाज की बजाए मासूम को ठीक कराने के लिए करते रहे झाड़-फूंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया के ग्राम आकिया की आशा कार्यकर्ता सुमन लोवंशी की सजगता से 15 दिन की मासूम की जान बच गई। 15 दिन की मासूम बच्ची का लगातार वजन घट रहा था। जन्म के समय बच्ची का वजन 2.5 किलो था जो लगातार घटकर महज एक किलो सात सौ ग्राम रह गया। परिजन मासूम का अस्पताल में इलाज करने की बजाए अंधविश्वास में पड़कर झाड़-फूंक से बच्ची का इलाज करा रहे थे। ऐसे समय में गांव की आशा कार्यकर्ता सुमन लोवंशी ने हालात की गंभीरता को समझा और हार नहीं मानी।

लगातार समझाइश, निगरानी और अधिकारियों को सूचना देकर आखिरकार बच्ची को अस्पताल पहुंचाया गया। बुधवार को कमला नेहरू अस्पताल में इलाज के बाद नवजात के वजन और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। यह मामला न सिर्फ आशा कार्यकर्ता की सजगता को दिखाता है, बल्कि यह भी बताता है कि समय पर लिया गया एक सही फैसला जीवन और मृत्यु के बीच का फर्क बन सकता है।


बच्ची के परिवार के साथ आशा कार्यकर्ता सुमन लोवंशी।

### घर-घर जाकर बच्चों की स्थिति देख रही आशा कार्यकर्ताओं की टीम

शिशु मृत्यु दर कम करने और नवजातों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए गृह आधारित शिशु स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत आशा कार्यकर्ता जन्म के बाद नियमित अंतराल पर घर-घर जाकर बच्चों की स्थिति का आकलन करती हैं और जरूरत पड़ने पर समय पर उपचार सुनिश्चित कराती हैं।

**डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ**

### परिजनों का मानना: नजर दोष के कारण बच्ची हो रही कमजोर

बच्ची की बिगड़ती हालत पर परिजनों का मानना था कि किसी बाहरी असर या नजर दोष के कारण बच्ची कमजोर हो रही है। आशा कार्यकर्ता सुमन नियमित रूप से मां और नवजात की निगरानी कर रही थी। उन्होंने तुरंत आशा सुपरवाइजर को सूचना दी और बच्ची को अस्पताल ले जाने पर जोर दिया। परिजन तैयार नहीं हुए। परिजनों के इनकार के बाद मामला सीएमएचओ कार्यालय तक पहुंचाया गया। निर्देश मिलते ही ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य टीम सक्रिय हुई। सामूहिक समझाइश और प्रशासनिक सहयोग के बाद 26 दिसंबर को बच्ची को 108 एंबुलेंस से कमला नेहरू अस्पताल भोपाल में भर्ती कराया गया।

## आंख में हुई खुजली तो डॉक्टर की सलाह बिना डाला ड्रॉप, बच्ची का कार्निया जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंखों में खुजली होने पर मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की सलाह आई ड्रॉप डालने से एक 15 साल की बच्ची की आंख का कॉर्निया जल गया। बच्ची को गलत स्टेरॉइड बेस्ड आई ड्रॉप से उसकी आंख का कॉर्निया जलने केसाथ देखने की क्षमता लगभग खत्म हो गई। हालात इतने बिगड़े कि कॉर्निया फटने की नौबत आ गई। राहत की बात यह रही कि गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में दान में मिली कॉर्निया से समय रहते ट्रांसप्लांट कर बच्ची की आंख की रोशनी बचा ली गई। हमीदिया अस्पताल में कॉर्निया ट्रांसप्लांट करने वाली कॉर्निया स्पेशलिस्ट डॉ. भारती आहूजा ने बताया कि 23 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच जीमएसी को छह कॉर्निया दान में मिलीं। इनमें से पांच कॉर्निया हमीदिया अस्पताल में भर्ती मरीजों के ट्रांसप्लांट के लिए किया गया, जबकि एक कॉर्निया अन्य संस्थान के मरीज को दिया गया।


फाइल फोटो

### मामला एक: आंखों की खुजली थी गलत ड्रॉप ने जला दिया कॉर्निया

भोपाल की 15 वर्षीय बच्ची को करीब छह महीने पहले आंखों में खुजली शुरू हुई। लक्षण सामान्य एलर्जी जैसे थे। बच्ची ने पिता को बताया कि इसके बाद उन्होंने डॉक्टर को दिखाने की बजाय मेडिकल स्टोर से आई ड्रॉप खरीद ली। ड्रॉप स्टेरॉयड बेस्ड थी। शुरूआत में खुजली बंद हुई तो लगा कि दवा असर कर रही है, लेकिन भीतर ही भीतर कॉर्निया को नुकसान पहुंच रहा था। धीरे-धीरे बच्ची की आंख में कॉर्निया अल्सर बन गया और कॉर्निया फट गई।

**मामला दो: आंख लाल हुई, खुद से डाली ड्रॉप**


भोपाल निवासी 30 वर्षीय राहुल ने आंख लाल होने पर खुद से स्ट्रॉन्ग आई ड्रॉप डाल ली। ड्रॉप इतनी तीव्र थी कि उसने कॉर्निया के निचले हिस्से को गलाना शुरू कर दिया। पहले कॉर्निया अल्सर बना और फिर धीरे-धीरे दृष्टि चली गई। हमीदिया अस्पताल में कॉर्निया ट्रांसप्लांट के बाद अब उसकी आंखों की रोशनी लौट रही है। मरीज अभी डॉक्टरों की निगरानी में है।

### असफल मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद मिली नई रोशनी

इन दो मामलों के अलावा जीएमसी के नेत्र विभाग में तीन अन्य मरीजों का भी कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया गया। इनमें से दो 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं थी, जिनका निजी अस्पतालों में मोतियाबिंद ऑपरेशन असफल रहा था। कई अस्पतालों में भटकने के बाद वे हमीदिया पहुंची, जहां तीन महीने के इलाज के बाद उनका सफल कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया गया। इसी तरह एक बुजुर्ग पुरुष में भी नेत्र प्रत्यारोपण कर उसकी आंख की संरचना और दृष्टि को बचाया गया।

### इन डॉक्टरों और स्टाफ की अहम भूमिका

कॉर्निया स्पेशिलिस्ट डॉ. भारती आहूजा के साथ डॉ. एसएस कुबरे, डॉ. अदिति, डॉ. नैना, डॉ. शाहिद चंदेरी, डॉ. अपूर्वा एस. पाई, डॉ. सोनालिका, डॉ. आकांक्षा, डॉ. स्नेहा, डॉ. एकता, नर्सिंग ऑफिसर सीमा और मोनिका सहित पूरा सपोर्टिंग स्टाफ शामिल रहा। एनेस्थीसिया टीम से डॉ. शशि कुमारी का विशेष सहयोग रहा।






**खूबसूरत भोपाल में नए साल का स्वागत**

आज से नया साल 2026 शुरू हो रहा है। जहां पुराना साल कई यादें अपने साथ संजोए खत्म हुआ। वहीं नया साल नई उम्मीदों की किरण बनेगा। इसका जश्न मनाने के लिए झीलों की नगरी से प्रसिद्ध भोपाल में कई खूबसूरत जगह हैं। जिसमें कलियासोत डैम भी शामिल है। यहां से ड्रोन से ली गई भोपाल शहर की खूबसूरती दिखाती यह तस्वीर।

### कहीं परिवार के लिए सिलाई मशीन लेकर व्यवसाय किया स्थापित, कहीं टिफिन सेंटर से शुरुआत कर खुद का रेस्टोरेंट खोला

# 'लाड़ली बहना' ने बदल दी 'किस्मत' परिवारों को मिला अन्न और रोजगार

कहते है मन में सच्ची लगन, कुछ कर दिखाने की हिम्मत और सहयोग मिल जाए तो विषम परिस्थितियां भी अनुकूल हो जाती हैं। मध्य प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। इस योजना से अनेक महिलाओं के जीवन में सफलता की नई कहानी प्रारंभ हुई है। यह योजना शुरू होने के बाद महिलाओं को मदद मिली। जिसके सहारे उन्होंने कठिन समय में भी कभी जीवन में कभी हार नहीं मानी। निरंतर संघर्ष के पथ पर आगे बढ़ती रहीं और आज जिंदगी और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है। 'हरिभूमि' ने ऐसी ही कुछ लाड़ली बहना से बातचीत की, जिन्होंने लाड़ली बहना योजना की मदद से आत्मनिर्भरता की दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाया है।

संदीप दुबे ⏭ रायसेन

मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना गरीब, बेसहारा महिलाओं के जीवन में वास्तव में सकारात्मक बदलाव ला रही है। ऐसा ही बदलाया आया है, रायसेन के वार्ड नंबर 4 निवासी 37 वर्षीय बिमला सराठे परिवार में।

परिवार के मुखिया दिनेश सराठे के निधन के बाद यह परिवार आर्थिक कठिनाई के दौर से गुजर रहा था। इस दौरान मप्र की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से 1200 रुपए (अब 1500 रुपए) हर महीने बैंक खाते में आने से परिवार को मदद मिली। बिमला ने इस राशि में से कुछ पैसे बचाकर किस्तों पर सिलाई मशीन लेकर सिलाई का काम शुरू किया। जिससे उनकी आमदनी बढ़ने लगी। धीरे-धीरे और पैसे बचाकर पीको मशीन खरीद ली तो काम बढ़ता गया। जिससे उनके परिवार का जीवन सुधर गया।

इस तरह लाड़ली बहना योजना से बिमला खुद के व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनकर परिवार के लिए संबल बन गईं। घर की कमाई से बच्चों का पढ़ाई खर्च भी निकल रहा है। बिमला के परिवार में तीन बच्चे हैं। उनकी बेटी ईशा सरकारी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई करने के साथ मां के काम भी हाथ बंटा रही हैं। उनके दोनों बेटों का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे उनका परिवार सुखपूर्वक गुजर बसर कर रहा है।



बिमला सराठे।

बिमला सराठे ने हरिभूमि को बताया कि उनके पति की अकस्मिक मृत्यु हो जाने से उन पर दुखों पर पहाड़ टूट पड़ा था। तीन बच्चों की पढ़ाई के साथ पालन-पोषण की समस्या खड़ी हो गई थी, लेकिन उसी समय सरकार की लाड़ली बहना योजना प्रारंभ हुई, जिससे मिलने वाली राशि से न केवल परिवार को सहारा मिला, बल्कि हम महिलाओं को छोटा मोटा रोजगार स्थापित करने का साहस भी प्राप्त हुआ। इस छोटी सी सहायता राशि के सहारे मैंने सिलाई किस्तों पर लेकर अपना स्वयं का रोजगार प्रारंभ किया।

## अशोकनगर: सिलाई मशीन खरीदी आत्मनिर्भर बनकर जी रही जीवन

**मनोज जैन ⏭ अशोकनगर।** अशोकनगर जिले के खिरिया गुहांस की रहने वाली माया अहिरवार की पारिवारिक स्थिति लाड़ली बहना योजना के बाद बदल गई है। माया ने बताया कि शुरू में उन्हें 1000 रुपए की मदद मिली और बाद में 1500 रुपए मिल रहे हैं। इन पैसों से उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी और अपना छोटा सा व्यवसाय प्रारंभ किया। माया अहिरवार कहती हैं कि अब मुझे किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, लाड़ली बहना योजना मददगार साबित हुई है।


माया अहिरवार

## लाड़ली बहना: घर की आर्थिक स्थिति हुई बेहतर, खुशियां आईं

मुल्लाखेड़ी गांव की रहने वाली जसप्रीत कौर का कहना है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से पहले उसके घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। फिर जब लाड़ली बहना योजना शुरू हुई और मैं हितग्राही बनी तब मुझे नियमित रूप से आर्थिक सहायता प्राप्त होने लगी और मेरी पारिवारिक स्थिति बेहतर हुई हैं। अब मैं अपनी सभी आवश्यकताओं को आसानी से पूरी कर रही हूं। इसके अलावा परिवार की भी मदद कर रही हूं। यह योजना महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता की मिसाल है।


जसप्रीत कौर

## लाड़ली बहना योजना की राशि से शुरू किया भोजनालय


रजनी मेवाड़े

मुकेश कुमार शर्मा ⏭ ब्यावरा

10 साल पहले पति के निधन के बाद जीवन की कठिन राह पर अकेले चल रही एक महिला को मप्र सरकार की लाड़ली बहना योजना ने सहारा दिया है। राजगढ़ शहर की दीनदयाल कॉलोनी की रजनी मेवाड़े ने लाड़ली बहना योजना राशि से अपना टिफिन सेंटर शुरू किया। बचत करते हुए आगे बढ़ी और शासन की स्वनिधि योजना से 50 हजार रुपए का लोन लेकर आज मिनी रेस्टोरेंट चला रही हैं। रजनी सफलता का श्रेय मप्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को देती है, जिसके कारण पति के जाने के बाद भी वह आत्मनिर्भर बनी व बच्चों व भाई का सहारा बनी। लाड़ली बहना योजना राशि से उन्हें पहले की तरह परेशान नहीं होना पड़ता। वह आसानी से घरेलू जरूरतों को पूरा कर पा रही है। रजनी का कहना है कि यह योजना समाज में महिलाओं को स्वाभिमान के साथ जीने का हौसला भी देती है।

## घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली

**अशोकनगर।** ग्राम मुल्लाखेडी निवासी 28 साल की प्रीति करण पारदी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने समय-समय पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बारे में बताया। फिर वह लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बनी। प्रीति ने बताया कि अब डीबीटी के माध्यम से सीधे मेरे खाते में लाड़ली बहना की राशि आ रही है, जिससे मुझे अपनी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली है और मेरी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। लाड़ली बहना योजना आर्थिक निर्भरता की दिशा में महिलाओं के लिए अच्छा कदम है।


प्रीति पारदी

# छू लिया नया आसमान

### 1 विदिशा की कमला, स्वाति, लक्ष्मी की परिवार की आर्थिक हालत हुई मजबूत

## घर को चलाने में मददगार बनी लाड़ली बहना योजना

**आर्थिक तंगी से जूझ रही महिलाएं अब कर रहीं खुद का व्यवसाय**


कमला पटवा
लक्ष्मी अहिरवार

अटल तिवारी ⏭ विदिशा

लाड़ली बहना योजना विदिशा जिले की महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। विदिशा के इंदिरा कॉम्प्लेक्स निवासी कमला पटवा के पति सुरेश का स्वास्थ्य खराब होने से वह मजदूरी करने नहीं जा पाते थे। जिससे आर्थिक स्थिति बिगड़ती गई। फिर लाड़ली बहना योजना में उनका नाम आया और हर माह 1500 रुपए मिलने लगे।

कमला इस राशि से अभी अपना घर चला रही हैं। उनका कहना है कि पति का स्वास्थ्य ठीक होने के बाद लाड़ली बहना योजना का पैसा एकत्रित कर वह सिलाई मशीन लेकर घर में ही दुकान खोलेंगी। वहीं इंद्रपस्थ कॉलोनी निवासी स्वाति किरार लाड़ली बहना हैं। योजना से पहले घर का खर्च जैसे-तैसे चल रहा था। लाड़ली बहना की राशि मिलना शुरू हुई तो स्वाति ने पैसे इकट्ठा कर किस्तों पर पीकू फोल लगाने की मशीन खरीदी। जिसका भुगतान वह लाड़ली बहना की राशि से करती हैं। जिससे आर्थिक स्थिति ठीक हुई है। लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलने से इंदिरा कॉम्प्लेक्स निवासी लक्ष्मी अहिरवार अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने लगी हैं। उन्होंने बताया कि पति जितेंद्र अहिरवार मजदूरी करते हैं। जिससे वह घर का खर्च ही चलता है। लक्ष्मी का कहना है कि लाड़ली बहना योजना नहीं होती तो वह कभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पातीं।

### 2 राजगढ़ की सीमा प्रजापति लाड़ली बहना योजना के पैसे जोड़-जोड़कर बनी कारोबारी

## लाड़ली बहना से मिली राशि से शुरू की किराना दुकान

**हर माह 7-8 हजार की आमदनी होने से आर्थिक स्थिति सुधरी**


सीमा प्रजापति

सुनील गोले ⏭ राजगढ़

मध्यप्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना से जिले की एक महिला ने धीरे-धीरे राशि जोड़कर खुद का व्यवसाय खड़ा कर लिया। राजगढ़ निवासी जिस बहना की हम बात कर रहे हैं, वे खाते में हर माह आई राशि को जोड़ती रहीं और अपने घर में ही एक दुकान खोलकर अब हर माह 7-8 हजार अब रुपए कमा रही हैं।

मध्यप्रदेश सरकार की इस योजना की शुरुआत होने पर राजगढ़ के पारायण चौक निवासी सीमा राजू प्रजापति ने अपना उद्देश्य निर्धारित किया। सीमा ने हर महीने खाते में आई राशि को निकाला नहीं। जब खाते में 30 हजार रुपए के लगभग एकत्रित हो गए तो उन्होंने इस राशि से अपने घर में एक दुकान खोली और अब अब यह उनकी आजीविका का मुख्य साधन बन चुकी है। हरिभूमि से चर्चा में सीमा ने बताया कि पहले वे और उनके पति माटी के दीयों को बनाने का काम करते थे। पर दीपकों की बिक्री सिर्फ चुनिंदा पर्वों जैसे दीपावली आदि पर ही हो पाती थी। ऐसे में उन्होंने निश्चय किया कि वह बैंक या अन्य जगह से लोन नहीं लेंगी और लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि को इकट्ठा कर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करेंगी। उनकी सोच फलीभूत हुई और घर बैठे ही अब वह हर माह अच्छी कमाई कर रही हैं। सीमा के पति राजू प्रजापति भी एक हॉकर हैं और अब यह दंपती मिलकर धीरे-धीरे अपना भविष्य गढ़ने में लगे हैं।

### 3 कटनी की श्यामबाई यादव के लिए लाड़ली बहना बनी आत्मनिर्भरता की राह

## शॉप से खुद कमा रही और परिवार का भी बनी सहारा

**उच्च शिक्षा देने योजना की राशि से भर रहीं बच्चों की फीस**


श्यामबाई यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी जिले की झिंझरी निवासी श्याम बाई यादव के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की मजबूत सीढ़ी साबित हुई है। श्याम बाई का जीवन पहले घर-गृहस्थी और बच्चों की देखरेख तक सीमित था। सीमित आय के कारण घर के खर्च और बच्चों की पढ़ाई में उन्हें संघर्ष करना पड़ता था।

इसी दौरान जब उन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत राशि मिलने लगी, तो उन्होंने इसे भविष्य निर्माण का माध्यम बनाया। श्याम बाई ने योजना से मिली राशि को पूंजी बनाकर घर में किराना दुकान शुरू की। आज यह दुकान उनके आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है। दुकान से होने वाली आय से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। अब वह बच्चों की पढ़ाई, किताबों, फीस और घरेलू आवश्यकताओं को बिना संकोच पूरा कर पा रही हैं।

श्याम बाई यादव कहती हैं कि पहले छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी सोचना पड़ता था। लाड़ली बहना योजना से मैंने दुकान शुरू की। अब मैं खुद कमा रही हूं और परिवार का सहारा बन सकी हूं। कटनी जनसंपर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला।

### 4 सागर की दीपा दीक्षित ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लिया लाभ

## सरकारी सहयोग से उद्योग स्थापित बनी स्वावलंबी

**उद्योग स्थापित कर दूसरे लोगों को भी प्रदान कर रहीं रोजगार**



दीपा दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने के लिए सफल सिद्ध हो रहा है। इस योजना से महिलाएं भी अपना कारोबार शुरू कर सम्मानपूर्वक जीवन जी रही है। इसके अलावा दूसरे लोगों को भी रोजगार दे रही है। लाभान्वित दीपा दीक्षित ने बताया कि वह 12वीं उत्तीर्ण हैं। उन्होंने सागर में सोना-चांदी की दुकान पर काम सीखकर अपने कौशल को निखारा।

व्यवसाय शुरू करने के लिए पूंजी की आवश्यकता होने पर दीपा ने बैंक से संपर्क किया, जहां उन्हें प्रबंधन ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत ऋण लेने का सुझाव दिया। उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में संपर्क किया, जहां उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। दस्तावेज एवंऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया समझाई गई। अनुभव होने के कारण बैंक ने भी ऋण स्वीकृति में सहयोग किया।

प्रोजेक्ट रिपोर्ट सीए द्वारा तैयार कराई गई और परीक्षण उपरांत बैंक ऑफ बड़ौदा, गुजराती बाजार, सागर से दीपा को ऋण स्वीकृत हुआ। 10 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर दीपा दीक्षित ने आभूषण निर्माण के लिए मशीनें स्थापित कीं। कुल 57.75 लाख रुपए की परियोजना में उन्हें 12.50 लाख रुपए की सब्सिडी का लाभ मिला। आज वह 5 कारीगरों को रोजगार प्रदान कर रही हैं।

# वर्ष 2026 में खूब आएगा विदेशी निवेश, रफ्तार भरेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया भर में जब आर्थिक अनिश्चितता का माहौल है और बड़े-बड़े देश निवेश के लिए तरस रहे हैं, तब भारत एक चमकते सितारे की तरह उभर रहा है। साल 2026 भारत के लिए विदेशी निवेश यानी 'एफडीआई' के मामले में एक ऐतिहासिक साल साबित होने वाला है। सरकार से लेकर आर्थिक जानकारों तक, सबको भरोसा है कि इस बार निवेश का आंकड़ा पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगा।

## रफ्तार पकड़ता विदेशी पैसा

अगर आंकड़ों की बात करें, तो साल 2024-25 में भारत में कुल 80.5 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश आया था। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन 2025 के पहले दस महीनों (जनवरी से अक्टूबर) में ही 60 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश आ चुका है। डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया का मानना है कि 2026 में हम पिछले साल के 80.62 बिलियन डॉलर के ऑल-टाइम हाई आंकड़े को भी पीछे छोड़ देंगे। भारत की इस कामयाबी के पीछे सिर्फ किस्मत नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति है। सरकार लगातार नियमों को आसान बना रही है, छोटे-मोटे व्यापारिक अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है और मंजूरी की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है।

## भारत तोड़ेगा विदेशी निवेश के सारे पुराने रिकॉर्ड

### क्यों आ रहा है इतना पैसा?

विदेशी निवेशकों के भारत की ओर खिंचे चले आने के कई ठोस कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारत की मजबूत जीडीपी ग्रोथ, जो 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही है। इसके अलावा भारत के पास टैलेंटेड वर्कफोर्स है और सरकार 'जन विश्वास बिल' जैसे कदमों के जरिए बिजनेस करना आसान बना रही है। हालांकि, कुछ ऐसे सेक्टर भी हैं जहां विदेशी निवेश पर पूरी तरह पाबंदी है, जैसे लॉटरी, जुआ, सट्टेबाजी, चिट फंड, निधि कंपनी और सिगरेट बनाना। इनके अलावा ज्यादातर सेक्टर में निवेश का रास्ता साफ है।




- भारत वर्ष 2026 में 80 .62 बिलियन डॉलर के आलटाइम हाई को पीछे छोड़ सकता है
- 2025 के पहले दस महीनों (जनवरी से अक्टूबर) में 60 बिलियन डॉलर से ज्यादा निवेश आ चुका

### बड़े देशों और कंपनियों का बड़ा दांव

भारत की झोली में निवेश डालने के लिए सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि पूरे के पूरे देशों का समूह तैयार खड़ा है। 1 अक्टूबर 2025 को 'यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन' (ईएफटीए) के साथ हुआ समझौता लागू हो गया है। इसके तहत स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन जैसे देश अगले 15 सालों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। मजेदार बात, समझौते के पहले ही दिन स्विस कंपनी 'रोश फार्मा' ने अगले पांच साल में 17,000 करोड़ रुपए निवेश करने का एलान कर दिया। इतना ही नहीं, न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते से भी 2026 में 20 बिलियन डॉलर आने की उम्मीद है।

## टेक दिग्गजों की मेगा प्लानिंग

*दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां भारत को अपना अगला बड़ा ठिकाना मान चुकी हैं। उनके निवेश प्लान किसी को भी हैरान कर सकते हैं-*

*अमेजन : अगले पांच साल में 35 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। इनका फोकस क्विक कॉमर्स से लेकर क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई तक है।*

*माइक्रोसॉफ्ट : सत्या नडेला ने 2030 तक 17.5 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की है, ताकि भारत को एआई के लिए तैयार किया जा सके।*

*गूगल : भारत में अपना एआई हब बनाने के लिए 15 बिलियन डॉलर खर्च करेगा।*

*एप्पल और सैमसंग : ये दोनों कंपनियां भी भारत में अपना मैन्युफैक्चरिंग बेस लगातार बढ़ा रही हैं।*

---

### भारत साल 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर

# आर्थिक सुधारों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 में भी मजबूत बने रहने की राह पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर है जहां मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति एवं सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन जैसे अनुकूल कारक मौजूद हैं। साथ ही, 2025 के दौरान देखी गई आर्थिक रफ्तार को कायम रखने के लिए सुधार पहलें भी तैयार हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से जीवन सुगमता एवं कारोबार सुगमता के विषयों को आगे बढ़ाते हुए आगामी बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नए उपायों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है जिससे शुल्क एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बन सके।

- कम मुद्रास्फीति और सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन से अनुकूल कारक मौजूद
- आर्थिक रफ्तार को कायम रखने सुधार पहले से तैयार
- बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने की उम्मीद



### भारत 4180 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ चौथे स्थान पर

*सरकार के एक बयान में कहा गया कि भारत ने 4180 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है। 2030 तक अनुमानित 7300 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ अगले ढाई से तीन वर्ष में जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की राह पर है।*

### पर्याप्त खाद्यान्न भंडार से कीमतें नियंत्रित रहीं

बेहतर खरीफ उत्पादन और पर्याप्त खाद्यान्न भंडार से कीमतों के दबाव को नियंत्रित करने में मदद मिली। प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक गति को दर्शाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया।

### राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष बदला गया

इसमें में कहा गया, " वर्तमान व्यापक आर्थिक स्थिति उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के दुर्लभ मजबूत दौर को दर्शाती है।" सरकार राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने पर भी काम कर रही है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना पद्धति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा उठाई गई चिंताओं का प्रभावी समाधान किया जा सके।

### एफआईआई की निकासी से रुपए पर आया दबाव

घरेलू मुद्रा के मोर्चे पर, शेयर बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बहिर्वाह से रुपये पर दबाव बना।

---

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन, कॉसमॉस मॉल के पास, नानाखेड़ा, उज्जैन फोन : 7974875163, 9830687877, 7999556244

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**Ref: DNISARFAESI/BAKTRA/25-26/39** **Date: 16-12-2025**

**प्रति,**

ऋणी- **श्री राजेश कुमार ठाकुर पुत्र हरी सिंह**

**मकान नं. 94, तहसील बाड़ी, जिला-रायसेन ग्राम- अमरावद कलां ग्राम-अमरावास कलां मध्यप्रदेश- 464665**

महोदय,

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की बकतरा शाखा, बकतरा (म.प्र.)** के माध्यम से ऋणी- **श्री राजेश कुमार ठाकुर** द्वारा लोन/साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| सीमा का प्रकार | ऋण राशि | दिनांक को बकाया राशि | ब्याज की दर |
|---|---|---|---|
| HOUSING FINANCE | ₹ 10,00,000.00/- | ₹ 6,92,685.77- | 11.10% |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा दिनांक **14-12-2025** को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में वर्णित राशि ₹ **6,92,685.77** (रु. छः लाख बानवे हजार छः सौ पिच्चासी एवं पैसा सत्तर मात्र) एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**अनुसूची**

दृष्टिबंधक / बंधक संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है :

**संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित खसरा नं. 192/53, ग्राम बाड़ी, वार्ड क्रमांक 6, तहसील बाड़ी, जिला रायसेन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल-1500 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः सड़क, पश्चिमः नेतसिंह बटवारी, उत्तरः प्रेमसिंह ठाकुर, दक्षिणः कैलाश जैन की भूमि, संपत्ति मालिक- श्री राजेश कुमार ठाकुर पुज्ञ श्री हरी सिंह

**स्थान : बकतरा**
दिनांक : **01/01/2026**

प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक

---

# टीवी, रेफ्रिजरेटर, एलपीजी चूल्हा, कूलिंग टॉवर पर स्टार रेटिंग आज से अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सरकार ने एक जनवरी से रेफ्रिजरेटर, टीवी, एलपीजी गैस चूल्हा एवं कूलिंग टॉवर जैसे कई उपकरणों पर ऊर्जा दक्षता वाली स्टार रेटिंग को अनिवार्य कर दिया है। बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की गजट अधिसूचना के मुताबिक, इस नए नियम का विस्तार डीप फ्रीजर, वितरण ट्रांसफॉर्मर और ग्रिड से जुड़े सोलर इनवर्टर पर भी होगा।

- सरकार ने उपकरणों पर ऊर्जा दक्षता वाली रेटिंग की अनिवार्य
- नए नियम का विस्तार डीप फ्रीजर, ट्रांसफॉर्मर, सोलर इनवर्टर पर भी होगा

उल्लेखनीय है कि बीईई का स्टार रेटिंग ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसके तहत उपकरणों पर एक से पांच स्टार की रेटिंग दी जाती है जो बताता है कि संबंधित उपकरण कितनी बिजली खपत करेगा। पहले फ्रॉस्ट-फ्री एवं डायरेक्ट कूल रेफ्रजरेटर, डीप रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर (कैसेट, फ्लोर स्टैंडिंग टावर, सीलिंग, कॉर्नर एसी), रंगीन टीवी और अल्ट्रा एचडी टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर स्टार रेटिंग को दर्शाना स्वैच्छिक था। एक अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि स्टार-रेटिंग वाले उपकरणों की सूची समय-समय पर अद्यतन की जाती है। जुलाई 2025 में इन उपकरणों के लिए मसौदा नियम जनता से सुझाव लेने के लिए जारी किए गए थे और नए बदलाव इन्हीं सुझावों पर आधारित हैं।

## साल के अंतिम सत्र में बाजार करीब एक प्रतिशत उछला

मुंबई। साल 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र में बुधवार को घरेलू शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। घरेलू संस्थागत निवेशकों का साथ मिलने और रिलायंस, टाटा स्टील एवं कोटक बैंक में लिवाली से बाजार गिरावट के दौर से उबरने में सफल रहा।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय प्रथम तल, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, सी ब्लॉक, गौतम नगर, भोपाल- 462023

**बैंक कार की बिक्री**

इंडियन बैंक अंचल कार्यालय भोपाल , "जहाँ है जैसा है" के आधार पर बैंक वाहन मारुति डिज़ायर (MP04XCJ3314), और मारुति स्विफ्ट (MP04CM5386) की बिक्री हेतु ई-नीलामी के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। इस निविदा से संबन्धित जानकारी हमारी वेबसाइट www.indianbank.bank.in. से प्राप्त की जा सकती है। टेंडर आमंत्रण की आखिरी तिथि पूर्व वर्णित हमारे कार्यालय में दिनांक 21/01/2026 को दोपहर 4.00 बजे तक है।

अंचल प्रबंधक

**UNIVERSITY BUSINESS SCHOOL**
**PANJAB UNIVERSITY, CHANDIGARH**
**ADMISSION NOTICE (2026-2027)**

**Applications are invited for Admission to Two Year Full Time Management Programmes MBA, MBA (IB), MBA (HR), MBA (EP) and MBA(Business Data Analytics) for Academic Session 2026-27).**

Candidates are required to visit the website https://ubsadmissions.puchd.ac.in for detailed instructions. The said website would remain open for online registration through online payment from 26.11.2025 to 28.01.2026. Hard copy of the application form along with necessary documents should reach the undersigned latest by 04:00 p.m. on 10.02.2026. Application received after due date shall not be entertained.

**Note: Our Institution uses the CAT scores for short-listing/selecting the candidates for our Post-graduate Programme(s) in Management/ MBA. IIMs have no role either in the selection process or in the conduct of the programme.**

**Professor Parmjit Kaur, Chairperson**

**मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग**
पंचम तल, मेट्रो प्लाजा, ई-5, अरेरा कालोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016
फोन नं. : 0755-2430154, 2464643, फैक्स नं. : 2981055, ई-मेल : secretary@mperc.nic.in, वेबसाइट : www.mperc.in

क्रमांक: म.प्र.वि.नि.आ./2025/2535 भोपाल, दिनांक: 29.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**

**(याचिका क्रमांक 138/2025)**

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा **"मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (विद्युत प्रदाय एवं चक्रण के टैरिफ अवधारण संबंधी निबंधन एवं शर्ते तथा प्रभारों के निर्धारण के संबंध में विधियां तथा सिद्धांत) विनियम, 2021 (आरजी-35 (III) वर्ष 2021) यथा संशोधित"** अधिसूचित किया गया (जिसे आगे टैरिफ विनियम उल्लेखित किया गया है)।

याचिकाकर्ता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं.लि. जबलपुर; मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. भोपाल; मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. इंदौर; तथा एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कं. लि.जबलपुर (जिन्हें आगे क्रमशः "याचिकाकर्ता" अथवा 'ईस्ट डिस्कॉम (पूर्व क्षेत्र)', सेंट्रल डिस्कॉम (मध्य क्षेत्र)', वेस्ट डिस्कॉम (पश्चिम क्षेत्र)', तथा 'एमपीपीएमसीएल', उल्लेखित किया गया है) राज्य शासन की पूर्ण स्वामित्व की कंपनियां हैं। एम.पी. पावर मैनेजमेंट कं.लि. जबलपुर उपरोक्त तीनों विद्युत वितरण कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है।

टैरिफ विनियम के विनियम 7.2 के अनुसार, याचिकाकर्ताओं ने आयोग के समक्ष दिनांक 28 नवंबर' 2025 को वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता, जिसे आयोग ने याचिका क्रमांक 73/2023 में आदेश दिनांक 06 मार्च 2024 को पारित कर अनुज्ञेय किया था, के सत्यापन हेतु याचिका दायर की है। आयोग ने 09 दिसम्बर 2025 को आयोजित सुनवाई में उक्त याचिका को स्वीकार कर लिया है। हितधारकों से उक्त याचिका पर आपत्तियाँ/टिप्पणियाँ/सुझाव इस सूचना के माध्यम से आमंत्रित हैं।

याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2024-25 की समग्र राजस्व आवश्यकता के सत्यापन हेतु प्रस्तुत याचिका का सारांश निम्न तालिका में दर्शाया गया हैं :-

**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए समग्र राजस्व आवश्यकता (ARR) का सारांश (करोड़ रुपये में)**

| क्र. | विवरण | पूर्व क्षेत्र | | मध्य क्षेत्र | | पश्चिम क्षेत्र | | राज्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अवधारित टैरिफ आदेशानुसार (A) | सत्यापन याचिका में प्रस्तुत वास्तविक दावा (B) | अवधारित टैरिफ आदेशानुसार (C) | सत्यापन याचिका में प्रस्तुत वास्तविक दावा (D) | अवधारित टैरिफ आदेशानुसार (E) | सत्यापन याचिका में प्रस्तुत वास्तविक दावा (F) | अवधारित टैरिफ आदेशानुसार (G=A+C+A) | सत्यापन याचिका में प्रस्तुत वास्तविक दावा (H=B+D+F) |
| 1 | विद्युत क्रय लागत (अंतर्राज्यीय पारेषण प्रभार सहित) | 9,398.83 | 11,117.03 | 13,166.89 | 13,872.72 | 16,138.58 | 16,715.46 | 38,704.29 | 41,705.21 |
| 2 | पारेषण अंत:राज्यीय पारेषण लागत (एस.एल. डी.सी.प्रभार सहित) | 1,691.59 | 2,017.69 | 1,710.49 | 1,943.14 | 1,709.37 | 1,916.03 | 5,111.44 | 5,876.86 |
| 3 | संचा. व. संधा.व्यय | 1,988. 02 | 1,395.39 | 1,910.62 | 1,464.72 | 1,906.60 | 1,463.56 | 5,805.24 | 4,323.68 |
| 4 | अवक्षयन | 386.20 | 348.36 | 380.09 | 348.11 | 209.57 | 306.35 | 975.86 | 1,002.82 |
| 5 | व्यय एवं वित्तीय शुल्क | 401.56 | 475.73 | 510.34 | 633.24 | 293.3 | 263.44 | 1205.2 | 1372.41 |
| 5 (i) | परियोजना ऋणों पर ब्याज | 254.62 | 340.62 | 345.54 | 462.07 | 132.27 | 115.13 | 732.43 | 917.82 |
| 5 (ii) | कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 63.57 | 40.79 | 54.53 | 65.45 | 19.46 | 15.97 | 137.56 | 122.21 |
| 5 (iii) | उपभोक्ता सुरक्षा निधि पर ब्याज | 83.37 | 94.32 | 110.27 | 105.72 | 141.57 | 132.34 | 335.21 | 332.38 |
| 6 | पूंजी पर प्रतिलाभ | 237.85 | 255.84 | 272.30 | 309.95 | 172.74 | 166.29 | 682.88 | 732.09 |
| 7 | खराब एवं संदिग्ध ऋण | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.31 | 0.00 | 5.15 | 0.00 | 5.46 |
| 8 | पूर्व अवधि व्यय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 623.02 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 623.02 |
| 9 | पट्टा शुल्क | 0.00 | 111.04 | 0.00 | 4.43 | 0.00 | 81.79 | 0.00 | 197.26 |
| **10** | **कुल व्यय** | **14,104.05** | **15,721.09** | **17,950.72** | **19,199.64** | **20,430.16** | **20,918.08** | **52,484.94** | **55,838.80** |
| 11 | घटाएँ: अन्य आय – खुदरा एवं संवहन (रिटेल एवं व्हीलिंग) | 162.35 | 345.67 | 149.48 | 136.87 | 172.76 | 286.87 | 484.59 | 769.41 |
| **12** | **वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शुद्धकुल व्यय** | **13,941.70** | **15,375.42** | **17,801.24** | **19,062.77** | **20,257.40** | **20,631.21** | **52,000.35** | **55,069.39** |
| 13 | वित्त वर्ष 2022-23 के म.प्र. ट्रॉंसको के ट्रू-अप का राजस्व अंतर | 136.86 | 0.00 | 95.51 | 0.00 | 163.36 | 0.00 | 395.73 | 0.00 |
| 14 | वित्त वर्ष 2021-22 के म.प्र. जेनको के ट्रू-अप का राजस्व अंतर | (431.14) | 0.00 | (508.13) | 0.00 | (600.51) | 0.00 | (1,539.78) | 0.00 |
| 15 | वित्त वर्ष 2022-23 के म.प्र. वितरण कंपनियों के ट्रू-अप का राजस्व अंतर | 527.19 | 527.19 | 635.89 | 635.89 | 759.52 | 759.52 | 1,922.60 | 1,922.60 |
| **16** | **वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल स्कल राजस्व आवश्यक्ता** | **14,174.61** | **15,902.61** | **18,024.51** | **19,698.66** | **20,579.77** | **21,390.73** | **52,778.90** | **56,991.99** |
| 17 | विद्युत के विक्रय से प्राप्तराजस्व | 14,174.84 | 14,913.78 | 18,024.79 | 17,395.73 | 20,580.05 | 21,092.07 | 52,779.68 | 53,401.58 |
| **18** | **शुद्ध राजस्व घाटा/अधिशेष** | **(0.23)** | **988.83** | **(0.28)** | **2,302.93** | **(0.28)** | **298.66** | **(0.78)** | **3,590.42** |
| 19 | वहन/धारण लागत | 0.00 | 240.29 | 0.00 | 461.36 | 0.00 | 72.57 | 0.00 | 774.22 |
| **20** | **वहन/धारण लागत सहित शुद्ध राजस्व घाटा/अधिशेष** | **(0.23)** | **1,229.11** | **(0.28)** | **2,764.29** | **(0.28)** | **371.24** | **(0.78)** | **4,364.64** |
| 21 | वित्त वर्ष 2014-15 से 2022-23 के ट्रू-अप में आयोग द्वारा स्थगित किए गए जनरेटरों के अनुपूरक बिलों की लागत | 0.00 | 1,016.21 | 0.00 | 1,089.56 | 0.00 | 1,344.86 | 0.00 | 3,450.63 |

इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त सत्यापन याचिका पर अपनी आपत्तियां/टीप/सुझाव दस्तावेजों तथा प्रमाण सहित, यदि कोई हो तो, तीन प्रतियों में सचिव, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, पंचम तल, मेट्रो प्लाजा ई-5 अरेरा कालोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016 को प्रेषित कर सकते हैं जो कि दिनांक 25.01.2026 तक नियामक आयोग के कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिये। (आपत्तियां/टीप/सुझावों की अग्रिम प्रतियां ई-मेल **(secretary@mperc.nic.in)** के द्वारा भी प्रेषित की जा सकती है जिनकी मूल प्रतियां दिनांक 25.01.2026 तक नियामक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए) आपत्तियों/टीप/सुझावों की एक प्रति संबिधित डिस्कॉम तथा म.प्र.पा. में कंपनी लि. को भी (ई-मेल **setracez@yahoo.com.in** द्वारा पूर्व क्षेत्र, **cecomwz@gmail.com** द्वारा पश्चिम क्षेत्र, **regulatorycell@gmail.com** द्वारा मध्य क्षेत्र तथा **cgmrmmppmcl@gmail.com** द्वारा एमपीपीएमसीएल) प्रेषित की जावे, दिनांक 25.01.2026 के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों/टीप/सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

मुख्य याचिका की प्रति (अंग्रेजी/हिन्दी रूपांतरण) इच्छुक व्यक्ति द्वारा दिनांक 25.01.2026 तक किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक नियामक आयोग के कार्यालय अथवा मुख्यालय एम.पी.पावर मैनेजमेंट कं. लि. ब्लॉक नं. 15, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर अथवा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. ब्लॉक नं. 7, शक्ति भवन रामपुर, जबलपुर अथवा मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. पोलोग्राउण्ड, इन्दौर अथवा मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि., गोविन्दपुरा भोपाल से एक प्रति के लिए **रु. 500/-** के भुगतान नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट देय **"उप महाप्रबंधक (लेखा) एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कं. लि., जबलपुर" अथवा "क्षेत्रीय लेखाधिकारी, जबलपुर वृत्त, म.प्र.पूर्व क्षे.वि.वि.कं.लि., जबलपुर" अथवा "क्षेत्रीय लेखाधिकारी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. इन्दौर" अथवा "क्षेत्रीय लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. भोपाल"**, के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति डाक द्वारा **रुपये 100/-** के अतिरिक्त भुगतान पर प्राप्त की जा सकती है। याचिका तथा टैरिफ प्रस्ताव की प्रति एवं याचिका की नियामक आयोग की वेबसाइट **https://mperc.in** तथा याचिकाकर्ताओं की वेबसाइट क्रमशः **https://www.mppmcl.com/, https://www.mpez.co.in/, https://www.mpwz.co.in/#/home** एवं **https://portal.mpcz.in/web/** पर बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है, एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

आयोग द्वारा दिनांक 23.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे आयोग के कोर्ट कक्ष में हाईब्रिड मोड से जन सुनवाई की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति जिन्होंने समय सीमा में आयोग में अपने लिखित सुझाव/आपत्तियां/टीप प्रस्तुत किए हैं, वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन अपना मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. सहित आयोग सचिव को **secretary@mperc.nic.in** पर भेजकर, उक्त जनसुनवाई में आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध गाइड लाइन्स के अनुसार ऑनलाइन उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123748/2025 **सचिव**

चिंतन

# 2026 में भी सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2025 में हर मोर्चे पर सफलता हासिल की और सबसे तेज गति से आगे बढ़ती रही। हाल ही में जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। अब भारत से आगे सिर्फ जर्मनी, चीन और अमेरिका ही हैं। वहीं, दुनिया की बड़ी आर्थिक संस्थाओं ने भारत की जीडीपी की चमकीली तस्वीर दिखाई है। अगर इसी गति से भारत आगे बढ़ता रहा तो अगले ढाई से तीन साल में जर्मनी को पछाड़ देगा और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बता दें कि साल 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ बढ़कर 8.2% रही है। यह दिखाता है कि भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत ने महंगाई पर काबू पाया। वहीं, बेरोजगारी दर भी कम हुई। जीएसटी में छूट देने से लोगों के पास पैसा आया और भारतीय अर्थव्यवस्था ने नया मुकाम हासिल किया। तमाम रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि 2026 में भी भारत जी-20 देशों में सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। नवंबर में खुदरा महंगाई दर गिरकर 0.71% पर आ गई। वहीं, नवंबर में बेरोजगारी दर कम होकर 4.7% रह गई है, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। देश में ग्रोथ रेट ऊंची है और महंगाई बेहद कम, इसे 'गोल्डिलॉक्स पीरियड' कहा जाता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.5% और 2026-27 में 6.7% की रफ्तार से बढ़ेगी। यह वृद्धि घरेलू मांग, कर कटौती और ब्याज दरों में कमी से प्रेरित होगी। मूडीज ने भी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक अनुमान लगाया है। एजेंसी का अनुमान है कि 2026 में 6.5% की वृद्धि दर रहेगी। यह वृद्धि घरेलू मांग, निर्यात बाजारों में विविधीकरण और अनुकूल मौद्रिक नीति रुख से समर्थित होगी। मूडजी का अनुमान है कि भारत जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। फिच ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 7.4% ग्रोथ का अनुमान जताया है। एडीबी ने भी भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपना अनुमान बढ़ाकर 7.2% कर दिया है, जो मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर और बढ़ते निवेश के कारण है। वहीं, विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत की जीडीपी बढ़ोतरी 2026 में 6.5 फीसदी हो सकती है। बता दें कि भारत की जीडीपी का कुल वैल्यूएशन अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर (करीब 350 लाख करोड़) हो गया है। जापान को पीछे छोड़ने के बाद अगले 2.5 से 3 साल में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा और साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर (655 लाख करोड़) की इकोनॉमी के साथ दुनिया में तीसरे नंबर पर आ जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्रोथ ट्रेंड को देखते हुए पूरे साल के लिए इसका अनुमान 6.8% से बढ़ाकर 7.3% कर दिया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियां होने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करने को तैयार है। वहीं सरकार का कहना है कि भारत 2047 तक उच्च मध्यम-आय वाला देश बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। महंगाई अभी नियंत्रण में है और तय सीमा से नीचे है। बेरोजगारी धीरे-धीरे कम हो रही है और देश के निर्यात में लगातार सुधार हो रहा है।



समरसता
अरविंद जयतिलक

यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। राष्ट्र निर्माण में युवा ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी हैं और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। आइए, हम इस नए वर्ष में भारत देश व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

# नववर्ष पर मानवता का संकल्प लें

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम नववर्ष पर नव संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ऊर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों, ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है।

वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे धकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है। आइए, हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बनें। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विघ्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रूप देने की जरूरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरूरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरूकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा परमोधर्म है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं। उन्हें स्वेटर, गर्म कपड़े और जूते-मोजे और पाठ्य-पुस्तकें देकर उनकी चुनौतियों को कम कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रूपी ऊर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। अच्छी बात है कि केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी



और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हम हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद कर देते हैं। घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम इसी भोजन को जरूरतमंदों तक पहुंचा दें तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव और जागरूकता की कमी है। हम चाहें तो उन्हें आसानी से सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गई है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण से जान गंवा रहे हैं। उनकी उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार हैं। आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन्न होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकार हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली राशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। बिडंबना है कि युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति कम होने के बजाए बढ़ रही है। विगत दशकों में हर छोटे-बड़े समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। साथ ही घर-परिवार का माहौल भी दूषित हो रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध और बलात्कार जैसी बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धूम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। राष्ट्र निर्माण में युवा ऊर्जा का उपयोग होना चाहिए न कि नकारात्मक कार्यों में। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। आइए, हम इस नए वर्ष में भारत देश व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
ममता कुशवाहा



# नववर्ष : शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्माण का समय


अंग्रेजी कैलेंडर में 1 जनवरी के साथ ही नए साल की शुरुआत हो जाती है। यह पश्चिमी उत्सव अन्य लोगों के साथ-साथ विद्यार्थियों के जीवन में भी कुछ नया संकल्प देने का काम करता है। विद्यार्थियों के लिए नववर्ष का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यही वह समय होता है जब उनके सपने आकार लेने लगते हैं और भविष्य की दिशा तय होने लगती है। बीता हुआ वर्ष अपने साथ अनुभवों की एक गठरी छोड़कर विदा होता है, कुछ अनुभव सफलता के होते हैं, जो आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं, तो कुछ असफलताओं के होते हैं, जो जीवन की महत्वपूर्ण सीख बन जाते हैं। ऐसे में नववर्ष विद्यार्थियों के लिए आत्मचिंतन, संकल्प और आत्मविकास की राह पर आगे बढ़ने का संदेश लेकर आता है। यदि नववर्ष की शुरुआत शिक्षा, कौशल और सकारात्मक सोच के समन्वय से की जाए, तो यह केवल एक नया साल नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की सशक्त नींव बन सकता है। नववर्ष का सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण पक्ष आत्मचिंतन है। आज के समय में विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूरा करने, परीक्षाओं की तैयारी और अंकों की होड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि वे स्वयं से संवाद करना ही भूल जाते हैं। नववर्ष उन्हें यह अवसर देता है कि वे कुछ क्षण ठहरकर अपने बीते वर्ष पर शांत मन से विचार करें। उन्होंने पूरे वर्ष में क्या सीखा, कहां वे सफल रहे, कहां उनसे चूक हुई, किन विषयों में उनकी रुचि बढ़ी और किन क्षेत्रों में उन्हें और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है, इन सभी प्रश्नों पर विचार करना आत्मविकास की दिशा में पहला कदम है। आत्मचिंतन से विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को स्वीकार करना और अपनी क्षमताओं को पहचानना सीखते हैं, जिससे उनका आगे का सफर अधिक स्पष्ट और सार्थक बनता है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें सोचने, समझने, प्रश्न करने और समाधान खोजने की क्षमता विकसित होती है। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन हो जाता है। नववर्ष को लक्ष्य निर्धारण का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है, क्योंकि यह नई शुरुआत का प्रतीक है। इस समय यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य स्पष्ट और यथार्थवादी ढंग से तय करें, तो वे भटकाव से बच सकते हैं।

लक्ष्य केवल अच्छे अंक लाने या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाने तक सीमित नहीं होने चाहिए। इनमें ज्ञान अर्जन, कौशल विकास, अच्छे चरित्र का निर्माण और स्वस्थ जीवनशैली भी शामिल होनी चाहिए। नववर्ष यह सिखाता है कि लक्ष्य जितने स्पष्ट होंगे, प्रयास उतने ही केंद्रित होंगे और परिणाम उतने ही संतोषजनक प्राप्त होंगे। आज का युग केवल डिग्री हासिल करने का नहीं, बल्कि कौशल विकसित करने का है। नववर्ष विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देता है कि बदलती दुनिया में वही व्यक्ति आगे बढ़ेगा, जो नए कौशल सीखने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। संचार कौशल, समस्या समाधान की क्षमता, रचनात्मक सोच, टीम वर्क और डिजिटल साक्षरता जैसे कौशल आज के समय में अत्यंत आवश्यक हो चुके हैं। नववर्ष विद्यार्थियों को प्रेरित करता है कि वे अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार नए-नए कौशल सीखें, ताकि वे केवल परीक्षा में ही नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविक चुनौतियों में भी सफल हो सकें। विद्यार्थियों के जीवन में समय सबसे बहुमूल्य संसाधन होता है, किंतु वे अक्सर इसका महत्व नहीं समझ पाते और समय व्यर्थ कर देते हैं। नववर्ष समय प्रबंधन की अच्छी आदतें विकसित करने का श्रेष्ठ अवसर है। जब विद्यार्थी अपनी दिनचर्या की सही योजना बनाते हैं और पढ़ाई, विश्राम तथा मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, तब वे मानसिक तनाव से बचे रहते हैं। समय का सही उपयोग न केवल शैक्षणिक सफलता दिलाता है, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। नववर्ष यह संकल्प लेने का समय है कि समय को अपना मित्र बनाया जाए, न कि शत्रु। शिक्षा और कौशल के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

नववर्ष केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प है- स्वयं को बेहतर बनाने का, शिक्षा को जीवन से जोड़ने का और कौशल के माध्यम से भविष्य को सशक्त बनाने का। नववर्ष यह याद दिलाता है कि वास्तविक परिवर्तन बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से शुरू होता है। जब विद्यार्थी शिक्षा, कौशल और सकारात्मक सोच के साथ नववर्ष का स्वागत करते हैं, तब यह केवल एक तारीख नहीं रह जाता, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की सशक्त शुरुआत बन जाता है।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## अहंकारी व्यक्ति ही समस्याओं का कारण



संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रधानमंत्री की दवाओं को लेकर नेक सलाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में विभिन्न मुद्दों पर बात की, लेकिन उन्होंने हमें दवाइयों के प्रयोग को लेकर जो सलाह दी वो बहुत ही अच्छी है। उन्होंने कहा कि किसी को भी एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए। हमें इस पर जरूर अमल गंभीरता से करना चाहिए, ताकि दवाइयों का प्रयोग हमें स्वस्थ करे, न कि और बीमार करे। एंटीबायोटिक का अत्यधिक इस्तेमाल जिंदगी को खतरा भी है। दुनिया के दूसरे देशों में देशी इलाज के साधन नहीं है, इसलिए वहां तो एंटीबायोटिक का अत्यधिक और अनावश्यक प्रयोग होना स्वाभाविक है, लेकिन अफसोस यह है कि भारत में भी कई बार डाक्टरों की सलाह नहीं ली जाती है।

*- साकेत वर्मा, रायगढ़*

## ट्रेंड

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा



अयोध्या की पावन धरा पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है। इस पावन अवसर पर सभी रामभक्तों की ओर से प्रभु श्री राम के चरणों में मेरा कोटि-कोटि नमन और वंदन! समस्त देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्र सेवा में अग्रसर



जिसने राम, रामराज्य और अयोध्या—अवध के विकास का साथ दिया, वे आज प्रभु की कृपा से राष्ट्र सेवा में अग्रसर हैं। जिन्होंने संतों, वैरागियों और नागा साधुओं पर गोलियाँ चलवाईं तथा त्याग और तपस्या को कुचलने का पाप किया, उनकी स्थिति भी आज पूरी दुनिया देख रही है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### वंदे भारत स्लीपर



रेल सुरक्षा आयुक्त ने वंदे भारत स्लीपर का परीक्षण किया। यह कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। हमारे स्वयं के जल परीक्षण ने इस ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया।

**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल मंत्री**

### प्रेरणा स्थल का खाना




भाजपा सरकार इसका जवाब दे कि प्रेरणा स्थल पर जो खाना बाँटा गया था वो इतना ख़राब क्यों था कि सुबह से भूखे लोगों ने बिना खाए ही फेंक दिया, बाद में जिसे खाकर 150 भेड़ों की मौत हो गयी। ये एक संगीन मामला है। इसकी जाँच हो।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### पाक 2026 में पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश होगा

पाकिस्तान 2026 में दुनिया का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा, जिसकी आबादी 22 .5 करोड़ से अधिक होगी। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने जनसंख्या प्रबंधन के लिए एक रणनीतिक, अधिकार-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने उच्च जनसंख्या वृद्धि और प्रजनन दर, सतत लैंगिक असमानता और बढ़ती जलवायु संवेदनशीलता को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ये वास्तविकताएं जनसंख्या को बोझ के रूप में नहीं बल्कि सतत और समावेशी विकास के एक रणनीतिक चालक के रूप में देखने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। यूएनएफपीए ने उच्च जनसंख्या वृद्धि और प्रजनन दर, लगातार जारी लैंगिक असमानता और बढ़ती जलवायु संवेदनशीलता को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया। उसने कहा कि ये वास्तविकताएं इस बात को रेखांकित करती हैं कि जनसंख्या को बोझ के रूप में नहीं बल्कि सतत और समावेशी विकास के लिए अहम मानना चाहिए। यूएनएफपीए ने 2026 को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय योजना और वित्तीय प्रावधानों, विशेष रूप से राष्ट्रीय वित्त आयोग फॉर्मूला में जनसंख्या को प्रतिबिंबित करने के तरीके में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।



## ऑफ बीट

### बीयर का कानून पर असर और कानून का बीयर पर

कानून बीयर को प्रभावित करता है और बीयर कानून को। दोनों के बीच का संबंध जितना माना जाता है, उससे कहीं अधिक गहरा है। हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'बीयर लॉ' में इस आपसी रिश्ते को रेखांकित किया गया है। गर्मियों की छुट्टियों में ठंडी बीयर का आनंद लेते समय, इन पहलुओं पर भी गौर किया जा सकता है। आम तौर पर माना जाता है कि मानव समाज शिकारी-संग्रहकर्ता जीवन से खेती और स्थायी बसावट की ओर इसलिए बढ़ा ताकि अनाज से रोटी और दलिया बनाया जा सके। लेकिन आधुनिक विज्ञान संकेत देता है कि शुरुआती दौर में फसलें भरोसेमंद खाद्य स्रोत नहीं थीं। माना जा रहा है कि शराब, विशेषकर बीयर के एक प्रारूप के उत्पादन के लिए ही हमारे पूर्वज किसान बने। ऐसे में कहा जा सकता है कि मानव सभ्यता के विकास में बीयर ने अहम भूमिका निभाई। कभी बेहद सख्त थे बीयर से जुड़े कानून कम से कम 13,000 वर्षों से बीयर बनाई जा रही है और बीयर कानून भी उतना ही पुराना विषय है। लगभग 4,000 वर्ष पहले, 1755–1751 ईसा पूर्व के बेबीलोनियन हम्मूराबी संहिता में बीयर परोसने के नियम थे। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई बीयर विक्रेता उसमें पानी मिलाता पाया जाता, तो उसे डुबोकर मारने का प्रावधान था।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर राम मंदिर परिसर में आयोजन

# राजनाथ ने अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर राम मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर में धर्म ध्वजा फहराया और पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। सिंह के साथ उत्तर प्रदेश केसीएम योगी आदित्यनाथ भी थे।

अन्नपूर्णा मंदिर राम मंदिर परिसर में स्थित 7 मंदिरों में से एक है। श्रीराम की जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने धर्मध्वजा फहराया। जब दोनों नेता मंदिर परिसर से बाहर निकले, तो श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। योगी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। सिंह और योगी ने राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में जटायु टीला और कुबेर टीला का दौरा किया।

## श्रीराम के जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच किया ध्वजारोहण

**राजनाथ और योगी ने जटायु टीला, कुबेर टीला का भी किया भ्रमण**


पूजा-प्रार्थना

### शुक्रवार तक होंगे अनुष्ठान

सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में भी हिस्सा लिया। मुख्य धार्मिक कार्यक्रम बुधवार को हुआ लेकिन प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी से जुड़े अनुष्ठान शुक्रवार तक जारी रहेंगे। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से ही जारी हैं।

### हनुमानगढ़ी में किए दर्शन-पूजन

इससे पहले, प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनाथ बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर योगी ने उनका स्वागत किया। दोनों हनुमानगढ़ी पहुंचे और दर्शन-पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि परिसर आए।

### अब माता जानकी का भी बनेगा भव्य मंदिर

**इस पावन भूमि पर आकर मैं बहुत अभिभूत हूं : सिंह**

सिंह ने सियावर रामचंद्र की जयघोष के साथ अपना संबोधन शुरू किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज इस पावन भूमि पर आकर मैं बहुत अभिभूत हूं। आज मुझे सब कुछ मिल गया। आज से दो वर्ष पूर्व प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के इंतजार के बाद भव्य मंदिर में विराजमान हुए थे। रामलला का यह मंदिर हजारों वर्षों तक भगवान श्रीराम के जीवन का गुणगान करता रहेगा।

### भूत पिशाच निकट नहिं आवे: योगी

सीएम योगी ने सियावर रामचंद्र की जय, भारत माता की जय और वंदे भारत के उद्घोष के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के बाद रामजन्मभूमि आंदोलन के कई परिणाम अयोध्या ने देखे। अयोध्या को लहूलुहान करने का प्रयास किया। लेकिन, जहां रक्षा हनुमान जी कर रहे हों, वहां भूत पिशाच निकट नहिं आवे।

### पीएम मोदी ने देश के लिए की प्रार्थना

## सेवा, समर्पण और करुणा की भावना और प्रगाढ़ हो

**नई दिल्ली।** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने प्रभु से प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरी कामना है कि मर्यादा पुरुषोत्तम की प्रेरणा हर देशवासी के हृदय में सेवा, समर्पण और करुणा की भावना को और प्रगाढ़ करे, जो समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का सशक्त आधार भी बने।



## खबर संक्षेप

### आंध्र में शिवलिंग क्षतिग्रस्त, 1 गिरफ्तार

**द्राक्षारामम।** बीआर आंबेडकर कोनासिमा जिले के द्रक्षारामम मंदिर के पास एक शिवलिंग को कथित रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मंदिर के सीढ़ियों वाले जलाशय के पास शिवलिंग को क्षतिग्रस्त पाया गया। थोतापेटा निवासी सीलम श्रीनिवास को गिरफ्तार किया है।



### कर्मचारियों ने 1.27 करोड़ की धोखाधड़ी की

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक परिवहन कंपनी के दो कर्मचारियों पर अपने नियोक्ता से 1.27 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। परिवहन व्यवसायी ने आरोप लगाया कि आरोपी अजयकुमार लालबहादुर पांडे और केशवप्रसाद रामसेवक तिवारी उर्फ त्रिपाठी ने कंपनी से धोखाधड़ी की।




### लूट की साजिश रचते 4 बदमाश गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने एक बार से 4 लोगों को गिरफ्तार किया है और पुलिस का दावा है कि ये लोग आभूषण की एक दुकान में लूट की साजिश रच रहे थे। अपराध शाखा (इकाई-तृतीय) के निरीक्षक को सूचना मिली थी कि नालासोपारा रेलवे स्टेशन के पास दीपा बार में हथियारबंद 5 लोग इकट्ठा हुए हैं।



### बीएमसी चुनाव में 2,516 नामांकन पत्र दाखिल

**मुंबई।** बीएमसी चुनाव के लिए कुल 2,516 नामांकन दाखिल किए गए हैं, जिनमें से 2,122 नामांकन अंतिम दिन ही जमा किए गए। 227 वार्डों वाले बीएमसी के चुनाव 15 जनवरी को होंगे और मतगणना अगले दिन होगी। नामांकन शुरू करने की प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी और 30 दिसंबर को समाप्त हुई। यह प्रक्रिया चल रही है।



मुख्य चुनाव आयुक्त से अभिषेक बेनर्जी की ऐसी अभद्रता

# अंगुली नीचे करके बात करो, हम निर्वाचित व आप मनोनीत, हम किसी के गुलाम नहीं



**टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक ने सीईसी पर लगाए गंभीर आरोप**

**'सॉफ्टवेयर और एल्गोरिदम' के जरिए हेरफेर कर वोट चोरी की जा रही**

» *एसआईआर से संबंधित बैठक में हंगामा, अभिषेक बोले*

» *टीएमसी के 10 सांसदों और बंगाल के मंत्रियों ने की ईसीआई से चर्चा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ करीब ढाई घंटे चली बैठक के बाद केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। बेनर्जी ने आरोप लगाया कि देश में अब ईवीएम के बजाए 'सॉफ्टवेयर और एल्गोरिदम' के जरिए वोटर लिस्ट में हेरफेर कर वोट चोरी की जा रही है। अभिषेक ने कहा कि टीएमसी के 10 सांसदों और पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से करीब ढाई घंटे तक मुलाकात की, लेकिन आयोग उनके उठाए गए सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं दे सका। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 नवंबर को भी आयोग से सवाल पूछे गए थे, लेकिन न तब जवाब मिला और न अब। उल्टा, चयनित लीक मीडिया को दिए गए। बेनर्जी ने कहा आप अंगुली नीचे करके बात कीजिए।


बैठक का नजारा

### हिम्मत हो तो बैठक का सीसीटीवी फुटेज जारी करें

बैठक के दौरान हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए अभिषेक ने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनसे अंगुली उठाकर बात करने की कोशिश की, लेकिन मैंने उनसे साफ कहा कि अंगुली नीचे करके बात करो। आप मनोनीत हैं, जबकि हम निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। हम किसी के दास या गुलाम नहीं हैं। उन्होंने सीईसी को चुनौती दी कि यदि उनमें हिम्मत है, तो वे बैठक की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करें और मीडिया के सवालों का सामना करें।

### बंगाल को बदनाम करने की कोशिश हो रही

अभिषेक ने सवाल उठाया कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर बंगाल को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर 58 लाख लोगों की सूची बनाई गई है, तो साफ बताया जाए कि उनमें कितने अवैध प्रवासी हैं। अगर कोई अवैध है तो हम भी उन्हें बाहर करने के पक्ष में हैं, लेकिन झूठा प्रचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य 11 राज्यों में एसआईआर चल रहा है, लेकिन बंगाल में सबसे कम डिलीशन होने के बावजूद यहां सबसे ज्यादा सख्ती की जा रही है।

### 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' की सूचना नहीं दी

अभिषेक का दावा है कि एसआईआर के तहत 1.36 करोड़ मामलों में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' बताई जा रही है, लेकिन आयोग ने अब तक इसकी सूची सार्वजनिक नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि ईसीआई एप में गड़बड़ी है, जहां दस्तावेज जमा होने के बावजूद नोटिस जारी नहीं हो रहे और नाम सॉफ्टवेयर के ज़रिए हटाए जा रहे हैं, वह भी एईआरओ की जानकारी के बिना। उन्होंने कहा कि 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, दिव्यांगों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को घंटों फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए बैठाया जा रहा है, जो अमानवीय है।

### विपक्ष को दिया संदेश

अभिषेक ने कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और राजद सहित विपक्षी दलों से अपील की कि वे समझें कि वोट चोरी ईवीएम से नहीं, वोटर लिस्ट और सॉफ्टवेयर के जरिए हो रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में इसी तरीके से जीत हासिल कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि पहले मतदाता तय करते थे कि सरकार कौन बनाएगा? अब सरकार तय कर रही है कि वोट डालने कौन जाएगा, लेकिन याद रखिए भाजपा हमेशा सत्ता में नहीं रहेगी, संविधान रहेगा। 2026 में बंगाल की जनता फिर भाजपा को हराएगी।

शाह का 'बंगाल फतह' अभियान

# भाजपा के जन प्रतिनिधियों से की चर्चा, घोष को भी बुलाया


बैठक को संबोधित करते शाह

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की राज्य इकाई की तैयारियों का जायजा लेने के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को साल्ट लेक स्थित एक होटल में पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को भी बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। बैठक में सांसद, विधायक, नगर निकाय पार्षद और संगठनात्मक दायित्व संभालने वाले पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका कि बैठक में क्या चर्चा हुई लेकिन चुनाव पर बात हुई है।

### अभिषेक को मतुआ ठाकुरबाड़ी में पूजा की अनुमति नहीं देंगे: शांतनु

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता शांतनु ठाकुर ने कहा है कि अगर टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी भारी सुरक्षा बल के साथ उत्तर 24 परगना जिले स्थित मतुआ ठाकुरबाड़ी में आते हैं तो उन्हें वहां पूजा-अर्चना करने की 'अनुमति नहीं दी जाएगी'। मंत्री ने चेतावनी दी कि अभिशेक की यात्रा के विरोध में हजारों मतुआ श्रद्धालु उक्त स्थल पर एकत्र होकर 'धिक्कार मिछिल' (विरोध मार्च) निकाल सकते हैं।



### ममता तानाशाही न करें, 'धमकी' भी न दें: पात्रा

**भुवनेश्वर।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल की सीएएम ममता बेनर्जी की आलोचना करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री को धमकी देने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह 'तानाशाही' कर रही हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि ममता ने बांकुड़ा जिले में एक जनसभा के दौरान कहा कि शाह कोलकाता के जिस होटल में ठहरे हुए हैं वहां से बाहर वह उनकी 'मर्जी' से ही निकल पाए हैं। ममता ने देश के गृह मंत्री को ऐसी भाषा में धमकी दी है।



चौहान का 3 दिनी महाराष्ट्र दौरा

# कृषक समूहों से करेंगे मुलाकात व योजनाओं की देंगे जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार से 2 जनवरी तक महाराष्ट्र के अहिल्यानगर और नासिक जिलों के दौरे पर रहेंगे। वे केंद्र की किसान और ग्रामीण हितैषी नीतियों की जानकारी देंगे।



वे यहां बाभलेश्वर में कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा करेंगे और कृषक समूहों से मुलाकात करेंगे, किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श तथा क्षेत्र की विशेष चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा भी उनके कार्यक्रमों में शामिल रहेगी। अहिल्यानगर में किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती, आधुनिक तकनीक के उपयोग, फसल विविधिकरण, मूल्य संवर्धन और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से संगठित कृषि को बढ़ावा देने पर अपना दृष्टिकोण साझा करेंगे। 1 जनवरी को पौधरोपण के साथ नव वर्ष पर अधिकारियों को वर्चुअल सम्बोधन कर संकल्प दिलाएंगे। ग्राम लोणी बुदरुक में ग्राम सभा कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे, जहां ग्रामीणजन, मजदूर श्रमिक भाई बहनों से संवाद भी करेंगे।


संस्कृति मंत्रालय ने बताया

# पीएम 3 को पिपरावा के अवशेषों की प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 3 जनवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में पिपरावा के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

संस्कृति मंत्रालय 'लोटस लाइटः रेलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन' शीर्षक से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें पिपरावा अवशेषों के साथ महत्वपूर्ण प्राचीन वस्तुओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें प्रत्यावर्तित अवशेषों और संबंधित प्राचीन वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी बुद्ध की शिक्षाओं के साथ भारत के अटूट सभ्यतागत संबंध और अपनी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और प्रस्तुति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह आयोजन भारत के सांस्कृतिक और राजनयिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि प्रदर्शित अवशेषों में अत्यधिक ऐतिहासिक, पुरातात्विक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करती है।



## नए साल का जश्न मनाते लोग



**शिमला।** बुधवार को शिमला में नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न के दौरान लोग नाचते हुए।

रायपुर में हिंदू सम्मेलन के दौरान संघ प्रमुख ने दी सीख

# यह देश सबका है और यही भावना सामाजिक सद्भाव बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶ रायपुर

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में हिंदू सम्मेलन में शिरकत की। 3 दिनी प्रवास के दौरान बुधवार को सोनपैरी गांव में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए सामाजिक सद्भाव और एकता पर जोर देते हुए कहा कि देश सबका है और किसी को भी जाति, भाषा या धन के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

भागवत ने भेदभाव मिटाने के लिए मंदिरों को सभी के लिए खोलने की अपील की। उन्होंने परिवारों की एकजुटता पर भी जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल और संविधान का पालन करने की अपील भी की। भागवत ने कहा कि देश सबका है और यही भावना सच्चा सामाजिक सद्भाव है। सामाजिक सद्भाव की दिशा में पहला कदम अपने मन से अलगाव और भेदभाव की भावनाओं को दूर करना और सभी को अपना मानना ही होगा।

*संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने विकास, पर्यावरण, नशा और युवाओं के भविष्य पर गहरी चिंता जताई है। रायपुर एम्स में युवा विकास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया अब तक ऐसा विकास मॉडल नहीं बना सकी, जिसमें पर्यावरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर एक साथ बिना हानि के चल सकें।*

**एकजुटता का मंत्र दिया जातिवाद पर साधा निशाना**



### परिवार सुरक्षित तो देश भी रहेगा सुरक्षित

जब व्यक्ति अकेला पड़ जाता है तो वह नशे जैसी बुराइयों में उलझ जाता है। आपसी संवाद और मित्रों के साथ बातचीत से इससे बचा जा सकता है। आज घरों में भी बातचीत कम हो गई है। इसलिए सप्ताह में एक दिन पूरा परिवार साथ बैठे, भजन करे, मां के हाथ का भोजन करे और 3-4घंटे आपसी गपशप करे। देश सुरक्षित रहेगा तभी हम और हमारा परिवार सुरक्षित रहेंगे।

### उपायों पर गंभीर मंथन करें

सम्मेलन में भागवत ने समाज और राष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर पांच प्रमुख बातों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संकटों पर केवल चर्चा से समाधान नहीं निकलता, बल्कि उपायों पर गंभीर मंथन आवश्यक है।

### पर्यावरण पर जताई चिंता

भागवत ने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है, ऋतु चक्र बदल रहा है। जंगल कम होने से पानी की समस्या बढ़ रही है। घर से ही पानी बचाएं।

### अलगाव और भेदभाव को निकाल दें

भागवत ने कहा कि जीवन में कुछ मूल्यों को आत्मसात करना जरूरी है। अपनी दृष्टि से अलगाव और भेदभाव को निकालना होगा। हम पूरे हिंदू समाज को एक मानते हैं, लेकिन दुनिया हिंदुओं में भेद देखती है। जाति, पंथ और भाषा का फर्क किए बिना सबको अपना मित्र बनाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति में राम विराजमान हैं।

प्रगति की 50वीं बैठक

# पीएम मोदी की कसौटी पर रहीं 85 लाख करोड़ की परियोजनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'प्रगति' (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। यह मंच केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के साथ बड़ी बुनियादी ढांचा और जनहित से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए जाना जाता है। पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रगति के माध्यम से 85 लाख करोड़ रसे अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। पीएम ने प्रशासनिक सुधारों पर ज़ोर देते हुए कहा कि शासन का लक्ष्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना, परिणाम देना और ज़मीन पर बदलाव लाना होना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की देरी को गंभीरता से लिया जाए और फील्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाई जाए। बैठक में सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला क्षेत्रों से जुड़ी पाँच प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनकी कलागत 40 हजार करोड़ से अधिक है।

### स्कूलों के प्रदर्शन की निगरानी करें

*पीएम ने समयबद्ध कार्य, आपसी समन्वय और स्थानीय स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया। उन्होंने पीएमश्री योजना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इसे शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानक के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि वे पीएमश्री स्कूलों के प्रदर्शन की नियमित निगरानी करें, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान बताया गया कि अब तक प्रगति मंच पर 377 परियोजनाओं की समीक्षा की जा चुकी है और उनमें से करीब 94% मुद्दों का समाधान किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मंच 'टीम इंडिया' की भावना को मजबूत करता है। और केंद्र-राज्य सहयोग से परियोजनाओं की लागत बढ़ने और देरी जैसी समस्याओं में कमी आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति@50 न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि यह विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।*

**देश-विदेश में नए साल का जश्न**

# रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और संगीत के साथ किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया भर में नए साल का उत्सव शुरू हो गया है। लोग अलग-अलग तरीकों से नए साल के जश्न का आनंद ले रहे हैं। शहरों में रंग-बिरंगी रोशनी, आतिशबाजी और संगीत के साथ लोग नए साल की तैयारी में जुटे हैं। प्रशांत महासागर में स्थित किरिबाती दुनिया का वह देश है, जहां सबसे पहले नया साल मनाया जाता है। यहां का किरितिमाती द्वीप, जिसे क्रिसमस आइलैंड भी कहा जाता है, नए साल की पहली किरण देखने वाला स्थान माना जाता है। किरिबाती इंटरनेशनल डेट लाइन के पास स्थित है, जिसके कारण यहां सूरज सबसे पहले उगता है और कैलेंडर सबसे पहले बदलता है। किरिबाती भारत से 8 घंटे 30 मिनट आगे है। इसका मतलब यह है कि जब भारत में 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 3:30 बजे होंगे, तब किरिबाती में 1 जनवरी 2026 शुरू हो चुका था।

**किरिबाती में सूरज सबसे पहले उगता है**

**न्यूजीलैंड नव वर्ष मनाने वाला का दूसरा देश**

**ऑस्ट्रेलिया तीसरा देश जहां तीन घंटे बाद मनाते न्यू ईयर**


किरिबाती में नए वर्ष में सूर्य की पहली किरण


ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर पर रंगबिरंगी आतिशबाजी

**रोशनी से नहाया जापान का रेनबो ब्रिज**


जापान की राजधानी टोक्यो के ओडाइबा मरीन पार्क में आतिशबाजी जो रेनबो ब्रिज के पास है।

**बर्फबारी के बीच नए साल का लुत्फ**


जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिला के गुलमर्ग में हजारों की तादात में पहुंचे पर्यटक नया वर्ष का आनंद लेते हुए।

**खबर संक्षेप**

## चकमा हत्याकांड की जांच करेगी एसआईटी

देहरादून। सेलाकुई में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या की जांच के लिए एसपी देहात की



देख-रेख में एसआइटी गठित की गई है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सीओ स्तर के अधिकारी को पूरे प्रकरण की विवेचना सौंप दी है। वह घटनाक्रम से लेकर सभी तथ्यों की जांच करेंगे। एसएसपी ने कहा कि पीड़ित के स्वजन व किसी अन्य व्यक्ति को यदि प्रकरण से संबंधित कोई भी साक्ष्य व तथ्य उपलब्ध कराएं।

## एनआईए चीफ सदानंद दाते अब महाराष्ट्र डीजीपी

**मुंबई।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सदानंद दाते अब महाराष्ट्र पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) होंगे। वह 3 जनवरी को पद ग्रहण करेंगे। अभी तक राज्य पुलिस की



मुखिया रश्मि शुक्ला थीं। दाते का कार्यकाल, सेवानिवृत्ति की तिथि चाहे जो भी हो, दो वर्षों का होगा। एक बयान में कहा गया कि संघ लोक सेवा आयोग की एम्पैनलमेंट कमेटी द्वारा अनुशंसित पैनल में शामिल सदानंद वसंत दाते, आईपीएस (महाराष्ट्र कैडरः 1990) को डीजीपी नियुक्त किया गया है।

### बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में देश के बाहर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# बकिंघम पैलेस के पास प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस कुमार्स की 150 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और इसके पूर्व सीएमडी नितिन कासलीवाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है। एजेंसी के अनुसार, यह संपत्ति नितिन शंभुकुमार कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के लाभकारी स्वामित्व में है।

*बैंकों के साथ 1,400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की*

*टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया*


नितिन कासलीवाल

### बैंकों से लिए ऋण को विदेश भेजा

नितिन कासलीवाल पर भारतीय बैंकों के एक कंसोर्टियम (समूह) के साथ लगभग 1,400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंकों से लिए गए ऋण को गलत तरीके से विदेशी निवेश के नाम पर भारत से बाहर भेजा गया। ईडी के बयान के अनुसार, नितिन कासलीवाल ने बैंकों के फंड को डाइवर्ट किया और विदेशी न्यायक्षेत्रों में निजी ट्रस्टों और कंपनियों की एक जटिल संरचना के माध्यम से इन संपत्तियों को छुपाया।

### विदेशी ट्रस्टों और शेल कंपनियों का जाल

*एजेंसी की ओर से 23 दिसंबर को की गई छापेमारी और जब्त किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से एक बेहद जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि कासलीवाल ने ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई), जर्सी और स्विट्जरलैंड जैसे टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया था। एजेंसी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि नितिन कासलीवाल ने कैथरीन ट्रस्ट (पूर्व में सूर्या ट्रस्ट) की स्थापना की थी, जिसमें वह और उनके परिवार के सदस्य मुख्य लाभार्थी थे। बयान के अनुसार, यह ट्रस्ट जर्सी और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में स्थित कैथरीन प्रॉपर्टी होल्डिंग लिमिटेड (सीपीएचएल) नामक कंपनी को नियंत्रित करता था जिसके पास लंदन में स्थित उस अचल संपत्ति का स्वामित्व था जिसे अब कुर्क किया गया है।*

## सोने-हीरे के गहनों से भरा सूटकेस और 5 करोड़ की नकदी जब्त

ईडी ने मंगलवार को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार स्थित एक परिसर में छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, गहने और दस्तावेज जब्त किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान 5.12 करोड़ रुपए नकद, सोने और हीरे के गहनों से भरा एक सूटकेस बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा, चेक बुक से भरा एक बैग और करीब 35 करोड़ रुपए की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई अभी जारी है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

### 35 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज जब्त

यह तलाशी कार्रवाई इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं व व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम


बरामद सोने-चांदी के आभूषण और नकदी

(पीएमएलए), 2002 के तहत दर्ज एक कथित धनशोधन मामले में की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी और बरामदगी इंदरजीत सिंह यादव के सहयोगी अमन कुमार के परिसरों से की गई है। यह तलाशी 30 दिसंबर को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार इलाके में शुरू हुई थी। इस दौरान ईडी ने 5.12 करोड़ रुपए नकद, एक सूटकेस में रखे सोने और हीरे के गहने जिनकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए बताई गई है और एक बैग में रखी चेक बुक व लगभग 35 करोड़ रुपए की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

### कर्तव्य पथ पर दिखाएंगे अपनी मूक शौर्यगाथा

## 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 शिकारी पक्षी, 4 जांस्कारी घोड़े देंगे साहस का परिचय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के कुछ जांबाज 'मूक योद्धाओं' जैसे बैक्ट्रियन ऊंट, शिकारी पक्षी, जांस्कारी घोड़े और पारंपरिक कुत्ते 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर आयोजित किए जाने वाले भव्य गणतंत्र दिवस परेड समारोह में पूरी खामोशी के साथ समर्पण और निस्वार्थ भाव से जारी अपनी शौर्य, साहस वाली राष्ट्रसेवा से परिचय कराते हुए नजर आएंगे। आत्मनिर्भर भारत के तहत सेना मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े पैमाने पर शामिल कर रही है। कुत्तों को मेरठ में रिमाउंट और वेटरनरी कॉर्प्स केंद्र में प्रशिक्षित किया जाता है। यह आतंकवाद रोधी अभियानों से लेकर विस्फोटक, बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई मौकों पर इन कुत्तों ने अपनी जान देकर सैनिकों को बचाया है।

### लद्दाख में है बैक्ट्रियन ऊंटों की तैनाती

सेना ने बताया कि यह पहली बार होगा। जब उसका पशु दस्ता इतने बड़े पैमाने पर संगठित रूप से परेड का हिस्सा बनेगा। कुल करीब 26 पशु-पक्षी इसमें शामिल होंगे। 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जांस्कार पोनी (घोड़े), 4 शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के 10 कुत्ते और बल में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य कुत्ते मुख्य हैं। सैन्य दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे। जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। यह ऊंट अत्यधिक ठंडे मौसम के साथ ही 15 हजार फीट की ऊंचाई पर आसानी से अपना काम कर सकते हैं। ऊंटों की एक खास बात ये भी है कि यह कुल 250 किलो तक का सामान अपनी पीठ पर लादकर ढो सकते हैं। इतना ही नहीं कम पानी और चारे के साथ भी यह लंबी दूरी तय कर सकते हैं।

### 4 शिकारी पक्षी करते हैं हवाई निगरानी

परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) सेना की नई और स्मार्ट सोच को प्रदर्शित करते हैं। इनका इस्तेमाल फोर्स द्वारा निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े हुए कामों के लिए किया जाता है। दस्ते में शामिल जांस्कार पोनी घोड़े लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल है। आकार में तो ये घोड़े छोटे हैं। बावजूद इसके इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है।


**भारतीय सेना बढ़ा रही युद्ध क्षमता**

## 90% से अधिक गोला-बारूद की स्वदेशी आपूर्ति, 'आत्मनिर्भर' हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना निरंतर अपनी युद्ध क्षमता बढ़ा रही है। खास तौर पर लंबी अवधि तक चलने वाले युद्धों की सशक्त तैयारी की जा रही है। इसका एक मजबूत आधार गोला-बारूद की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। सेना के मुताबिक गोला-बारूद की आपूर्ति में 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता हासिल कर ली गई है। तेजी से बदलते सुरक्षा वातावरण, अनिश्चितताओं और दीर्घकालिक संकटों के दौर में किसी भी देश की सैन्य क्षमता केवल आधुनिक हथियारों पर नहीं, बल्कि लगातार संचालन जारी रखने की क्षमता पर निर्भर करती है। गोला-बारूद, स्पेयर पार्ट्स और लॉजिस्टिक्स इसी

### 'मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' की दृष्टि


प्रहार करता तोपखाना

लंबे समय तक अपनी सैन्य गति को बरकरार रखने की चुनौती का समाधान करते हुए भारतीय सेना ने आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड की दृष्टि के अनुरूप स्वदेशीकरण को तेज गति दी है। भारतीय सेना का कहना है कि वर्तमान में वह लगभग 200 प्रकार के गोला-बारूद और प्रिसीजन म्यूनिशन का संचालन करती है।

### 16000 करोड़ का पैकेज तैयार

सेना का कहना है कि मेक इन इंडिया के तहत लगभग 16,000 करोड़ का आदेश-पैकेज तैयार किया गया है। वहीं बीते तीन वर्षों की बात करें तो इस अवधि में करीब 26,000 करोड़ के गोला-बारूद के ऑर्डर स्वदेशी निर्माताओं को दिए गए हैं। अनेक प्रकारों में अब बहु-स्रोत उपलब्ध होने से आपूर्ति-श्रृंखला और अधिक मजबूत हुई है। शेष श्रेणियों पर रिसर्च संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों और निजी क्षेत्र के प्रयासों के माध्यम से कार्य चल रहा है।

### डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

## यूरिया के कट्टों में छिपाया 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट जब्त, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ टोंक

राजस्थान के टोंक जिले में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विस्फोटक सामग्री की अवैध सप्लाई का भंडाफोड़ किया है। टीम ने एक कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है और बूंदी जिले के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में इस्तेमाल की जा रही मारुति सियाज कार को भी जब्त कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी यूरिया खाद के कट्टों में छुपाकर करीब 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट लेकर आ रहे थे। यह विस्फोटक सामग्री बूंदी से टोंक सप्लाई के लिए लाई जा रही थी।



डीएसटी टीम को इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर बरौनी थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

तलाशी के दौरान पुलिस ने अमोनियम नाइट्रेट के अलावा 200 खतरनाक एक्सप्लोसिव कार्टेज, साथ ही सेफ्टी फ्यूज वायर के 6 बंडल भी बरामद किए। प्रत्येक बंडल में करीब 183 मीटर वायर थी। डीएसटी टीम ने इस मामले में बूंदी जिले के निवासी सुरेंद्र पुत्र भंवर लाल पटवा और सुरेंद्र मोची पुत्र दुलीलाल को गिरफ्तार किया है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लीट में नया मेहमान

*दिवंगत रतन टाटा के सम्मान में बोइंग 737-8 मैक्स का नाम 'वीटी-आरएनटी' रखा*




**नई दिल्ली।** भारतीय एविएशन इतिहास में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी फ्लीट में पहला लाइन-फिट बोइंग 737-8 मैक्स शामिल करते हुए उसे उस शख्सियत को समर्पित किया, जिसने भारतीय उद्योग और एविएशन को नई दिशा दी। नाम है रतन नवल टाटा। इस प्लेन का रजिस्ट्रेशन वीटी-आरएनटी अपने आप में एक संदेश है। यह सिर्फ अक्षरों का मेल नहीं, बल्कि उस व्यक्ति के नाम का आसमान में लिखा गया सम्मान है, जिन्हें पूरी दुनिया 'द विजनरी' के नाम से जानती है। इसलिए यह सिर्फ एक नई उड़ान नहीं थी, बल्कि भावनाओं, सम्मान और विरासत से जुड़ा एक खास पल था। जब एएक्सबी001 फ्लाइट ने अपनी पहली डिलीवरी जर्नी की शुरुआत की और आइसलैंड की ओर बढ़ी, तो फ्लाइटराडार24 पर उसे हजारों लोगों ने लाइव ट्रैक किया।

### खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में ढाका पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# पूर्व पीएम के बेटे को पीएम मोदी की तरफ से शोक पत्र सौंपा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया को राजधानी ढाका में बुधवार शाम 5 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जिया को संसद परिसर स्थित जिया उद्यान में उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के पास दफनाया गया। उनके जनाजे में शामिल होने के लिए देशभर से 10 लाख लोग जुटे।

भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर तारिक रहमान के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा कि ढाका पहुंचने के बाद, मैंने बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की, जो बांग्लादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया के बेटे हैं। मैंने उन्हें पीएम मोदी का एक निजी पत्र सौंपा और भारत सरकार व भारत की जनता की तरफ से संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुझे पूरा विश्वास है कि बेगम खालिदा जिया के विचार और आदर्श, भविष्य में हमारे दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाने का रास्ता दिखाएंगे।



### जनाजे में जुटे करीब 10 लाख लोग

खालिदा जिया के जनाजे में 10 लाख लोग शामिल हुए। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के इतिहास में इतनी बड़ी जनाजा पहले कभी नहीं हुई। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मुहम्मद यूनुस, अन्य सलाहकार, राजनीतिक दलों के टॉप लीडर्स, अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि और समाज के हर वर्ग के लाखों लोग जनाजे में शामिल हुए। इससे पहले खालिदा जिया की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए स्पेशल वाहन से लाया गया। मानिक मियां एवेन्यू के बाहर हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं ने खालिदा जिया के लिए प्रार्थना की।

**रिश्तों को देंगे मजबूती**

भारत सरकार का मानना है कि खालिदा जिया की सोच और उनकी राजनीतिक विरासत भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को आगे भी मजबूती देती रहेगी। इसी भावना के तहत डॉ. जयशंकर को खास तौर पर ढाका भेजा गया है ताकि वे इस दुखद अवसर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकें।

### जयशंकर ने पाक संसद के स्पीकर सादिक से हाथ मिलाया

जयशंकर ने ढाका में पाकिस्तानी संसद के स्पीकर अयाज सादिक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने हाथ भी मिलाया। दोनों बांग्लादेश की पूर्व पीएम



खालिदा जिया के फ्यूनरल में पहुंचे थे। भारत-पाकिस्तान के बीच मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के किसी बड़े नेताओं ने आमने-सामने मुलाकात की और हाथ मिलाया। इसी वजह से यह मुलाकात कूटनीतिक तौर पर अहम मानी जा रही है। इससे पहले एशिया कप क्रिकेट मैच के दौरान टीम इंडिया ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। दोनों नेताओं की हाथ मिलाते हुई तस्वीर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।

### अवैध इमिग्रेशन पर ट्रंप की चेतावनी

## अमेरिकी कानून तोड़ने पर कड़ी आपराधिक सजा भुगतनी होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि जो लोग इमिग्रेशन के मामले में उनके देश के कानून को तोड़ेंगे, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा भुगतना पड़ेगी। अमेरिकी दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा है कि उनके मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार अपने देश से अवैध इमिग्रेशन की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका का दावा है कि वह अपने देश की सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए इमिग्रेशन नियमों को लेकर बहुत ही सख्त है। भारत में अमेरिकी दूतावास के एक्स हैंडल पर इस संबंध में एक पोस्ट किया



गया है, जिसमें कहा है कि अगर आप अमेरिकी कानून तोड़ते हैं, तो आपको कड़ी आपराधिक सजा भुगतनी होगी। ट्रंप प्रशासन अमेरिका में अवैध इमिग्रेशन खत्म करने और अपनी देश की सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने अवैध रूप से रह रहे कई खतरनाक से खतरनाक अपराधियों को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है।

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की बेहतर नीतियों का परिणाम धरातल पर दिखा

# जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानी पूर्वक किया कचरे का विनिष्टीकरण

भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की नीतियां बहुत ही बेहतर तरीके से सफल हो रही हैं। कई नीतियां ऐसी है जिनकी सराहना दूसरें राज्यों में भी हो रही है। इसका ताजा उदाहरण यूनियन कार्बाइड का कचरा है। जिसको लेकर कई दशकों से विचार मंथन ही चल रहा था।

पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने हिम्मत दिखाते हुए पूरी सावधानी के साथ इस कचरे का निष्पादन कराया और कहीं कोई हानि की संभावना नहीं रही। मध्य प्रदेश में जनता के सरोकार प्राथमिकता में सबसे ऊपर है, यूनियन कार्बाइड के कचरे के विनिष्टीकरण की कार्रवाई सतत निगरानी में की गई। गैस कांड के 40 वर्ष बीतने के बाद भोपाल में रखा लगभग 337 मीट्रिक टन कचरे का हानिकारक प्रभाव खत्म हो गया है। बचे हुए शेष कचरे में 60 प्रतिशत से अधिक केवल स्थानीय मिट्टी, 40 प्रतिशत में 7-नेपथॉल, रिएक्टर रेसिड्यूज और सेमी



प्रोसेस्ड पेस्टीसाइड्स का अपशिष्ट थे। इसमें मौजूद 7-नेपथॉल रेसीड्यूस मूलतः मिथाइल आइसो साइनेट एवं कीटनाशकों के बनने की प्रक्रिया का सह-उत्पाद होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कचरे के निपटान की प्रक्रिया का केन्द्र सरकार की विभिन्न संस्थाओं जैसे- नीरी नागपुर, एनजीआरआई हैदराबाद, आईआईसीटी तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर गहन परीक्षण किया गया है।

#### तीन बिन्दुओं पर कराई जांच

कचरे के विनिष्टीकरण की कार्रवाई के संबंध में समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये जा रहे निर्देशों के अतिरिक्त मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव ने विस्तृत रूप से तीन बिंदुओं को आधार बनाकर पृथक से जांच कराई। जांच के बिंदु :- आसपास के गांवों में स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण, फसल की उत्पादकता पर प्रभाव और क्षेत्रीय जल स्त्रोतों की गुणवत्ता का परीक्षण थे। तीनों बिंदुओं के परीक्षण में यह पाया गया कि यूसीआईएल कचरे के निष्पादन से किसी भी प्रकार के नकारात्मक परिणाम परिलक्षित नहीं हुए। मुख्यमंत्री के मुताबिक कचरे के निपटान की प्रक्रिया को लेकर शासन पूरी तरह से संवेदनशील रहा हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मध्यप्रदेश प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ ही सभी संबंधित टीमों की सतत निगरानी में विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई।

### सीएम के निर्देश-जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में जरूरी विकास कार्य को प्राथमिकता दें

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव वन-टू-वन चर्चा करके निकालते हैं समाधान जनसंतुष्टि मूल ध्येय

भोपाल

प्रदेश की डॉ.मोहन सरकार सुशासन के जरिए लोक कल्याण पर अपना ध्यान केंद्रित किए है। सरकार यह सुनिश्चित किया है कि प्रयासों का अधिकतम लाभ जनता को ही मिले। राज्य सरकार इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। जनता के कल्याण के लिए दिन-रात काम करने वाले मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग जनकल्याण के लिए कर रहे हैं। जनता की शत-प्रतिशत संतुष्टि ही उनका पुण्य फल और पारितोषिक है।

इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने यह भी सुनिश्चित करते हुए जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता से जुड़े कार्यों को पूरा कराने में विशेष रूचि लें। सुशासन के जरिए ही जनता का सरकार पर भरोसा कायम रहता है। हम अपने क्षेत्र में सुशासन के जरिए जनकल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव को



अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के 5-5 प्रमुख बड़े निर्माण कार्यों सहित अन्य प्रस्ताव लिखित में मांगे थे जिस पर सरकार सभी निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराने और प्रस्तावों पर समुचित निर्णय लेते हुए जनहित के कामों में आगे बढ़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम संभाग क्षेत्र के विधायकों से जनकल्याण अभियान के संबंध में फीडबैक वे समय समय पर लेते रहे हैं। सीएम डॉ.यादव का कहना है कि जनता के कल्याण का अभियान, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के बगैर पूरा नहीं हो सकता।

#### विधायकों से वन-टू-वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायकों से भी वन-टू-वन चर्चा की। विधायक सोहागपुर ने माखन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कर 50 बिस्तरीय अस्पताल स्वीकृत की मांग की जिस मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को मांग अनुरूप शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तहसील बनखेड़ी में शासकीय आईटीआई केन्द्र खोले जाने की मांग पर तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। सोहागपुर विधायक द्वारा एसडीएम कार्यालय सोहागपुर एवं माखन नगर के साथ अन्य विभागों के नवीन कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 10 करोड़ रूपए मंजूर करने की मांग रखी गई। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव राजस्व को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### नशामुक्ति की दिशा में मोहन सरकार के निर्णय सराहनीय

# प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में शराबबंदी से खुश लाड़ली बहनों ने कहा धन्यवाद मोहन भैया



भोपाल

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने खरगोन जिले में अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में कैबिनेट कर ऐसा ऐतिहासिक निर्णय लिया, जिसे पूरे प्रदेश में सराहा गया। इसी दिन मोहन सरकार ने यह भी निर्णय लिया कि पुण्य सलिला माँ नर्मदा के तट के दोनों किनारे 5 किलोमीटर की परिधि में शराबबंदी पूर्ववत लागू की।

यह दिन इस लिये भी मध्यप्रदेश के इतिहास में स्मरणीय बनेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन को भी स्वीकृत कर लागू किये जाने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में उठाया गया। यह कदम धार्मिक दृष्टि से श्रृद्धा के 19 नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों में प्रभावशाली होगा। मंत्रि-परिषद ने जिन धार्मिक स्थान पर शराब बंदी का निर्णय लिया उसमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें हैं।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर लिया था निर्णय



#### वर्ष 2028 के सिंहस्थ की तैयारी आरंभ



आगामी उज्जैन सिहंस्थ के दृष्टिगत हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार विकास कार्यों के साथ विरासत सहेजने की दिशा में राज्य सरकार काम कर रही है। इस निर्णय से पहले कृष्ण पाथेय निर्माण करने, राम पथ गमन के विकास का काम तेज करने, वर्ष 2028 के सिंहस्थ की तैयारी आरंभ करने, खुले में माँस बिक्री प्रतिबंधित करने और ध्वनि विस्तारकों को सीमित करने जैसे निर्णय लेकर उन पर अमल किया गया। इसके साथ पाठ्यक्रम में महापुरुषों का जीवन चरित्र जोड़ने की पहल की गई है, जिससे, नई पीढ़ी को संकल्पशीलता की प्रेरणा मिले। मध्यप्रदेश सरकार का यह निर्णय भारतीय सांस्कृतिक विरासत की उस जीवन शैली की ओर है जिसमें शाकाहार, सात्विकता और नशामुक्त जीवन शैली को आदर्श माना गया है। मांस-मदिरा मुक्त जीवन शैली को देवों और मनुष्यता का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि मध्यप्रदेश सरकार आस्था केन्द्रों के माध्यम से ऐसा वातावरण बनाना चाहती है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। प्रत्येक स्थान की अपनी मौलिक ऊर्जा होती है। प्रत्येक स्थान अथवा क्षेत्र की अपनी विशिष्ट ऊर्जा होती है। इसे हम धरती के विभिन्न भागों के निवासियों की जीवन शैली और मानसिकता से समझ सकते हैं। भारतीय मनीषियों ने ऐसे स्थानों में तीर्थ क्षेत्रों का चयन किया जो सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र हैं, जिससे व्यक्ति वहाँ जाकर क्षोभ से मुक्त होकर उत्साह के साथ लौटे जिससे उसके कर्म कर्तव्य भी आदर्श हों।

#### पीएम मोदी ने दिया विकास के साथ विरासत का मंत्र : डॉ.यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिये विकास के साथ विरासत का मंत्र दिया है। हमारी सरकार 13 दिसम्बर 2023 को कार्यभार संभालने के पहले दिन से ही इस सूत्र पर काम कर रही है। विरासत की रक्षा के लिये जितना महत्वपूर्ण भवनों, ऐतिहासिक स्थलों और साँस्कृतिक प्रसंगों को सहेजना होता है उतना ही महत्वपूर्ण समाज जीवन की विशिष्टताओं को सहेजना है जिससे आने वाली पीढ़ियाँ संस्कारवान बन सकें। तीर्थ केवल धार्मिक क्षेत्र ही नहीं होते, उन्हें समाज निर्माण का केन्द्र माना गया है। वहाँ का वातावरण सात्विक होना चाहिए।

### परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया आवागमन हो रहा आसान: सीएम




# मुख्यमंत्री ने मॉनिटरिंग सिस्टम को बेहतर बनाया, जिससे परिणाम रहे सार्थक

उज्जैन

प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का बेहतरीन तरीके से डॉ.मोहन यादव की सरकार ने किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की गई। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को मंजूर किया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास पर काम किया है। नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की गई। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित हुई। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की गई।

#### अनुबंधित बसों को दिए परमिट

इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित की गई। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए के काम शुरु किया गया। बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्त्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए गए। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट दे रही है। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये गए हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास पर खरी उतरी प्रदेश मोहन सरकार

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रयास हुए सफल अब प्रदेश में सभी बाधाएं हुईं दूर और उद्योग लगाना हुआ बेहद आसान




भोपाल

मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। राज्य उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा है। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी गई हैं। बस उद्योग लगाएं, राज्य सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक कारोबारियों की हर जरूरी मदद कर रही है, प्रोत्साहन इन्सेटिव भी दे रही है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रदेश की खासियतों से भी उद्योगपतियों को अवगत कराया।मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने नवीन औद्योगिक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

#### पीएम और सीएम पर उद्योपतियों का बढ़ा भरोसा

प्रदेश में पहली बार निवेश की संभावनाओं को तलाशा और संभागीय स्तर पर आयोजित की गई 7 रीजनल इन्वेस्टर्स समिट ने नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं। प्रदेश में निवेश एवं उद्योगों के विकास में देश-दुनिया के उद्योगपतियों ने उत्साह दिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने जीआईएस के उद्घाटन-सत्र में उद्योगपतियों और व्यापारियों को निवेश के मंत्र दिए। उन्होंने कहा था कि अपार संभावनाओं वाले मध्यप्रदेश में निवेश का यही समय सही है। जीआईएस के सफल आयोजन पर उद्योग विभाग और निवेशकों का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में प्राप्त निवेश का आंकड़ा देखा जाए तो राज्य सरकार और निवेशक दोनों ही प्रधानमंत्री मोदी के विश्वास पर खरे उतरे हैं। उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डीबीटी से राशि भेजी जा रही है। सरकार छोटे-बड़े निवेशक और उद्योगपतियों में भेदभाव नहीं करती है। सरकार हर एक को उद्योग प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है।

### खेती को लाभदायक बनाने के लिए विदेशी तकनीक से लेकर स्थानीय जुगाड़ तक को प्रोत्साहित कर रही है राज्य सरकार

# आर्थिक रूप में सम्पन्न हो रहा है मध्यप्रदेश, उन्नत खेती को उद्योग का दर्जा दिलाने में मिल रही कामयाबी

भोपाल

राज्य सरकार कृषकों को बिजली में आत्मनिर्भर बना रही है। अब किसान सौर ऊर्जा से स्वयं बिजली बनाकर पंप चला रहे हैं। उनके द्वारा अपनी आवश्यकता से अधिक बिजली पैदा करने पर राज्य सरकार किसानों से बिजली खरीद रही है और उसका भुगतान भी कर रही है। किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि पर सौर पम्प उपलब्ध कराए गए है।

पांच, तीन, दो हार्स पॉवर तक के सौर पम्प के लिए मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष राशि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई गई। इस योजना से किसानों को बिजली के बिल से मुक्ति मिली जिससे वे बड़ी राहत महसूस कर रहे हैं। तीन साल के अंदर 32 लाख सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य रखा है। किसान, कृषि पम्प चलाने, घर में बिजली के उपयोग या अन्य प्रयोजनों के लिए अपनी बिजली स्वयं बना रहे है।

◀ किसानों के खेत की एक-एक इंच जमीन को बेहतर बनाने पर हो रहा काम

मध्यप्रदेश के संतरे-केले जैसे प्रदेश के अन्य कृषि उत्पादों के नाम पर हो ब्रांडिंग



#### खाद्य प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि विदेशी तकनीक से लेकर स्थानीय जुगाड़ तक को प्रोत्साहित करते हुए खेती को फायदेमंद बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हम उन्नत खेती को उद्योग का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं। इसीलिए कृषि उत्पादों के उचित मूल्य, लंबे समय तक संधारण और स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी हैं। मध्यप्रदेश में संतरा, केला सहित कई महत्वपूर्ण उत्पाद बड़ी मात्रा में होते हैं। इनकी ब्रांडिंग भी हमारे प्रदेश के नाम पर हो, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी किसानों को उन्नत कृषि अपनाने और बागवानी, फलोद्यान, प्रसंस्करण सहित कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियां अपनाते हुए सम्पन्न बनने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरवाई जलाने की जानकारी सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

### जन-जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जन आंदोलन बना, जल गंगा संवर्धन अभियान

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में विचार व्यक्त किए थे कि भारत में आदिकाल से जल की वंदना होती आई है और हमारी संस्कृति में नदियों, कुओं, तालाबों और बावडियों को पूजनीय मानकर उनके संरक्षण की परम्परा रही है। इस विरासत को समृद्ध करते हुए 'जल गंगा संवर्धन अभियान' नदियों को निर्मल, अविरल और सदानीरा बनाने के लिए जन-जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास रहा है। जन भागीदारी की शक्ति से ऊर्जित यह एक उत्कृष्ट अभियान बना जिसमें मध्य प्रदेश के सामर्थ्यवान व प्रकृति प्रेमी साथियों का योगदान प्रशंसनीय रहा है। जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण में



खंडवा की उपलब्धि लोगों को प्रेरित करेगी। इस पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विचार मंथन कर प्रयास शुरु किए जिसके चलते जल गंगा संवर्धन अभियान एक जन आंदोलन बन गया।

### सौर ऊर्जा की अभिनव पहल

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में रोल मॉडल बनकर उभरा मध्यप्रदेश

भोपाल

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में रोल मॉडल बनकर उभर रहा है। प्रदेश में स्थापित की गई अनेक अभूतपूर्व परियोजनाओं से सौर ऊर्जा की आपूर्ति न केवल प्रदेश में, बल्कि दिल्ली मेट्रो एवं भारतीय रेल को भी की जा रही है। ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर विश्व की सबसे बढ़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना स्थापित की है।

मुरैना में भी एक अभिनव सौर परियोजना स्थापित की जा रही है, जिसमें ऊर्जा भण्डारण कर सुबह और शाम के व्यस्ततम समय (पीक ऑवर्स) में भी प्रदेश को हरित ऊर्जा प्रदाय की जाएगी। इस परियोजना की ऊर्जा भंडारण क्षमता 600 मेगावॉट होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। उनके संकल्प की पूर्ति के लिये मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध है।

D-16132/25

# नववर्ष में संकल्प, नवाचार, ईमानदारी और जनसेवा पर रहेगा फोकस 2026 में सड़क सुरक्षा पुलिस की प्रमुख प्राथमिकताः डीजीपी मकवाणा

## राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के डी-ब्रीफिंग सत्र को संबोधित कर दिया मार्गदर्शन

मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत विदेश यात्रा से लौटे राज्य पुलिस सेवा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नववर्ष में प्रदेश पुलिस की प्रमुख प्राथमिकता में सड़क सुरक्षा साथ ही नवाचार, ईमानदारी और जनसेवा के साथ ही पुलिस थानों को और अधिक उत्तरदायी व आम जनता के प्रति संवेदनशील बनाने के प्रयास किए जाएंगे। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने नव वर्ष से पूर्व प्रदेश पुलिस के नववर्ष के लक्ष्य के रूप में यह बताए हैं।

मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत विदेश यात्रा से लौटे राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के डी-ब्रीफिंग सत्र में यह सब बात कही है। इसके जरिए उन्हें प्रदेश भर की पुलिस को संदेश भी दिया है।

### प्रकरणों को जल्द हल करने पर जोर

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा ही पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत नींव हैं। उन्होंने बस्तर और मंदसौर में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए जनसुनवाई के प्रकरणों का गंभीरता से और त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने वर्ष 2025 को मध्यप्रदेश पुलिस के लिए उपलब्धियों से भरा बताते हुए कहा कि प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा एक ऐतिहासिक सफलता है। साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर जागरूकता अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

### पुलिस भर्ती के प्रयास तेज

मकवाणा ने बताया कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया को तेज किया गया है तथा अनुकंपा नियुक्ति, त्वरित क्रमोन्नति और बेहतर स्थानांतरण नीति से पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ा है। उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार प्रणाली को भी सशक्त किया गया है।

### पुलिस की उपलब्धियां गिनाईं

डीजीपी मकवाणा ने अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम के डैशबोर्ड के प्रभावी संचालन, नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी, साइबर क्षमता निर्माण के क्षेत्र में डेटा सुरक्षा परिषद से मिले पुरस्कार और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल के साथ हुए समझौता ज्ञापन को आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### मप्र पुलिस महानिदेशक मकवाणा को हार्टफुलनेस चेंजमेकर अवॉर्ड

विश्व ध्यान दिवस पर हार्टफुलनेस ने मप्र के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा को हार्टफुलनेस चेंजमेकर अवॉर्ड देने की घोषणा की। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जो करुणा, सेवा और मानवीय मूल्यों के साथ नेतृत्व करते हैं और समाज को अधिक एकजुट, मजबूत और मानवीय बनाने में योगदान देते हैं। कैलाश मकवाणा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस यह दिखाने का राष्ट्रीय और वैश्विक उदाहरण बनी है कि अच्छी पुलिसिंग की शुरुआत पुलिसकर्मियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से होती है। समाज की सही सेवा तभी संभव है, जब पुलिसकर्मी स्वयं संतुलित, समर्थ और मानसिक रूप से स्वस्थ हों।


डीजीपी मकवाणा को सम्मानित करते पदाधिकारी।



## भाजपा और कांग्रेस नहीं कर सकी संगठन में पूरी नियुक्तियां

भोपाल। प्रदेश के दोनों प्रमुख राजनीतिक संगठनों में नियुक्तियां पूरी नहीं हो सकी। भाजपा ने जनवरी 2025 में जिला अध्यक्ष बना दिए थे, तब से अब तक सभी जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन सकी। इधर कांग्रेस में भी संगठन सृजन अभियान शुरू हुए 6 महीने हो चुके हैं, लेकिन किसी भी जिले में कार्यकारिणी नहीं बन सकी। यानि इस वर्ष संगठन को लेकर काम-काज तो दोनों दलों ने किया, लेकिन ग्रास रूट तक संगठन की समितियों में कार्यकर्ता एडजस्ट नहीं हो सके। भाजपा के जिला अध्यक्ष जनवरी में बन गए थे, लेकिन जिला कार्यकारिणी बनाए जाने का सिलसिला अब भी जारी है। पार्टी के संगठनात्मक डेढ़ दर्जन जिलों में कार्यकारिणी अब तक नहीं बन सकी है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल प्रदेश कार्यसमिति नहीं बना सके हैं। मंडल अध्यक्ष बना दिए जा चुके हैं, लेकिन मंडलों में कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। कुल मिलाकर भाजपा में अभी संगठन से जुड़ी कुछ टीमों को बनाए जाने की कवायद नए साल की शुरूआत में भी जारी रहेगी। इधर कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों का चयन किया गया। दो जिला अध्यक्ष इस्तीफा दे चुके हैं। जिला कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है।

## प्रभावित क्षेत्रों का नगरीय प्रशासन अपर मुख्य सचिव करेंगे भ्रमण, देंगे रिपोर्ट

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को इंदौर में समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना की पृष्ठभूमि, वर्तमान स्थिति और अब तक की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस संबंध में लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थिति पर सतत निगरानी एवं त्वरित निर्णय सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे को इंदौर में ही तैनात रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम की आवश्यकता को देखते हुए पर्याप्त अमला और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की संयुक्त बैठक

**भागीरथपुरा जलजनित घटना की पुनरावृत्ति रोकने के होंगे पूरे इंतजाम**


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### सीएम बोले-प्रारंभिक स्तर पर हुई लापरवाही की जांच हो रही

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर हुई लापरवाही की जांच की जा रही है। विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने घटना को दुःखद बताते हुए कहा कि इससे सबक लेकर भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए सरकार पूरी दृढ़ता से कदम उठाएगी।*

### डॉ. मोहन ने कहा- टैंकरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा शुद्ध पेयजल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जलापूर्ति पुनः प्रारंभ होने पर कहीं भी लीकेज या प्रदूषण की आशंका पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लगभग 60 प्रतिशत हिस्से में जलापूर्ति शुद्ध पाई गई है, जबकि शेष हिस्सों में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त लाइनों के कारण समस्या सामने आई है, जिन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, शासकीय एवं निजी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से इस आपात स्थिति को नियंत्रित किया गया और प्रभावित नागरिकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया है।

### 40 हजार से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग ढाई हजार में मिले संदिग्ध लक्षण

बैठक में बताया गया कि शहर के भागीरथपुरा वार्ड क्रमांक में गंदे पानी की आपूर्ति की आशंका सामने आने के बाद त्वरित कार्रवाई की गई। बीते दो-तीन दिनों में लगभग 40 हजार से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 2 हजार 456 संदिग्ध मामलों में लक्षण पाए गए। इनमें से 212 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया, जिनमें 50 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 162 मरीजों का उपचार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वे स्वयं जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न अस्पतालों में जाकर मरीजों से मिले हैं और अधिकांश मरीजों की स्थिति स्थिर है।

### मंत्री विजयवर्गीय और भार्गव ने भी दिए सुझाव

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक में इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्थिति के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, अपर मुख्य सचिव सीएम सचिवालय नीरज मण्डलोई, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की बधाई

# वर्ष 2026 को कृषि आधारित उद्योगों के विकास वर्ष के रूप में मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026 के शुभ आगमन पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 नई ऊर्जा, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का संकल्प लेकर आया है।

इसे हम मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों के समग्र विकास वर्ष के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष 2025 में उद्योग और निवेश के क्षेत्र में हमें जो उपलब्धियां मिलीं, वे प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। वर्ष 2026 इसी बुनियाद को और भी मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार, समाज और जवाबदेह प्रशासन सबके संयुक्त प्रयासों से मप्र विकास, संस्कृति, नवाचार और कल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर है। विरासतों को सहेजकर हम किसानों, युवाओं, माताओं-बहनों और गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के साथ 'विकसित मध्यप्रदेश' के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा है कि आइए, हम सब एकजुट होकर मध्यप्रदेश की विकास यात्रा को नये क्षितिज और नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर बताई सरकार की विफलताएं

# जीतू बोले- नागरिकों का भरोसा टूटने वाला साल बना 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वर्ष 2025 के समापन पर मध्यप्रदेश की स्थिति को लेकर तीखा हमला किया है। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जीतू पटवारी ने अपने संदेश में कहा कि बीतता साल प्रदेश के लिए विकास का नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलताओं, भ्रष्टाचार और आम नागरिकों के भरोसे के टूटने का साल बनकर रह गया। पटवारी ने कहा कि शासन और व्यवस्था की नाकामियों का बोझ इस साल आम नागरिकों ने अपने जीवन, भविष्य और विश्वास से चुकाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच गहरी खाई साफ दिखाई दी। जीतू पटवारी ने कहा कि इस वर्ष जहरीले कफ सिरप से मासूम बच्चों की जान गई, वहीं कुत्तों के काटने से नवजातों की मौत जैसी घटनाओं ने सिस्टम की संवेदनहीनता उजागर कर दी। उन्होंने गंदा पानी पीने से लोगों की मौत, सिंगरौली और भोपाल में तथाकथित विकास के नाम पर लाखों पेड़ों की कटाई और हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार मामलों का भी जिक्र किया। किसान, महिलाएं और युवा सबसे ज्यादा प्रभावित हुए।

# प्रेम नारायण को सीसीएफ इंदौर वृत्त और नरेश सिंह को सीसीएफ छतरपुर बनाया

***भारतीय वन सेवा के अधिकारियों का पदोन्नति आदेश जारी किया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा के अधिकारियों का पदोन्नति आदेश जारी किया है। 2008 बैच के प्रेम नारायण मिश्र को सीसीएफ इंदौर वृत्त बनाया गया है। इसी तरह नरेश सिंह यादव को सीसीएफ छतरपुर बनाया गया है। यह सभी आदेश 1 जनवरी 2026 से प्रभावशील होंगे।

इसीतरह 2012 बैच के बृजेंद्र श्रीवास्तव को वन संरक्षक छतरपुर, क्षितिज कुमार को वन संरक्षक कार्य योजना इकाई भोपाल, प्रियांशी सिंह को वन संरक्षक कार्य योजना इकाई इंदौर, ललित भारती को वन संरक्षक ग्वालियर और महेंद्र प्रताप सिंह को वन संरक्षक कार्य आयोजन इकाई शहडोल पदस्थ किया गया है। यह सब अधिकारी पहले वन मंडलाधिकारी के पद पर पदस्थ थे। वन विभाग से जारी आदेश के अनुसार 2008 बैच के प्रेम नारायण मिश्र को सीसीएफ इंदौर और नरेश सिंह यादव को सीसीएफ छतरपुर पदस्थ किया गया है। इसी तरह सीसीएफ से एपीसीसीएफ के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। 2001 बैच की पद्माप्रिया बालाकृष्णन को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक इंदौर, अमित कुमार दुबे को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व सीधी पदस्थ किया गया है। यह आदेश भी 1 जनवरी से प्रभावशील होगा।

# साहू लॉ चेम्बर के कैलेंडर का विमोचन



साहू लॉ चेम्बर के कैलेंडर 2026 का विमोचन करती मंत्री कृष्णा गौर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहू लॉ चेम्बर के कैलेंडर 2026 का विमोचन कृष्णा गौर मंत्री (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) ने किया। साहू लॉ चेम्बर के कैलेंडर के वरिष्ठ पत्रकार, अखिल भारतीय नोटरी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लॉयन महेश कुमार साहू एडवोकेट द्वारा पिछले पच्चीस वर्षा से प्रकाशित किया जा रहा है। ये कैलेंडर आम जनता को निःशुल्क वितरित किया जाता है। इस कैलेंडर में हाईकोर्ट के अवकाश, जिला न्यायालय एवं शासन के अवकाश एवं महत्वपूर्ण नेताओं एवं अधिकारियों की जानकारी एवं एमपीईबी, भोपाल के अस्पताल, श्मशान घाट एवं शव वाहनों के महत्वपूर्ण टेलीफोन नम्बर एवं मोबाइल नंबर का समावेश किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम पटेल एडवोकेट, संजय गुप्ता एडवोकेट, संजय कुमार सेन एडवोकेट, पीयूष साहू एडवोकेट, समाज सेवी आदि उपस्थित थे।

## कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, रविंद्र भवन में होंगे कार्यक्रम

# कल से दो दिन समाज के प्रमुख जनों से संवाद करेंगे सरसंघचालक डॉ. भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**दो दिवसीय प्रवास पर युवा और मातृशक्ति के साथ संवाद के कार्यक्रम में होंगे शामिल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रसंग पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का देशभर में प्रवास हो रहा है। इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास 2-3 जनवरी, को मध्यभारत प्रान्त के भोपाल विभाग केंद्र पर रहेगा। इस दौरान चार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 जनवरी को युवा संवाद और प्रमुखजन गोष्ठी एवं 3 जनवरी को सामाजिक सद्भाव बैठक और शक्ति संवाद।

इस कार्यक्रमों में सरसंघचालक डॉ. भागवत आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करने के साथ ही वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चा करेंगे। अपने इस प्रवास के दौरान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 2 जनवरी को भोपाल में आयोजित प्रान्त स्तर के युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 9:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। युवा संवाद में प्रान्त के सभी 31 जिलों (शासकीय रचना के 16 जिलों) के ऐसे युवा शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और उपलब्धियां अर्जित की हैं। इसी दिन शाम 5:30 बजे से रविन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन है। 3 जनवरी को सुबह 9:30 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित है। इसमें विभिन्न समाज के प्रमुख लोग शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के लिए प्रान्त के सभी जिलों से लोग भोपाल पहुंच रहे हैं। इसी दिन शाम को 5 बजे से भोपाल की प्रमुख मातृशक्ति के साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित हैं। सभी कार्यक्रमों में चयनित लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद भोपाल नगर निगम ने मैदानी अमले को किया अलर्ट

# निगम का दावा- 99 फीसदी शुद्ध जल प्रदाय, हकीकत- पुराने शहर में नालियों के बीच बिछी है पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के स्वच्छ शहरों में गिने जाने वाले इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से मौतों के बाद निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शहर में 99 फीसदी शुद्ध पानी सप्लाई का दावा तो जरूर है, लेकिन पुराने शहर की घनी आबादी वाले इलाकों में वाटर सप्लाई नेटवर्क ही नाली के बीच है।

ऐसे में घरों में दूषित पानी पहुंचने की आशंका बनी रहती है। निगम प्रशासन का कहना है कि ऐसे इलाकों में पाइप लाइन बदलने का काम जल्द किया जाएगा। पूरे शहर से कहीं भी दूषित पानी की कोई शिकायत नहीं है।

*निगम प्रशासन पुरानी पाइप लाइनों को बदलने की तैयारी में*


बाग फरहतअफ्जा में बिछाई गई पाइप लाइन से होती है सप्लाई।

### पुराने शहर में नालियां कचरे से पटी

पुराने शहर के घनी आबादी वाले बाग फरहत अफजा, डीआईजी बंगला क्षेत्र, आरिफ नगर से लगी कॉलोनियों के अलावा इतवारा, बुधवारा, मंगलवारा, इब्राहिमपुरा, गिन्नौरी जैसे इलाकों में पाइप लाइनें नालियों के बीच से होकर घरों तक पहुंच रही हैं। कई जगह तो पाइप लाइन के टुकड़े से जोड़कर पाइप घरों तक पहुंचाए गए हैं। नालियां कचरे से पटी हैं।

### निगम की जल प्रदाय शाखा अलर्ट मोड पर

निगम ने जल प्रदाय शाखा को अलर्ट मोड पर रखा है। इसके अलावा शहर के सभी जोन और वार्ड स्तर पर जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष निगरानी को भी कहा गया है। अधिकारियों का कहना है कि शहर में दूषित जल प्रदाय और लीकेज जैसी समस्या कहीं नहीं है।

### निगम आयुक्त का तर्क, पानी की शुद्धता के लिए क्लोरीन गैस का उपयोग

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि शहर में जहां भी पाइप लाइनें पुरानी हो चुकी हैं उन्हें जल्द बदला जाएगा। पानी की शुद्धता के लिए क्लोरीन गैस का उपयोग हो रहा है। शहर में शुद्ध जल प्रदाय हो रहा है।

### एक नजर शहर में जल प्रदाय नेटवर्क पर

- *514 से 575 एमएलडी पानी सप्लाई की क्षमता (मिलियन लीटर प्रतिदिन)*
- *15 से 20 फीसदी पानी बर्बाद होता है*
- *शहर में बड़े तालाब, कोलार, नर्मदा और केरवा से जल प्रदाय होता है*
- *2500 किमी से अधिक का नेटवर्क है।*
- *पुराने शहर में पाइप लाइनें काफी पुरानी हैं*

**वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स**

- *10 से अधिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट*
- *अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत 448 करोड़ से 61 एमएलडी अतिरिक्त क्षमता और नेटवर्क पर काम चल रहा है।*

### अवधपुरी में पानी के सैंपल लिए, महापौर ने इंजीनियरों को निरीक्षण करने को कहा

महापौर मालती राय ने निगम के इंजीनियरों को निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। ताकि पता चल सके कि कहीं दूषित पानी की सप्लाई तो नहीं की जा रही है। महापौर राय ने सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और सुपरवाइजरों को निरीक्षण करने को कहा है। जबकि अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री को नजर रखने रखने की हिदायत दी गई है। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट देने के आदेश भी दिए हैं।

### अवधपुरी में पानी की जांच करने पहुंची टीम

*आठ महीने पहले अवधपुरी में पाइप्ड नेचुरल गैस की सप्लाई अचानक बंद हो गई थी। इसकी पीएनजी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे गैस सप्लाई बाधित हुई। इस तरह की स्थिति पीने की पाइप लाइन में तो नहीं, इसकी जांच करने बुधवार को नगर निगम की टीम अवधपुरी पहुंची। कुछ घरों से पानी के सैंपल लिए गए हैं।*

आम जनता को मूलभूत सुविधाएं दिलाने में अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि रिपोर्ट कार्ड में फेल

# चार अध्यक्ष के बीते कार्यकाल, फिर भी नगर पालिका बदहाल, चार बड़े प्रोजेक्ट को पूरा होने में जनता को करना पड़ेगा 2 साल और इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में आम जनता को मूलभूत सुविधा जैसे स्वच्छ जल, सुंदर गार्डन, सीवेज, बस स्टैंड, खेल मैदान, यात्री प्रतीक्षालय,व्यवस्थित सड़क जैसी सुविधाओं के लिए आम जन को अभी दो साल और इंतजार करना पड़ सकता है। मंडीदीप में नगर पालिका का कार्यकाल पूर्ण कर चुके अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने में आम जनता के रिपोर्ट कार्ड में फेल साबित हुए हैं।


नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट।

नगर पालिका में चल रहे बड़े प्रोजेक्ट जिसकी लागत करोड़ों में आंकी जा रही है जैसे अमृत योजना, कायाकल्प, एसटीपी, ईटीपी, स्मार्ट पार्किंग, कचरा को पुनः चक्रण कर उससे खाद बना कर व्यवस्थित करना, सतलापुर में डामरीकरण सड़क, सीवेज चैनेलाइजेशन, नाली निर्माण जैसे बड़े प्रोजेक्ट की समय सीमा एक वर्ष पूर्व ही पूरी हो चुकी थी, लेकिन नपा में वित्तीय समस्याओं को देखते हुए परियोजना अधर में अटकी हुई है। नगर के दो लाख से अधिक जनता को शुद्ध जल और व्यवस्थित सड़क जैसी सुविधा नहीं मिल रही है, उन्हें सिर्फ वादे ही मिल पाए है। जो सुविधाएं लोगों को मिली है वह भी ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। नगर पालिका के कार्यकाल को चार पंचवर्षीय से भी अधिक समय हो गए हैं, जिसमें हर अध्यक्ष ने जनता से वादे तो किए, लेकिन जनता को सुविधाएं आज तक नहीं मिली।

## नए वर्ष में राहुल नगर को पट्टे मिलने की उम्मीद

मंडीदीप की उप नगरी राहुल नगर के करीब एक हजार से अधिक परिवार को 20 सालों से पट्टे नहीं मिल पाए हैं। वन विभाग और उद्योग विभाग के फेर में परिवार पट्टे के लिए आज भी इंतजार कर रहे हैं। अब उम्मीद है कि नए वर्ष में एमपीआरडीसी राजस्व विभाग को जल्द ही हस्तांतरित करेगी।

### अधर में अटके परियोजना से आम जन में रोष

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत 26 वार्ड है, सम्मिलित 9 वर्ष पूर्व सम्मिलित वार्डों में सुविधाएं न होने से आम जन में रोष उत्पन्न हो रहा है। नपा के दोहरे रवैया के कारण कुछ वार्डों का विकाश हुआ, वो भी जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ अपने चाहतें वार्डों में किया। बाकी वार्डों के लोगों को विकास का इंतजार है।

### साल दर साल बढ़ रही लागत

नगर में चल रहे प्रोजेक्ट की देरी होने से लागत में भी बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे कही न कही ठेकेदार घाटे में आकर काम को बंद कर रहे है और प्रोजेक्ट पूरा न होने पर लोगों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए

नगर पालिका के पास कोई भी काम करने का सुनियोजित तरीका नहीं है। जिससे नगर के विकाश साल दर साल प्रभावित और काम में देरी हो रही है। सभी एहम प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने के लिए नपा जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए।
**दीपेश मीना,** पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मंडीदीप।

### प्रोजेक्ट का काम जल्द पूरा होगा

हमारे 3 साल के कार्यकाल में ज्यादातर प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत काम हो चुका है। बचे हुए 30 फीसदी काम भी जल्द पूरे हो जाएंगे। 26 जनवरी के पहले 11 करोड़ प्रोजेक्ट के भूमि पूजन जल्द किए जाएंगे।
**प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल,** नपा अध्यक्ष मंडीदीप।

## खबर संक्षेप



### विधायक पटवा ने दी अशोक मित्तल को बधाई

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा पत्नी मोना पटवा ने मंगलवार को व्यापारी महासंघ के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष अशोक मित्तल एवं राजकुमारी मित्तल को विवाह की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई और शुभकामनाएं दी। पचास वर्षों का यह वैवाहिक जीवन प्रेम, विश्वास, समर्पण और पारिवारिक मूल्यों का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि सदैव स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु रखे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, विवेक मित्तल, अर्पित मित्तल, अंकित मित्तल आदि मौजूद रहे।

### अशोक मित्तल का 78वां जन्मदिन मनाया



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के संरक्षक, संघ के जिले के सदस्य अशोक मित्तल का 78वां जन्मदिन बुधवार को उत्साह के साथ बनाया गया। इस अवसर पर पंकज कोठारी, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, विवेक मित्तल, रवि कमल, मनोज चौरसिया, नीरज चावला आदि ने केक काटकर खिलाया और बधाई दी।

### शैलेन्द्र मीणा बने भोपाल जिला अध्यक्ष

**बैरसिया।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन विभाग द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में भोपाल जिले की जिम्मेदारी शैलेन्द्र मीणा को सौंपी गई है। शैलेन्द्र मीणा को भोपाल जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।



### गिरिजा शंकर की सेवानिवृति पर दी बधाई



**मंडीदीप।** मंडीदीप के एचईजी से 38 वर्ष की सेवा करने के बाद बुधवार को सेवानिवृत हुए, गिरजाशंकर ठाकुर ने अपनी पूर्ण ईमानदारी और मेहनत से बिना किसी आरोप प्रत्यारोप से कंपनी में काम किया, जिसमें कंपनी के समस्त स्टाफ, प्रबंधक, राजेश तोमर, सैफ अली समेत और गणमान्य जनों ने बधाई दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0538 | | |
| दिन: | 445 | 36 | 240 |
| रात: | 244 | 08 | 459 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 129 | 22 | 480 |
| रात: | 148 | 33 | 490 |

## ऑफिस से घर लौटते समय भानपुर रोड छोला पर हुआ हादसा

# ट्रक चालक ने अचानक लगाया ब्रेक, पीछे से आ रही बाइक घुसी, शोरूम मैनेजर की मौत

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया

हादसे में शोरूम मैनेजर के सिर, मुंह और चेहरे पर आई थी गंभीर चोटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे गोदाम के सामने छोला भानपुर रोड पर ऑफिस से घर लौट रहे ई-रिक्शा शोरूम के मैनेजर की बाइक, अचानक ब्रेक लगाने से सड़क पर खड़े हुए ट्रक में घुस गई। सिर व चेहरे आई चोटों के कारण गंभीर रूप से घायल मैनेजर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया था।

पुलिस के मुताबिक बाफना कॉलोनी निवासी अनिल राठौर (45) सिटी लाईफ ई-रिक्शा शोरूम भानपुर में मैनेजर थे। विगत 29 दिसंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे वह ऑफिस से बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। इस बीच रेलवे गोदाम के सामने छोला भानपुर रोड पर सामने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे बाइक पर आ रहे अनिल राठौर ट्रक में घुसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर, मुंह व चेहरे पर चोटें आई थीं। एंबुलेंस 108 की मदद से उन्हें बेहोशी की हालत में करोंद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही अनिल राठौर के बड़े भाई महेश राठौर अस्पताल पहुंच गए थे। उन्हें निजी अस्पताल से अपने भाई का डिस्चार्ज कराकर बंसल अस्पताल में भर्ती करा दिया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान अनिल राठौर की मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। बड़े भाई महेश राठौर की शिकायत पर ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 1257 के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत



**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित कुल्होर जोड़ के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां हालत नाजुक देखते हुए उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुंदर शाक्य (21) ग्राम ललरिया में रहता था और भोपाल में प्राइवेट काम करता था। मंगलवार रात वह गांव से घर लौट रहा था, तभी कुल्होर जोड़ के पास रात करीब आठ बजे उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सुंदर को इलाज के लिए बैरसिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे हमीदिया अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात सुंदर की मौत हो गई।

## बाइक फिसलने से घायल हुए डिलेवरी ब्वॉय की मौत

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म पुलिया के पास गत 25 दिसंबर की रात बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार डिलेवरी ब्वाय की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अभिषेक अहिरवार पिता मुन्नालाल अहिरवार (21) ललिता नगर कोलार रोड पर रहता था और एक फूड कंपनी में डिलीवरी का काम करता था। 25 दिसंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर की तरफ लौट रहा था, तभी स्वर्ण जयंती पार्क से कुछ दूरी पर सर्वधर्म पुल के पास अचानक उसकी बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने उसे गंभीर चोट आई थी। उसे हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई।

## औबेदुल्लागंज पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर ने कहा

# देश सिर्फ संविधान से ही चलेगा, आडंबर से नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



दलित पिछड़ा समाज संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर यादव औबेदुल्लागंज पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद रेस्ट हाउस में संघठन के सदस्यों से भेंट कर चर्चा की। दामोदर यादव ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश सिर्फ संविधान से ही चलेगा, आडंबर से नहीं। मेरी लड़ाई आडंबर और पाखंड को लेकर है किसी ईश्वर के खिलाफ या किसी धर्म के खिलाफ नहीं है।

अपने देश को बचाने के लिए और अपने संविधान को बचाने और बाबा सहाब के सम्मान लिए हम यह लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे बच्चों का भविष्य तब सुरक्षित रह पाएगा जब इस देश का संविधान सुरक्षित होगा। उनके साथ अमित बनसोड संगठन प्रभारी, दिलीप मस्के जिला अध्यक्ष भोपाल, मिलिंद सरदार प्रदेश सचिव आए। ओपी गोदिया, आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष सुनील सेरिया, पार्षद सुजीत यादव, अनूप चौधरी, उपेंद्र मालवीय, भूपेंद्र मेहरा, संजय झारिया, भवानी पवार, प्रदेश महासचिव एवं मुकेश जाटव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नववर्ष के प्रथम दिन जिनालयों में होंगे शांतिधारा और अभिषेक

**औबेदुल्लागंज।** साल 2025 की विदाई एवं नव वर्ष 2026 के आगमन पर जैन मंदिर में 25 दीपों से आरती की गई। नववर्ष के प्रथम दिन गुरुवार को श्री पार्श्वनाथ विधान एवं भोजपुर में शांतिनाथ विधान किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक मुकेश जैन एवं भोजपुर के प्रबंधक विमलचंद राजदीप ने बताया कि गुरुवार 1 जनवरी 2026 को औबेदुल्लागंज पार्श्वनाथ जैन मंदिर में विश्व शांति के लिए शांति धारा एवं अभिषेक होगा। इसी तरह भोजपुर में विश्व शांति के लिए अभिषेक होगा। दिगंबर जैन मंदिर मैंन रोड औबेदुल्लागंज में नीति जैन अनुराग जैन पवन जैन रितेश जैन रूपेश जैन ने बताया कि दिगंबर जैन मंदिर में 2026 नव वर्ष पर शांति धारा, अभिषेक और विधान पूजा होंगी।


हाईवे पर लगाए शिवर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम और पुलिस बल।

# भारी वाहन चालक के आंखों की जांच के लिए हाईवे पर लगाया शिविर

## 150 से अधिक ड्राइवर और क्लीनर ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता का नवाचार इन दिनों काफी वायरल हो रहा है। जहां मंडीदीप और सतलापुर के थाना प्रभारी मुख्य रूप से वाहन को रोक कर ड्राइवर और क्लीनर के आंखों की जांच के निर्देश दिए, जिले में ये पहला ऐसा शिविर का आयोजन किया गया। ठंड में कोहरा होने की वजह से सड़क पर एक्सीडेंट के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी हो रही है, जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक रायसेन ने ड्राइवर को संदेश दिया।

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रकाश नेत्रालय भोपाल के नेत्र जांच की टीम द्वारा परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 150 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 45 वाहन चालक के आंखों में दिक्कत सामने आई और 15 लोगों को आंखों के ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने सलाह दी।

## मंडीदीप की 2 छात्राओं का राष्ट्रीय सेपक टकरा प्रतियोगिता में चयन





**मंडीदीप।** नगर की विवेक जागृति विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल श्रीकृष्ण पुरम में अध्ययनरत छात्रा कु. सिद्धि चौहान एवं कार्मल कान्वेंट स्कूल रतनपुर में अध्ययनरत छात्रा अपूर्वा पाठक का चयन सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पंजाब के फगवाड़ा (अमृतसर) शहर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो कि 1 से 5 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी। दोनों छात्राओं के चयन होने पर सेपक टकरा फेडरेशन के सचिव पीयूष पाठक, इन्द्रदेव सिंह चौहान, प्राचार्य कपिल देव सिंह चौहान, वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक निसार उल्ला, वीजे स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष शशांक शुक्ला, रिजवान अली, डॉ. रतन नन्दी, विराट मिश्रा, प्रह्लाद राठौड़ आदि ने शुभकामनाएं दी।

## जल संसाधन विभाग बैरसिया की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

# त्रुटिपूर्ण आयु निर्धारण के आधार पर कर्मचारी की समय से पहले ही कर दी सेवानिवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद



जल संसाधन विभाग, उप-संभाग बैरसिया में कार्यरत एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को कथित रूप से त्रुटिपूर्ण आयु निर्धारण के आधार पर समय से पूर्व सेवानिवृत्त कर दिए जाने का मामला सामने आया है। कर्मचारी टीकाराम को 31 दिसंबर 2016 को यह कहते हुए सेवा से पृथक कर दिया गया कि उनकी आयु 62 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, जबकि उपलब्ध वैध दस्तावेज़ इस तथ्य की पुष्टि नहीं करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकाराम के पास उपलब्ध आधार कार्ड, पैन कार्ड, जिला चिकित्सालय भोपाल द्वारा जारी आयु प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों के अनुसार उनकी आयु उस समय 62 वर्ष नहीं थी। यहां तक कि अधिकतम स्थिति में भी उनकी आयु लगभग 50 वर्ष के आसपास ही आंकी जा सकती है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि स्वयं जल संसाधन विभाग ने वर्ष 2016 में कर्मचारी के आयु प्रमाण पत्र की पुष्टि के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल को पत्र लिखा था। विभागीय पत्राचार में यह स्वीकार किया गया था कि आयु प्रमाण पत्र में मेडिकल बोर्ड परीक्षण की तिथि अंकित न होने के कारण पुष्टि आवश्यक है। इसके बावजूद जब तक उक्त पुष्टि प्राप्त नहीं हुई, उससे पूर्व ही सेवानिवृत्ति आदेश जारी कर दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि पुष्टि की प्रक्रिया लंबित रहते हुए कर्मचारी को सेवा से पृथक करना न केवल विभागीय नियमों का उल्लंघन है, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के भी विपरीत है। यह मामला प्रशासनिक लापरवाही एवं अभिलेखीय असंगति की ओर भी संकेत करता है। पीड़ित कर्मचारी श्री टीकाराम ने सक्षम अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सेवानिवृत्ति आदेश को निरस्त कर पुनः सेवा में लिए जाने तथा सेवा से पृथक अवधि के संबंध में न्यायोचित निर्णय की मांग की है।



## नागर को नप अध्यक्ष की जिम्मेदारी की मांग

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और धाकड़ समाज के पदाधिकारी रामेश्वर नागर ने जनसंपर्क तेज किया कर दिया है। नागर नगर परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके और वह प्रतिपक्ष नेता भी रह चुके हैं। 6 बार पार्षद भी रहे हैं। वे खेड़ापति माता मंदिर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष है एवं वर्तमान में भी पार्षद हैं। उमेश नागर, कैलाश डब्बू नागर, बलवान नागर, बद्री सिंह नागर, उत्तम नागर, वीरेंद्र नागर आदि ने मांग कि है कि इस बार रामेश्वर नागर को नगर परिषद अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी जाए। श्री रामेश्वर नागर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक सुरेंद्र पटवा के करीबी है।

## पुलिस ने परिजन को समझाइश देने के बाद युवक को छोड़ा

# महिलाओं के कपड़े चुराकर पहनने वाला युवक पकड़ाया, मानसिक रूप से है विक्षिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में महिलाओं के कपड़े चुराकर उसे पहनने वाले युवक को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि बाद में जब पता चला कि उसकी मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। परिजन उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज करा रहे हैं। पुलिस ने परिजन को समझाइश देने के बाद युवक को छोड़ दिया।

पुलिसा के अनुसार कोलार इलाके में रहने वाले एक परिवार ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे बालकनी में परछाई दिखी। गेट खोलकर देखने पर एक युवक अंडरगारमेंट्स लेकर भागने लगा। उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला। भागते समय उसका श्रमिक कार्ड घर के पास ही गिर गया था। परिवार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।


पुलिस गिरफ्त में मानसिक विक्षिप्त युवक।

पुलिस श्रमिक कार्ड में मिले नाम के आधार पर बुधवार दोपहर युवक के घर पहुंची और उसे हिरासत में लिया। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी सो रहा था और चोरी किए गए अंडरगारमेंट्स उसने अपने कपड़े के अंदर पहन रखे थे। परिजन से बातचीत करने पर पता चला कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है।

अब तक 45 लाख जरूरतमंदों की कर चुके हैं सहायता

# नव वर्ष में भी जेएसएस ने लिया कमजोर वर्ग के लोगों तक सेवा पहुंचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नव वर्ष पर जीव सेवा संस्थान (सेएसएस) समाज के सभी वर्गों, सहयोगियों, दानदाताओं, स्वयं सेवकों एवं शुभचिंतकों को शुभकामनाएं देता है और उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार प्रकट करता है। मध्यप्रदेश शासन, प्रशासन को भी उनके सहयोग के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए नव वर्ष की मंगल कामनाएं की है।

संस्था के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि जीव सेवा संस्थान, जिसकी स्थापना वर्ष 1994 में परमहंस संत हिरदारामजी साहिब के आशीर्वाद से एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में की गई, विगत तीन दशकों से अधिक समय से मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा मानते हुए निरंतर कार्यरत है। महान संत द्वारा आरंभ किए गए सेवा-कारवां को उनके प्रमुख शिष्य एवं उत्तराधिकारी श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक 45 लाख से अधिक जरूरतमंदों को किसी न किसी रूप में सहायता प्रदान की जा चुकी है। नव वर्ष पर जीव सेवा संस्थान यह संकल्प दोहराता है कि वह 'पीड़ित मानवता की सेवा, सद्भाव विस्तार और राष्ट्र निर्माण' के अपने मिशन पर और अधिक समर्पण रहेगा।



## आज निकाली जाएगी भव्य साईं पालकी

नव वर्ष पर साईं सेवा समिति 13वर्षों से भव्य साईं पालकी निकल्ली जा रही है। इस बार भी गुरुवार को माँ दुर्गा मंदिर सीहोर नाका से शुरू होकर चंचल चौराहे से वन ट्री हिल्स, आरा मशीन रोड होते पालकी यात्रा निकलेगी। यात्रा में ढोल, ताशे, बगिया व डीजे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मातृशक्ति भी साईं पालकी में उपस्थित होगी। इस भव्य सांईं पालकी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सेन, संतोष सिंह चौहान, बृजेश यादव, भारत, चंदू भैया, सचिन तिवारी व राजू राजेंद्र सेन ने पालकी में शामिल होने की अपील की है।

# रोशनी, रौनक और उम्मीदों का जश्न के रूप में सजी नए साल की रात

## शहर के होटल, पब में बैंड परफार्मेंस, म्यूजिकल नाइट संग डीजे पार्टी







राजधानी के एक निजी होटल में न्यू ईयर पार्टी इंज्वॉय करते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल की रात शहर पूरी तरह जश्न के रंग में डूबा हुआ नजर आया। हर तरफ चमकती रोशनियां, संगीत की धुनें और चेहरे पर मुस्कान लिए लोग 2026 के स्वागत को तैयार दिखे। जहां प्रमुख सड़कों पर नियंत्रित ट्रैफिक था तो वहीं पुलिस और प्रशासन भी शहर के जाने माने होटल पब्स पर मुस्तैद नजर आए और फिर शुरू हुआ काउंटडाउन का दौर। शहर के बड़े-बड़े होटल्स पर लगी बड़ी स्क्रीन पर काउंटडाउन शुरू हो चुका था। परिवारों, युवाओं और पर्यटकों की भारी भीड़ ने नए साल के जश्न को ओर भी मनभावन बना दिया। जहां एक ओर डीजे की धुनों पर झूमते युवाओं का हुजूम था तो वहीं बुजुर्गों और बच्चों के लिए अलग सुरक्षित जोन बनाया गया। कई होटल्स में स्थानीय बैंड की लाइव परफॉर्मेंस खास रही। पॉप, बॉलीवुड और फोक गीतों के मिश्रण से सजी नए साल की इस रात ने माहौल को और जीवंत बना दिया। और जैसे ही रात के 12 बजे सब एक साथ बोल पड़े हैप्पी न्यू ईयर! इसके साथ ही हैप्पी न्यू ईयर की गूंज से पूरा शहर चहक उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच शहर ने नए साल का स्वागत किया। कई जगहों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लेजर शो भी चले।



एक निजी होटल में एक छोटी बच्ची ढोल वाले के ढोल पर बैठकर डांस करती नजर आई।

---

## तुलसी साहित्य अकादमी की ऑनलाइन मासिक गोष्ठी का आयोजन

**भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा बुधवार को सर्दी पर केंद्रित ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन डॉ. मोहन तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजनी कुमार शर्मा भागलपुर बिहार रहे, विशेष अतिथि डॉ. आरपी तिवारी राजेंद्र टीकमगढ़ तथा सारस्वत अतिथि केके पाठक बिलासपुर छत्तीसगढ़ रहे। संचालन डॉ. अशोक तिवारी ने किया। गोष्ठी में करीब 35 कवियों ने अपना काव्य पाठ किया। मनोरमा पंथ ने सुनाया - कल रात से ही जमीं से लेकर आसमा तक था ठंड का पहरा, दसों दिशाओं तक उसने फैला रखा था कोहरा ही कोहरा। डॉ शिव कुमार दीवान ने सुनाया मौसम ने की अंगड़ाई ली, ठंड कंपाए अंग, महाकवि हरिशंकर दुबे ने सुनाया सर्दी आई सबको भाई, लग रही है अति नीकी।

## रविंद्र भवन में नाटक 'दफन करो' का पुनः मंचन



मंच पर अभिनय करते कलाकार।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन में सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ के लेखन व निर्देशन में तैयार नाटक 'दफन करो' का पुनः मंचन बुधवार को किया गया। यह नाटक एक अज्ञात देशकाल में चल रहे दो वर्षों पुराने युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। युद्ध में दो दिन पूर्व मारे गए छह सैनिकों को युद्ध क्षेत्र में ही दफनाया जा रहा होता है। तभी अचानक वे सैनिक उठकर खड़े हो जाते हैं और दफन होने से इनकार कर देते हैं।

अंततः यह नाटक युद्ध में मारे गए सैनिकों के दर्द, उनके शरीर के सम्मानपूर्वक दफन न हो पाने की त्रासदी और इससे उनके परिवारों पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव को बेहद संवेदनशीलता के साथ दर्शाता है।

### आंचलिक विज्ञान केन्द्र में खगोल विज्ञान का कार्यक्रम

## 'तारों की कहानी हमारी जुबानी' ने दर्शकों को कराया रात्रि आकाश से साक्षात्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र,में विशेष खगोल विज्ञान कार्यक्रम 'तारों की कहानी हमारी जुबानी' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, परिवारों और आमजन की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान खगोल विज्ञान विशेषज्ञों द्वारा तारों एवं रात्रि आकाश से जुड़े विषयों पर संवादात्मक चर्चा की गई।



आंचलिक विज्ञान केंद्र में दूरबीन से तारे देखते युवा।

### रीयल-टाइम नाइट स्काई शो से दिखा वास्तविक आकाश

इसमें लेज़र आधारित रीयल-टाइम नाइट स्काई शो के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक आकाश में तारामंडलों, ग्रहों एवं प्रमुख खगोलीय पिंडों की पहचान कराई गई। इसके अतिरिक्त, दूरबीन (टेलिस्कोप) के माध्यम से ग्रहों एवं अन्य खगोलीय पिंडों का अवलोकन कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को खगोल विज्ञान का प्रत्यक्ष, शैक्षिक एवं रोमांचक अनुभव प्राप्त हुआ।

## बीएसएस में हुआ हैप्पीनेस में अनुभवात्मक अभ्यास पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम



एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम हैप्पीनेस में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम हैप्पीनेस में अनुभवात्मक अभ्यास का संयुक्त रूप से आयोजन जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर तथा द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएस) द्वारा बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्रतिनिधि डॉ. शैलेश पांडे ने किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. नितिन मेहर रहे, जिन्होंने संवादात्मक सत्रों, माइंडफुलनेस आधारित तनाव न्यूनीकरण तकनीकों एवं अनुभवात्मक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से जोड़ा। सत्रों में माइंडफुलनेस और भावनाएं, सुख की व्यक्तिगत समझ, सामाजिक जुड़ाव, कृतज्ञता तथा सकारात्मक मानसिक आदतों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।

### तीन दिसवीय संभावना समारोह के दूसरे दिन नृत्य-गायन की हुई प्रस्तुति

## हमेशा कर्म की प्रेरणा देने वाला नृत्य गोंड जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति रहीं खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना गतिविधि में बुधवार को प्रदेश की कई जनजातीयों के नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

तीन दिवसीय गतिविधि में बुधवार को गोंड जनजातीय करमा, सैला नृत्य पंचम सिंह एवं साथी, अनूपपुर, गोटीपुआ नृत्य बाबा गोरखनाथ गोटीपुआ डांस एसोसिएशन उड़ीसा, पंथी नृत्य दिनेश कुमार जांगड़े एवं साथी दुर्ग, कालबेलिया नृत्य श्री आपानाथ कालबेलिया एवं साथी, जोधपुर, सौंगीमुखौटा नृत्य विष्णु आनंद एवं साथी, नासिक, बघेली लोकगीत





कल्याणी मिश्रा एवं साथी, रीवा, गढ़वी गायन जयदीप गढ़वी एवं साथी, जूनागढ़, आल्हा गायन अंजली सिंह एवं साथी, रायबरेली द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अंजली सिंह एवं साथी, रायबरेली द्वारा आल्हा गायन में महोबा के इतिहास की प्रस्तुति दी। अगले क्रम में कल्याणी मिश्रा एवं साथी, रीवा द्वारा बघेली लोक गायन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने गणेश-शिव भजन, बनरा, सुहाग, गारी का गायन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं जयदीप गढ़वी एवं साथी, जूनागढ़ द्वारा गढ़वी गायन की मनभावन प्रस्तुति दी गई।

### दुष्यंत संग्रहालय में यतीन्द्र नाथ राही का सार्वजनिक अभिनंदन

## सुदीर्घ जीवनानुभवों का नवनीत है राही का लेखन



दुष्यंत संग्रहालय में कवि यतीन्द्र नाथ राही का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



यतीन्द्र नाथ राही का लेखन सुदीर्घ जीवनानुभवों का नवनीत है। उनकी चेतना और ऊर्जा आज भी उन्हें रचनाधर्म में सक्रिय रखी है। वे सायास नहीं लिखते अपितु उनके भावों का प्रवाह स्वयमेव गीत में ढल जाता है। उक्त बात मूर्धन्य गीतकार यतीन्द्र नाथ राही के 100वें जन्मदिवस पर आयोजित सार्वजनिक अभिनन्दन समारोह में अध्यक्ष के रूप में बोलते हुए रघुनंदन शर्मा ने कही।

### साहित्य का काम असंभव को भी संभव की परिधि में लाता है

दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि राही कि जिजीविषा न थकी है न चुकी है। वे अपने गीतों में केवल स्वयं की बात नहीं करते अपितु समग्र सृष्टि की बात करते हैं । कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि ऋषि कुमार मिश्र ने कहा कि साहित्य का काम असंभव को भी संभव की परिधि में लाता है ।

## एमसीयू को मिला आधिकारिक टेडेक्स लायसेंस

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि को आधिकारिक टेडेक्स लाइसेंस प्राप्त हुआ है। लायसेंस के प्राप्त होने के साथ ही विवि टेक्नोलॉजी, इंटरटेनमेंट, डिजाइन और मीडिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रख्यात विद्वानों को आमंत्रित कर विशिष्ट व्याख्यान, संवाद सत्र एवं कॉन्फ्रेंस का आयोजन टेडेक्स प्लेटफार्म के माध्यम से कर सकेगा। टेडेक्स विभिन्न विषयों में अनुभवी वक्ताओं को विशिष्ट व्याख्यान के लिए आमंत्रित करने का अंतरराष्ट्रीय मंच है।

### समसामयिक परिवेश में घर परिवार और कटुम्ब की भूमिका विषय पर संगोष्ठी

## परंपरा और प्रगति के बीच परिवार में संतुलन बनाए रखना है एक चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

' पुरातन परम्परा और आधुनातन प्रगति के बीच परिवार में समन्वय और संतुलन आज की सबसे बड़ी चुनौती है, आधुनिक जीवन शैली भौतिकतावादी और अर्थ प्रधान है इसमें संवेदनाएं खत्म हो रही हैं, घर परिवार टूट रहे हैं, इससे समाज और देश टूटने का खतरा है। इस पर समय रहते ध्यान देना होगा। यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम मैथिल 'अमृत ' के जो अभिव्यक्ति विचार यात्रा भारत डायलॉग द्वारा ओल्ड एमएलए क्वार्टर में समसामयिक परिवेश में घर परिवार और कटुम्ब की भूमिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।




### तकनीकी उपयोग से बिखरे परिवार जुड़ सकते हैं

विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक आरडी तैलंग ने कहा कि आज कुटुंब की अवधारणा बदल रही है। कुटुंब रक्त सबंधों से इतर नए नए स्तर पर जरूरत के अनुसार बन रहे हैं। इस आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार विनोद जैन ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि आधुनिक समय में तकनीकी का उपयोग करते हुए दूर-दूर बिखरे परिवार और कुटुंब को जोड़ा जा सकता है।



## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# ठंड-प्रदूषण की वजह से जब आए लगातार खांसी



**मेरी उम्र 31 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। घर से बाहर निकलने पर मेरी यह प्रॉब्लम और भी बढ़ जाती है। कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-विशाल, रायपुर**

मौजूदा समय में खांसी का एक बड़ा कारण प्रदूषण भी है। सर्दी के मौसम में शहरों में बढ़ते प्रदूषण की वजह से खांसी की समस्या बढ़ रही है। इसके लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर ही जाएं। साथ ही अगर सर्दी की वजह से खांसी आ रही है तो आप ठंडा पानी न पिएं। हल्का गुनगुना या नॉर्मल करके पानी पिएं। इसके अलावा सुबह और शाम गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारा करें। फ्रिज में रखी ठंडी चीजें फिलहाल खाना बंद कर दें।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। डेढ़ महीने से आंतों में सूजन का ट्रीटमेंट चल रहा है। डॉक्टर कहते हैं हमेशा दवा खानी पड़ेगी। क्या इसका कोई पर्मानेंट ट्रीटमेंट संभव नहीं है?**

**-राकेश, ईमेल से**

ऐसे मामले में बगैर रिपोर्ट देखे कुछ भी कहना सही नहीं है। अगर आपको किसी तरह की शंका है तो आप एक बार सेकेंड ओपिनियन ले सकते हैं। यानी, किसी दूसरे डॉक्टर से सलाह कर सकते हैं। पर खान-पान में आपको ध्यान रखना चाहिए। अधिक ऑयली और तली चीज बिल्कुल ही नहीं खानी चाहिए, साथ ही फास्ट फूड खाने से भी बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मैं जब भी शेव करता हूं, मेरे चेहरे पर रैशेज आ जाते हैं। कई बार तो बड़े-बड़े लाल दाने भी निकल आते हैं। प्लीज बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-कुणाल, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्किन की एलर्जी है और जब आप शेविंग करते हैं और शेविंग क्रीम का इस्तेमाल करते हैं तो आपको एलर्जी हो जाती है। सबसे पहले आप बार्बर शॉप में शेविंग कराना बंद करें। घर में शेविंग करें और आपको शेविंग क्रीम से बचना चाहिए। शेविंग करने से पहले गुनगुने पानी से थोड़ी देर भिगो लेना चाहिए, जिससे बियर्ड सॉफ्ट हो जाएगी और यह आसानी से रिमूव हो जाएगी।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर तो ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारगर समाधान बताएं।**

**-कौशल, बिलासपुर**

हड्डियों की प्रॉब्लम वाले लोगों को सर्दी के मौसम में खास ध्यान देना चाहिए। सर्दी से बचना चाहिए। इसलिए कम से कम एक्स्पोजर करें। अगर घर से बाहर निकलना है तो पूरी तरह से वूलेन ड्रेस पहनकर निकलें। गुनगुने पानी से नहाएं। दर्द अधिक होने पर सिंकाई करनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम, विटामिन डी की जांच करवा लें। कम होने पर उसकी दवा डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं एक मल्टी नेशनल कंपनी में नाइट शिफ्ट जॉब करता हूं। दिन में ठीक से नींद नहीं आती, सिर भारी-भारी रहता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-श्रेयांश, जबलपुर**

अगर आपकी नाइट शिफ्ट रहती है तो आपको शेड्यूल ऐसे बनाना चाहिए कि आपका खाना, सोना प्रभावित ना हो। बेहतर होगा कि आप किसी डाइटिशियन से संपर्क कर लें। वह आपका शेड्यूल बना देंगे। उसके अनुसार आप खान-पान पर ध्यान दें। साथ ही सोने का टाइम भी आप एक जैसा फिक्स रखें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. सुशीला कटारिया
सीनियर डायरेक्टर एंड हेड-इंटरनल मेडिसिन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

आज वर्ष 2026 का पहला दिन है। निश्चित ही आपने इस वर्ष के लिए कई प्लानिंग्स की होंगी। वे सभी प्लानिंग तभी पूरी हो सकती हैं, जब आप पूरी तरह हेल्दी रहेंगे। इसलिए आज आपको अपनी सभी प्लानिंग्स के साथ ही हेल्थ को लेकर भी कुछ रेजोल्यूशंस करने होंगे। इन पर अमल करने से आप इस पूरे साल हेल्दी और एनर्जेटिक बने रहेंगे।

# न्यू ईयर पर लें हेल्थ रेजॉल्यूशंस पूरे साल रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक





बीते साल स्वास्थ्य के संदर्भ में जिन बातों पर आप अमल नहीं कर पाए, उन्हें इस साल पूरा कर सकते हैं। इसके लिए यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो करना होगा।

### माइंडफुल ईटिंग की आदत डालें

माइंडफुल ईटिंग से आशय है कि कौन-सा खाद्य पदार्थ स्वास्थ्यकर है और कौन-सा अस्वास्थ्यकर, यह सोच-समझकर या जानकर ही उसे खाने की आदत डालें। समुचित मात्रा में संतुलित-पौष्टिक भोजन अच्छी तरह चबाकर खाना और खाने की प्रक्रिया के दौरान टेलीविजन देखने या अन्य किसी व्यक्ति या स्थान पर ध्यान केंद्रित करने से बचना ही माइंडफुल ईटिंग है। बेहतर रहेगा कि इस संदर्भ में आप अपने डॉक्टर या फिर डाइटिशियन से परामर्श लें।

**स्क्रीन टाइम की अधिकता ठीक नहीं:** लैपटॉप, कंप्यूटर, सेल फोन, टेलीविजन और वीडियो गेम्स आदि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आज की जीवनशैली में शामिल हो गए हैं। कितने घंटे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर काम करना है, इस संदर्भ में कोई नियम या समयावधि तय नहीं की जा सकती, किंतु किसी भी हैबिट की अधिकता नुकसानदेह होती है, यह बात इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के संदर्भ में भी लागू होती है। बच्चों से लेकर वयस्कों तक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रचलन काफी बढ़ गया है, जिसके कारण कंप्यूटर विजन सिंड्रोम समेत आंखों की समस्याएं जैसे ड्राइनेस, आंखों में जलन, आंखों का भारी होना आदि, बढ़ रही हैं। ऐसी समस्याओं को कम करने और उनकी रोकथाम के लिए इन सुझावों पर अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- दिन में कुछ घंटे या सोने से एक घंटा पहले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूरी बनाएं।
- सोशल मीडिया और गेम्स के नोटिफिकेशन बंद कर दें ताकि बार-बार फोन चेक करने की आदत कम हो सके।
- बेडरूम, डाइनिंग टेबल और बाथरूम में 'नो-फोन जोन' का पालन करें।
- नियम 20-20-20 यानी हर 20 मिनट पर 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर मौजूद किसी चीज को कंसंट्रेट होकर देखें।
- प्रत्येक 45 मिनट पर 5-10 मिनट का ब्रेक लें और स्क्रीन से दूर रहें।



**सलाद खाने की आदत डालें:** दोपहर और रात के भोजन से पहले सलाद खाने की आदत डालें। गाजर, मूली, खीरा और टमाटर आदि अच्छी तरह धोकर खाइए। भोजन से पहले सलाद खाने से आपको कब्ज आदि समस्या नहीं होगी और प्राकृतिक रूप से शरीर को विटामिंस और मिनरल्स मिलेंगे।

**पैकेज्ड फूड्स से बचे रहें:** आमतौर पर लोग भूख लगने पर नमकीन, चिप्स या बिस्किट का पैकेट खोलकर खा लेते हैं। बेशक इसे खाने पर पेट भरा महसूस होता है, कैलोरीज भी मिल जाती हैं, लेकिन पोषक तत्व के नाम पर कुछ नहीं मिलता। इसलिए हमेशा अपने बैग में ड्राई फ्रूट्स या कोई मौसमी फल रखिए। मूंगफली, चना या मखाना रख लीजिए ताकि भूख लगने पर पैकेज्ड फूड्स न खाएं।

**सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें:** वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार सीढ़ियां चढ़ने से हर मिनट लगभग 8 से 11 कैलोरी बर्न होती है। अगर आपके पास सामान ज्यादा नहीं है और कोई बीमारी नहीं है तो लिफ्ट के बजाय सीढ़ियां चढ़ना आपकी सेहत के लिए लाभप्रद है।

**बाइक-कार के बजाय पैदल चलें:** एक बड़ी संख्या में लोग 500 से 1000 कदम चलने के लिए भी कार और बाइक का इस्तेमाल करते हैं। दूध और सब्जियां आदि आस-पास मिलने वाली वस्तुएं लेने के लिए। इसलिए अगर संभव हो, तो एकाध किलोमीटर की दूरी के लिए बाइक, ऑटो या कार का इस्तेमाल न करें, पैदल ही जाएं। इसी बहाने सुबह-शाम टहलना हो जाएगा। टहलने के कई फायदे हैं। जैसे टहलने से वजन का प्रबंधन करने, रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने और शरीर के जोड़ों की सेहत को अच्छा करने में मदद मिलती है।

**प्यास लगने पर पिएं पानी:** एक बड़ी संख्या में लोग घर से बाहर होने पर गला सूखने या प्यास लगने पर तुरंत कोल्ड ड्रिंक खरीदकर पी लेते हैं। यह आदत सेहत के लिए लाभप्रद नहीं है, क्योंकि ऐसे ड्रिंक्स में शुगर अधिक मात्रा में होती है। इसलिए प्यास लगने पर सिर्फ पानी ही पिएं और पानी की एक बोतल हमेशा साथ रखें। ऐसा करने से आप एसिडिटी, कब्ज और गैस की समस्या से दूर रहेंगे और आपके शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी।

**कराते रहें हेल्थ चेकअप:** नए साल में यह संकल्प लें कि आप अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर हेल्थ चेकअप रेग्युलर कराते रहेंगे, भले ही आपको कोई बीमारी हो या नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि अनेक लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल या थायरॉइड आदि समस्याएं बिना लक्षणों के बढ़ती रहती हैं। इनका पता तब तक नहीं चल पाता है, जब तक कि शरीर पर इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव न दिखने लगें। याद रखें समय रहते डॉक्टर के परामर्श से कुछ जांचें कराने से बीमारियों का पता पहले ही चल जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप इलाज की प्रक्रिया समय रहते शुरू हो सकती है। साल में दो बार हेल्थ चेकअप कराने से शरीर के आंतरिक भागों की पूरी तस्वीर सामने आ सकती है। ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, लीवर और किडनी फंक्शन जैसे टेस्ट डॉक्टर के परामर्श से कराए जा सकते हैं।




**डायबिटीज से बचाव-प्रबंधन:** देश में 10 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह (डायबिटीज) के रोगी हैं। डायबिटीज के मामले देशभर में तेजी से बढ़त पर हैं। आमतौर पर शुरुआत में यह बीमारी बिना किसी लक्षण के उभरती है। इस बीमारी का पता लगाने के लिए डॉक्टर के परामर्श से ब्लड शुगर टेस्ट कराए जा सकते हैं। वैसे इन दिनों ग्लूकोमीटर के जरिए घर पर ही आप ब्लड शुगर चेक कर सकते हैं। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या पहले से ही है। उन्हें हर तीन महीने में एचबी, 1सी टेस्ट कराने की सलाह दी जाती है। इस टेस्ट की मदद से पिछले 2-3 महीनों के औसत ब्लड शुगर का पता लगाया जा सकता है। टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर से कंसल्ट कर सही खान-पान, वजन नियंत्रण और नियमित व्यायाम की मदद से डायबिटीज का प्रबंधन किया जा सकता है।

**लिपिड प्रोफाइल टेस्ट:** देश और दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौतें हृदय रोगों से ही होती हैं। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट से रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर का पता चलता है। मानक से बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स दिल की धमनियों में अवरोध (ब्लॉकेज) का कारण बनता है। यह स्थिति कालांतर में दिल के दौरे (हार्ट अटैक) का कारण बन सकती है। कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स की जांच से हृदय रोगों के खतरे का पता लगाया जा सकता है। कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के बढ़े हुए स्तर को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर कुछ दवाएं और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव का परामर्श देते हैं ताकि दिल की समस्याओं के खतरे को कम कर उन्हें टाला जा सके। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'

# रोज करें अनुलोम-विलोम विंटर ब्लूज से मिलेगी राहत

जाड़े के दिनों में धुंध, कोहरा और सूरज की कम रोशनी से सिर्फ बाहर की दृश्यता ही नहीं घटती, मन में भी सुस्ती, उदासी, बेचैनी और आलस्य बढ़ा देते हैं। ऐसे में शरीर को गर्म करने, फेफड़ों को सक्रिय रखने और मन में स्पष्टता लाने के लिए प्राणायाम बहुत कारगर है। इससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है, सोच में किसी तरह की उलझन नहीं रहती और ध्यान भटकता नहीं है। वास्तव में अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, मानसिक धुंध को दूर करने का एक सरल, सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से प्रभावी उपाय है बशर्ते इसका सही उपयोग किया जाए।

**जरूरी है सही तरीका:** अनुलोम-विलोम करने से पहले की तैयारी बहुत जरूरी है, तभी सही तरीके से इसे किया जा सकता है। इसके लिए समय, स्थान और आसन जैसी छोटी-छोटी बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। जहां तक समय की बात है तो इसे सुबह खाली पेट करना चाहिए। लेकिन अगर सुबह समय न मिले, तो दूसरा विकल्प यह है कि शाम को तब करें, जब दोपहर भोजन खाए हुए कम से कम 4 घंटे हो चुके हों। जहां तक इसे करने की उपयुक्त जगह का सवाल है तो ऐसी जगह पर करें, जो शांत, हवादार लेकिन ठंडी हवा से मुक्त जगह हो। जब मौसम में धुंध या सर्दी का प्रकोप हो, तब खुले में प्राणायाम न करें। जहां तक इसे करने के लिए आसन की बात है तो पद्मासन या सुखासन की स्थिति में करें या फिर कुर्सी पर सीधे बैठकर भी इसे कर सकते हैं बशर्ते इस बात का ध्यान रखें कि उस समय आपकी रीढ़ सीधी और कंधे ढीले हों। अनुलोम-विलोम प्राणायाम करने के पहले 1 मिनट आंख बंद करके पहले मन को शांत करें। जल्दबाजी या तनाव की स्थिति में यह प्राणायाम न कभी भी ना करें।



**करने की सही विधि:** इसे समझना सबसे जरूरी है। सबसे पहले दाएं हाथ की तर्जनी और मध्य अंगुली मोड़ लें। अंगूठे से दाएं नथुने को बंद करें। बाएं नथुने से धीरे-धीरे गहरी श्वास लें, इसके लिए एक से चार तक की गिनती गिनें। अब दोनों नथुने बंद करके 2 सेकेंड रोकें। हालांकि अगर शुरुआत कर रहे हैं तो रोकना जरूरी नहीं है। अब दाएं नथुने से धीरे श्वास छोड़ें और इस दौरान एक से 6 तक गिनती गिनें। अब दाएं नथुने से श्वास लें और इस दौरान एक से चार तक गिनती गिनें, फिर 2 सेकेंड के लिए श्वास रोकें और इसके बाद बाएं से श्वास छोड़ें, इस दौरान एक से 6 तक गिनती गिनें। इस तरह यह एक पूरा चक्र हुआ। *










# नई चुनौतियां, नए सपने, भारतीय खेलों के लिए इम्तिहान-2026



## जून में महिला टी20 विश्व कप

जून में महिला टी20 विश्व कप होगा, जिसमें हरमनप्रीत कौर की टीम 2025 में वनडे विश्व कप की सफलता को दोहराना चाहेगी। एथलेटिक्स सत्र की शुरूआत मई में डायमंड लीग से होगी, जिसमें भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा पर नजरें होंगी। मई में फ्रेंच ओपन और जून में विम्बलडन खेला जाएगा। इसके बाद अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप फुटबॉल का आयोजन होगा।

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप



बहरीन में 24 अक्टूबर से विश्व कुश्ती चैंपियनशिप होगी। इसके बाद भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप 27 अक्टूबर से 8 नवंबर तक खेली जाएगी। एक नवंबर से दोहा में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप होगी। दिसंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप होगी, जिसकी तारीख और स्थान अभी तय नहीं है ।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेलों के लिए वर्ष 2026 रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, जिसमें विभिन्न खेलों में विश्व खिताब दाव पर होंगे और ओलंपिक क्वालीफिकेशन का नया सत्र शुरू होगा, जिससे लॉस एंजिलिस खेल 2028 के टिकट कटाने का मौका मिलेगा। भारत के नए और पुराने खिलाड़ी अगले साल की चुनौतियों के लिए तैयार हो रहे हैं। नए साल के खेल कैलेंडर पर एक नजर।

### सिंधू पर रहेगी नजर

बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप 3 मार्च से शुरू होगी, जिसमें पीवी सिंधू और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे। भारतीय फुटबॉलप्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि एक मार्च से आस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे एएफसी महिला एशियाई कप में लंबे समय बाद भारतीय टीम खेलते नजर आएगी।

भारतीय खेलों के लिए व्यस्त रहेगा नया साल





### क्रिकेट में होंगे तीन विश्व कप

साल की पहली तिमाही क्रिकेट को समर्पित होगी क्योंकि देश के पसंदीदा खेल में इस साल तीन विश्व कप हैं। 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप से शुरू होगा, जहां वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी। इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन 12 जनवरी से 1 फरवरी के बीच आयोजित होगा लेकिन भारत की चुनौती असरदार नहीं है।

### तीसरी तिमाही में राष्ट्रमंडल खेल और हॉकी विश्व कप



राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लास्गो में आयोजित होंगे जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में देखने को मिलेगा। इन खेलों के बाद दिल्ली में 17 अगस्त से विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप होनी है। नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 अगस्त से हॉकी विश्व कप शुरू होगा। भारतीय पुरुष टीम एशिया कप जीतकर विश्व कप का टिकट कटा चुकी है जबकि महिला टीम मार्च में हैदराबाद में क्वालीफायर खेलेगी। इसी दौरान भुवनेश्वर में 22 अगस्त से विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर रजत स्तर का टूर्नामेंट होगा। जापान के नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियाई खेलों का आयोजन होगा।



### दूसरी तिमाही में शतरंज और मुक्केबाजी टूर्नामेंट

मार्च के आखिर से अप्रैल तक साइप्रस में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट खेला जाएगा, जिससे विश्व चैंपियनशिप खिताब के चैलेंजर का पता चलेगा। अभी भारत के गुकेश विश्व चैंपियन हैं। मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप खेली जाएगी। दोनों टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होंगे, जिसमें ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और महिला वर्ग में आर वैशाली, कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख भाग लेंगे। शतरंज टूर्नामेंट 16 अप्रैल तक चलेगा और मुक्केबाजी टूर्नामेंट 11 अप्रैल को खत्म होगा। एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 1 से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में खेली जाएगी । इसके बाद 24 अप्रैल से 3 मई तक थॉमस और उबेर कप बैडमिंटन खेला जाएगा। इसके कुछ दिन बाद आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स लंदन में 28 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा, जिसके लिए भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है।

---

## खबर संक्षेप



### टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान, नवीन की वापसी

**काबुल।** अफगानिस्तान ने 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज नवीन उल हक और ऑलराउंडर गुलबदीन नायब को शामिल किया है। स्टार स्पिनर राशिद खान टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे जबकि इब्राहिम जदरान को उप कप्तान बनाया गया है। नवीन कंधे की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2024 दिसंबर में खेला था। नायब और तेज गेंदबाज फजलहक फारुकी को अक्टूबर में बांग्लादेश के सफेद गेंद के दौरे से बाहर कर दिया गया था, दोनों को टीम में जगह मिली है। मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने कहा, 'हमने पिछले कुछ दिनों में चर्चा के बाद टीम को अंतिम रूप दिया। गुलबदीन नायब बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और उनकी वापसी से हमारी टीम को मजबूती मिलेगी।

### बेंगलुरु ओपन के लिए प्रजवल को वाइल्ड कार्ड

**बेंगलुरु।** भारतीय टेनिस स्टार प्रजवल देव को पांच से 11 जनवरी के बीच होने वाले दसवें बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। प्रजवल ने भुवनेश्वर में पिछले महीने आईटीएफ विश्व टेनिस टूर एम15 टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीता था। बेंगलुरु ओपन को पिछले साल एटीपी चैलेंजर 125 स्तर का टूर्नामेंट बनाया गया और इसकी ईनामी राशि 225000 डॉलर है। इसमें एकल चैंपियन को 125 एटीपी रैंकिंग अंक मिलते हैं।

### अफरीदी का टी20 विश्व कप खेलना संदिग्ध



**कराची।** पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी चोट के कारण आस्ट्रेलिया से स्वदेश लौटेंगे और उनका भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है। शाहीन को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लाहौर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में उपचार के लिए बुला लिया है। उन्हें बिग बैश लीग में ब्रिसबेन हीट के लिए फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। बीबीएल में पदार्पण कर रहे शाहीन का प्रदर्शन औसत रहा है। वह 2021-22 में घुटने की सर्जरी के कारण लंबे समय क्रिकेट से दूर रहे थे। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया से बातचीत के बाद उन्हें वापिस बुलाया गया है।

---

विजय हजारे ट्रॉफी में 75 गेंद में बनाए 157 रन

# सरफराज ने खेली तूफानी शतकीय पारी, जड़े 9 चौके और 14 छक्के

एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर में गोवा और मुंबई के बीच खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई की तरफ से खेलते हुए सरफराज खान ने विस्फोटक शतकीय पारी खेलते हुए न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से पहले चयनकर्ताओं पर दबाव बढ़ा दिया है।

गोवा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। मुंबई के लिए यशस्वी जायसवाल और अंगकृष रघुवंशी पारी की शुरुआत करने आए थे। अंगकृष 18 गेंद पर 11 और यशस्वी 64 गेंद पर 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे नंबर पर मुशीर खान और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सरफराज खान ने मोर्चा संभाला। दोनों भाइयों ने गोवा के गेंदबाजों की धुनाई शुरू की।



### 56 गेंदों पर किया शतक पूरा

मुशीर 66 गेंद पर 60 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन सरफराज खान कुछ अलग करने के इरादे से बल्लेबाजी करने उतरे थे। 56 गेंदों पर शतक पूरा करने वाले सरफराज खान ने 75 गेंदों पर 14 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 157 रन की विस्फोटक और आकर्षक पारी खेली। इस पारी के दम पर मुंबई ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 444 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोरे ने 28 गेंद पर 53 और कप्तान शार्दुल ठाकुर ने 8 गेंद पर 27 रन की पारी खेली।

### मुंबई का लिस्ट ए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

मुंबई का लिस्ट ए क्रिकेट में यह दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। मुंबई का सर्वाधिक स्कोर 457 है, जो उसने 2021 में पुडुचेरी के खिलाफ बनाया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा होनी है। टीम के ऐलान से पहले सरफराज खान ने कहीं न कहीं चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ जरूर खींचा है और उन पर दबाव बढ़ाया है। सरफराज निश्चित रूप से चयन के लिए फिलहाल संभावितों में नहीं हैं, लेकिन जिस तरह टी20 विश्व कप में ईशान किशन का चयन हुआ है, उसे देखते हुए उन्होंने अपने पक्ष में सकारात्मक माहौल जरूर बनाया है।

### जोबर्ग सुपर किंग्स ने डीएसजी को 6 विकेट से हराया



**डरबन।** हरफनमौला प्रेनेलन सुब्रायेन की गेंदबाजी और रिली रोसोयू की शानदार बल्लेबाजी के दम पर जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए 20 लीग में डरबन सुपर जाइंट्स को एक बोनस अंक के साथ छह विकेट से हराया। सुपर किंग्स ने डरबन टीम का 86 रन का स्कोर 12.2 ओवर में छह विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। अब इस जीत के बाद वे सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बाद दूसरे स्थान पर हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी का आफ स्पिनर सुब्रायेन के साथ गेंदबाजी क आगाज का फैसला सही साबित हुआ, जिन्होंने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। फॉर्म में चल रहे डेवोन कोंवे को सुब्रायेन ने पहले ही ओवर में आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन और जोस बटलर भी पावरप्ले के भीतर चले गए। विकेटकीपर डोनोवान फरेरा को मैथ्यू डिविलियर्स ने पवेलियन भेजा। डरबन के कप्तान एडेन माक्रम 27 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हो गए।

---

2025 रहा बेहद खास

# दीप्ति की नए रिकॉर्ड के साथ नए साल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के लिए साल 2025 यादगार रहा। दीप्ति ने वनडे क्रिकेट, टी20 और महिला प्रीमियर लीग में नया मुकाम बनाया। वह एक नए रिकॉर्ड के साथ साल 2026 में एंट्री करेंगी। 30 दिसंबर को दीप्ति शर्मा ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए टी20 सीरीज के पांचवें मैच में 1 विकेट लेते ही वह अंतरराष्ट्रीय टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला खिलाड़ी बन गईं। दीप्ति के 133 मैचों की 120 पारियों में 152 विकेट हो गए हैं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 123 मैचों में 151 विकेट हैं। दीप्ति मौजूदा समय में आईसीसी की टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में भी पहले स्थान पर काबिज हैं। दीप्ति शर्मा को यूपी वॉरियर्ज ने आरटीएम के तहत टीम में शामिल किया। वह महिला प्रीमियर लीग के इतिहास की पहली खिलाड़ी बनीं।

### बेस्ट प्लेयर का खिताब पाने वाली बनीं पहली भारतीय

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर वनडे विश्व कप का खिताब जीता। यह पहला मौका था, जब भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी। भारत को विश्व चैंपियन बनाने में दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबले में इस खिलाड़ी ने 58 रन की अहम पारी खेलने के साथ ही 5 विकेट हासिल करते हुए देश को खिताबी जीत दिलाने में यादगार भूमिका निभाई थी। वहीं पूरे टूर्नामेंट में दीप्ति ने 22 विकेट लेने के साथ ही 215 रन बनाए थे। उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा गया था। दीप्ति यह सम्मान हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।

---

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# ब्रूक और स्टार्क को फायदा दोनों दूसरे स्थान पर पहुंचे

- बल्लेबाजों में इंग्लैंड के रूट पहले स्थान पर बरकरार
- जायसवाल और गिल शीर्ष दस में शामिल





एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की। ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक और ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज मिचेल स्टार्क फायदा हुआ है। वह तीन स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

आईसीसी की बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं। दूसरे स्थान पर हैरी ब्रूक हैं। तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड हैं। दोनों को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांचवें स्थान पर हैं, उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस छठे, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा सातवें, और भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के सऊद शकील नौवें और भारत के शुभमन गिल दसवें स्थान पर हैं। शकील और गिल दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल शीर्ष दस में शामिल भारत के 2 बल्लेबाज हैं।

### गेंदबाजों रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर कायम

*आईसीसी की जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर कायम हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं। स्टार्क को एक स्थान का फायदा हुआ है। तीसरे स्थान पर पाकिस्तान के नोमान अली हैं। नोमान को दो स्थान का फायदा हुआ है। चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं। कमिंस को 2 स्थान का नुकसान हुआ है। कमिंस एशेज सीरीज में सिर्फ एक टेस्ट खेल सके हैं। पांचवें स्थान पर न्यूजीलैंड के मैट हेनरी, छठे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन, सातवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड हैं। बोलैंड को 2 स्थान का फायदा हुआ है। आठवें स्थान पर कगिसो रबाडा और नौवें स्थान पर जोश हेजलवुड हैं। दोनों को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। हेजलवुड एशेज सीरीज से बाहर चल रहे हैं। दसवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन हैं।*

### टाटा मुंबई मैराथन के अंतरराष्ट्रीय दूत बने ग्रासे



**मुंबई।** दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धावक आंद्र डि ग्रासे को 18 जनवरी को होने वाली 21वीं टाटा मुंबई मैराथन का अंतरराष्ट्रीय दूत बनाया गया है। डि ग्रासे सात ओलंपिक पदक जीत चुके हैं, जिनमे तोक्यो में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ का स्वर्ण और पेरिस 2024 में चार गुणा सौ मीटर रिले का स्वर्ण शामिल है। उन्होंने कहा, 'दौड़ने से अनुशासन, विश्वास और दृढता सीखने को मिलती है, जो आपके साथ हमेशा रहती है। मुझे टाटा मुंबई मैराथन के 21वें सत्र का हिस्सा बनकर गर्व महसूस हो रहा है।

## विश्व ब्लिट्ज : कार्लसन ने जीता खिताब, एरिगेसी को कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| दोहा



विश्व ब्लिट्ज खिताब बरकरार रखने वाले शतरंज स्टार मैग्नस कार्लसन ने कहा कि वह काफी कठिन टूर्नामेंट था और वह खुशकिस्मत रहे कि शुरूआती दौर के खराब प्रदर्शन से उबरकर नौवीं बार खिताब जीत सके ।

कार्लसन ने अपना चिर परिचित खेल दिखाते हुए उजबेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को 2.5-1.5 से हराकर खिताब जीता।भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वह विश्व ब्लिट्ज में पदक जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों स्वर्ण जीतने वाले कार्लसन ने फिडे से कहा, 'यह काफी कठिन टूर्नामेंट था और इसमें कोई भी जीत सकता था। लेकिन नॉकआउट में पहुंचने के बाद मैंने अपने खेल का पूरा मजा लेकर खेला और इसका फायदा भी मिला।' कार्लसन ने फाइनल में उजबेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रॉ पर सहमति जताने से इनकार कर दिया।

---

## प्रीमियर लीग : चेल्सी और बोर्नमाउथ के बीच रोमांचक मुकाबला, 2-2 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और एएफसी बोर्नमाउथ के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला ड्रॉ के रूप में समाप्त हुआ। मैच 2-2 से ड्रा रहा। मैच के सभी 4 गोल शुरुआती 27 मिनट के अंदर हुए। इसके बाद दोनों ही टीमें बढ़त बनाने के लिए कड़ा संघर्ष करती दिखीं,लेकिन सफलता किसी को नहीं मिली। मैच ड्रा होने की वजह से चेल्सी लिवरपूल को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंचने का मौका चूक गई।

बोर्नमाउथ 15वें स्थान पर है। उनका लीग में बिना जीत का सिलसिला 10 मैचों तक बढ़ गया है। चेरीज का यह पिछले पांच मैचों में चौथा ड्रॉ था। मैच का पहला हाफ बहुत तेज और रोमांचक था। मेहमानों ने पहला गोल तब किया जब डेविड ब्रूक्स ने लंबे थ्रो-इन से दूसरे प्रयास में गोल किया, लेकिन चेल्सी ने जल्द ही बराबरी कर ली। एस्टेवाओ विलियन को एंटोनी



सेमेन्यो ने बॉक्स में क्लिप किया और कोल पामर ने पेनल्टी स्पॉट से गोल किया। चेल्सी ने बढ़त तब बनाई जब एंजो फर्नांडीज ने टॉप कॉर्नर में शानदार फिनिश शॉट मारा, लेकिन जस्टिन क्लूइवर्ट के गोल से बोर्नमाउथ ने बराबरी की। दूसरे हाफ में चेल्सी बढ़त वाले गोल के लिए सबसे ज्यादा जोर लगा रही थी, क्योंकि शुरुआती कोशिशों के बाद चेरीज की एनर्जी खत्म होती दिख रही थी, लेकिन इसके बावजूद कोई और गोल नहीं हुआ।

## वॉल्वरहैम्प्टन का हार का सिलसिला थमा, यूनाइटेड के साथ खेला ड्रा


एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स की लगातार 11 हार का सिलसिला थम गया है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ वॉल्वरहैम्प्टन का मुकाबला ड्रा रहा। मजबूत मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेलते हुए वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स ने बेहतरीन खेल दिखाया और मैच को 1-1 से ड्रा कराया। मैच का पहला गोल मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से जोशुआ जिर्कजी ने किया। जिर्कजी ने 27वें मिनट में गोल किया था।

इस गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की जीत की संभावना बढ़ा दी थी, लेकिन मैच के 45वें मिनट में लादिस्लाव क्रेजी वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के लिए करिश्माई गोल किया और मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद कोई भी गोल दोनों टीमों की तरफ से नहीं हो सका और मैच



बराबरी पर समाप्त हुआ। ड्रा वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के लिए जीत के समान था, क्योंकि ये 11 हार के बाद आया था। ड्रा के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अंकतालिका में छठे स्थान पर रहते हुए 2025 की समाप्ति की। मैनचेस्टर चौथे स्थान पर मौजूद लिवरपूल के बराबर अंक पाने का मौका चूक गई। वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स अंकतालिका में सबसे नीचे है। ड्रा के साथ उसके 3 अंक है।



# 120 बहादुर ओटीटी पर 16 जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। आप इस फिल्म को नए साल पर और गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले घर बैठकर देख सकेंगे। ये दो महीने पहले थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद '120 बहादुर' फिल्म अब डिजिट रिलीज के लिए तैयार है। ये ऐतिहासिक वॉर ड्रामा 21 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुआ था। अब जनवरी 2026 में ओटीटी पर दस्तक दे देगी। '120 बहादुर' फिल्म 16 जनवरी 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म केवल सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

लाइफ Style


# चित्रांगदा

## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने कॅरियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुईं इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी।

ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन, उनके कॅरियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं।



# नीम करोली बाबा पर नई वेब सीरीज 'संत'

**मुंबई।** चमत्कारी संतों में शुमार किए जाने वाले नीम करोली बाबा की जिंदगी पर एक वेब सीरीज का ऐलान किया गया है, जिसका नाम 'संत' है। यह सात पार्ट की वेब सीरीज होगी, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। इसमें महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव की कहानी दिखाई जाएगी। नीम करोली बाबा, कैंची धाम बाबा के नाम से भी मशहूर हैं। ये वही संत हैं, जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क जकरबर्ग और जूलिया रॉबर्ट्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया था। 'संत' सीरीज नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। 'संत'को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच एक पुल का काम करेगा।




# केबीसी 17 फिनाले में सिंगिंग का हुनर दिखाएंगे बिग बी



**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज बेस्ड रियालिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन फिनाले के करीब पहुंच गया है। 'केबीसी 17' का फिनाले वीक जारी है जिसकी शुरुआत कुमार मंगलम बिरला के एपिसोड से हुई और अब ये खत्म होने को आय़ा है। आखिरी एपिसोड में अमिताभ बच्चन फैंस को अपने स्पेशल सरप्राइज से हैरान करने वाले हैं। बिग बी लास्ट एपिसोड में करीबन 32 मिनट तक नॉन स्टॉप गाने गाते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन अपने कुछ पसंदीदा गीत गाते दिखेंगे। उन्होंने बागबान का होरी खेले रघुवीरा, सिलसिला का रंग बरसे भीगे चुनरवाली, तीसरी कसम का चलत मुसाफिर, लावारिस का मेरे अंगने में जैसे अपने सदाबहार गाने और कुछ खास पारंपरिक गीत भी गाए। कुल 32 मिनट तक बिग बी ने गाना गाकर फैंस का मनोरंजन किया। अमिताभ बच्चन का यह अनोखा और भावुक अंदाज पूरे स्टूडियो का माहौल और भी खास बना देगा और फिनाले को एक बड़े जश्न में बदल देगा। यह खास पल तब सामने आएगा जब सेट पर एक स्पेशल एवी चलाया जाएगा, जिसमें सीजन की यात्रा, कहानियां और भावनात्मक लम्हे दिखाए जाएंगे। इस फिल्म को देखकर कंटेस्टेंट्स, ऑडियंस और खुद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो जाते हैं। सभी का जोश बढ़ाने के लिए बिग बी ने खुद बिना रुके गाने का फैसला किया। अमिताभ बच्चन लगातार गाते नजर आएंगे और ऑडियंस खड़े होकर तालियां बजाएगी, चीयर करेगी और उनके साथ गाएगी।




5 YEAR WARRANTY
TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. ‡Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of Splendor+ in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीपः सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिरालीः भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनीः गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाहः उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपालः रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53,
Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिण्डः शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342
RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930